RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 12
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




ब्रिटिश एनएसए से सार्थक बातचीत हुईः जयशंकर

विदेश-10

www.dailypioneer.com

# अजेय भारत का विजय अभियान जारी, अब खिताब की बारी

- मैनचेस्टर का बदला मुंबई में चुकता किया
- न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया, भारत चौथी बार पहुंचा फाइनल में



विराट कोहली
रन- 117
गेंद- 113
चौका- 9
छक्का- 2

मोहम्मद शमी
ओवर- 9.5
विकेट- 7
रन- 57

**भाषा।** मुंबई

**विराट** कोहली ने वनडे में शतकों का अर्धशतक पूरा करके सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि मोहम्मद शमी ने सात विकेट लेकर गेंदबाजी में फिर से कमाल दिखाया, जिससे भारत ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर सेमीफाइनल में हारने के मिथक को तोड़कर चौथी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई।

भारत इससे पहले 1987, 1996, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था। चार साल पहले मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड ने उसका विजय अभियान थामा था, जिसका उसने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हिसाब चुकता किया। भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 397 रन बनाए और इस तरह से विश्व कप के नॉकआउट चरण में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन बनाकर आउट हो गई। अहमदाबाद में रविवार को होने वाले फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। दो बार का चैंपियन भारत इससे पहले 1983, 2003 और 2011 में फाइनल में पहुंचा था। भारत की तरफ से कोहली ने 117 गेंद पर 113 रन, जबकि श्रेयस अय्यर ने 70 गेंद पर 105 रन बनाए। इन दोनों ने 128 गेंद पर 163 रन जोड़े। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने 29 गेंद पर 47 रन की तूफानी पारी खेल कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जबकि बीच में रिटायर्ड हर्ट होने वाले शुभमन गिल ने अंतिम ओवर में वापसी की और कुल 66 गेंद पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। केएल राहुल 20 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय दो विकेट पर 39 रन था जिसके बाद डेरिल मिचेल (119 गेंद पर 134) और कप्तान केन विलियमसन (73 गेंद पर 69 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी की। मिचेल ने अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के लगाए। शमी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 57 रन देकर सात विकेट लेकर भारतीय रिकॉर्ड बनाया। यह पहला अवसर है जबकि भारत के किसी गेंदबाज ने वनडे मैच में सात विकेट हासिल किए। कोहली ने 106 गेंद पर अपना शतक पूरा करके तेंदुलकर के सामने उनका वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वह वनडे में शतकों का अर्धशतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी के दौरान किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक (शेष पेज 9)

## कोहली ने शतकों के अर्धशतक के साथ तेंदुलकर को पीछे छोड़ा

**मुंबई।** विराट कोहली बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए खेल के इतिहास में 50 एकदिवसीय शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद को स्क्वायर लेग पर खेल कर दो रन के साथ 106 गेंद में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने करियर की 279 वीं पारी में शतकों का अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में महान तेंदुलकर की मौजूदगी में यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि 15 नवंबर 1989 को अपने करियर का आगाज करने वाले तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 15 नवंबर (2013) को आखिरी बार भारत के लिए बल्लेबाजी की थी।

# पीएम ने कमजोर जनजातीय समूह मिशन का किया आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में सड़क, रेल बुनियादी ढांचे, शिक्षा कोयला, पेट्रोलियम और गैस के लिए 72000 करोड़ की विकास योजनाएं शुरू कीं

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची/नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में नक्सली हिंसा को कम करने के लिए झारखंड सरकार की पीठ थपथपाई। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में आदिवासियों के उत्थान के लिए पीएम मोदी की प्रमुख योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री की जमकर सराहना की।

दोनों नेता आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद रांची के पास खूंटी में झारखंड स्थापना दिवस पर केंद्र सरकार के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मोदी जहां इंडिया गठबंधन के सहयोग जेएमएम नेता की तारीफ कर रहे थे वहीं उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस पर हमला जारी रखा। प्रधानमंत्री की यह यात्रा राजनीतिक महत्व भी रखती है क्योंकि भाजपा का लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनावों और बड़ी आदिवासी आबादी वाले अन्य राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले झारखंड में आदिवासी मतदाताओं को लुभाना है। इस अवसर पर सोरेन के अलावा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी मौजूद थे।


पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु गांव का दौरा किया और झारखंड में सड़क, रेल बुनियादी ढांचे, शिक्षा, कोयला, पेट्रोलियम और गैस के लिए 72000 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची का नया परिसर, आईआईटी-आईएसएम धनबाद का एक नया छात्रावास, बोकारो में पेट्रोलियम तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) डिपो तथा हटिया-पकरा, तलगरिया-बोकारो और जारंगडीह-पतरातू खंडों में रेल पटरियों का दोहरीकरण शामिल है।

जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें एनएच-133 के महागामा-हंसडीहा खंड के 52 किलोमीटर लंबे खंड को चार लेन का बनाना, एनएच-114 ए के बासुकीनाथ-देवघर खंड के 45 किलोमीटर लंबे खंड को चार लेन बनाना, केडीएच-पूर्णाडीह कोयला संयंत्र का निर्माण और आईआईआईटी-रांची के एक नया शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवन का निर्माण शामिल है। मोदी ने राज्य के 100 गांवों के विद्युतीकरण के लिए सोरेन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन उन्हें उचित मान्यता नहीं मिली। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए चार स्तंभों- महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग एवं गरीबों के सशक्तीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) मिशन (शेष पेज 9)

# सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकाले की कोशिश तेज

- दिल्ली से वायु सेना के तीन विशेष विमान 25 टन भारी मशीन लेकर पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



**उत्तरकाशी** के सिल्क्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में रविवार सुबह से फंसे 40 मजदूरों की जान बचाने के लिए कीमती समय बीतने के साथ अधिकारियों ने बचाव अभियान तेज कर दिया है।

फंसे हुए श्रमिकों के लिए निकास नाली बनाने के लिए 900 मिमी व्यास की स्टील पाइप डालने की योजना में शामिल ड्रिल मशीन में खराबी आने के बाद अधिकारियों ने अब तेजी के साथ मलबे में ड्रिलिंग करने में सक्षम भारी उपकरण इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया है। यह उपकरण बुधवार दोपहर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के तीन सी1-30 विमानों द्वारा उत्तरकाशी जिले में भारत चीन सीमा पर स्थित चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर पहुंचाया गया। जहां से उपकरण को दुर्घटनास्थल पर ले जाया जा रहा है, जिसे बुधवार रात तक वहां पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही इस अत्याधुनिक भारी ड्रिलिंग उपकरण को संचालित करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के निदेशक अंशू मनीष खलखो ने दुर्घटनास्थल पर मीडियाकर्मियों को बताया कि इस मशीन से ड्रिलिंग के काम में तेजी लाएगी। उन्होंने कहा कि मलबे में पाइप पहले ही डाला जा चुका है। ऑपरेशन की निगरानी कर रहे अधिकारी ने बताया कि हैवी ड्रिल मशीन लगने के बाद एक घंटे में चार से पांच मीटर की रफ्तार से ड्रिलिंग की जा सकेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मशीन दस से बारह घंटे में स्टील पाइप (जो इतना चौड़ा है कि मजदूर बाहर निकल सकें) को धकेलने में सक्षम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बचावकर्मी दो पाइपों के जरिए फंसे हुए मजदूरों के संपर्क में हैं, जिनके जरिए भोजन और ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। अधिकारी ने कहा कि बचाव दल बहुमूल्य जिंदगियों को बचाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस के खाई में गिरने से 37 की मौत

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को यात्रियों को लेकर जा रही एक बस सड़क से फिसलकर करीब 300 फुट गहरी खाई में गिर गई जिससे कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जेके02सीएन-6555 पंजीकरण संख्या वाली बस में करीब 56 यात्री सवार थे। यात्रियों से भरी यह बस बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल गई और खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और कुछ शव बरामद किए गए हैं। इस हादसे में मृतकों की संख्या के बढ़ने की आशंका है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यहां एक संदेश में कहा, सुबह करीब 11:50 बजे, जेके02सीएन-6555 पंजीकरण संख्या वाली बस राजमार्ग पर ट्रुंगल-अस्सार में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 36 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। यह बस किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही थी। बचाव अभियान जारी है और घायलों के बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित करने के वास्ते कर्मियों और मशीनरी को काम पर लगाया गया है।

# इजराइल ने गाजा में अल शिफा अस्पताल पर किया जोरदार हमला

- आईडीएफ ने सेना ने गाजा शहर और उत्तर में अपना नियंत्रण बढ़ा दिया है

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उत्तरी** गाजा में टैंक और जमीनी सेना भेजने के ढाई हफ्ते बाद, इजरायली सेना बुधवार तड़के एक अस्पताल में दाखिल हुई जहां नवजात शिशुओं सहित सैकड़ों मरीज फंसे हुए हैं। आइडीएफ का दावा है कि हमास वहां से अपनी गतिविधियां संचालित करता था।

गाजा में अस्पतालों के निदेशक मोहम्मद जकाउत ने कहा कि इजरायली टैंक चिकित्सा परिसर के अंदर थे और सैनिक आपातकालीन और सर्जरी विभागों सहित इमारतों में घुस गए थे, जहां गहन देखभाल इकाइयां हैं। इस जंग में हजारों फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा में भारी तबाही हुई है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर अचानक हमला करने और करीब 1200 लोगों की हत्या करने के बाद इजराइल के साथ उसकी जंग शुरू हो गई। इजराइल का कहना है कि शिफा अस्पताल हमास के नियंत्रण वाला स्थान है।

हमास और गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शिफा में चरमपंथियों की गतिविधियों से इनकार किया है, वहीं फलस्तीनी लोगों और मानवाधिकार सूमहों ने कहा कि इजराइल ने हमास को समाप्त करने की कोशिश में अंधाधुंध तरीके से नागरिकों की जान खतरे में डाली है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मुनीर अल बूर्श ने कहा कि इजराइली बलों ने शिफा में तलघर और अन्य भवनों को तबाह कर दिया। उन्होंने हमला (शेष पेज 9)

# एशलीन ऑस्ट्रेलिया की सबसे कम उम्र की बनीं लेखिका

- ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के करोड़पति माता-पिता की 11 साल की बेटी की 17 कहानियां शीर्षक से किताब प्रकाशित

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली







**आस्ट्रेलिया** में 11 साल की भारतीय मूल की एशलीन खेला अपने मासूम हाथों से लिखे कहानी संग्रह '17 स्टोरीज' से रातों रात अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध लेखिका बन गई हैं। सुनने में यह अजीब लग सकता है कि करोड़पति माता-पिता की बेटी एशलीन ने अपनी पुस्तक प्रकाशित कराने के लिए खुद की जमा पूंजी का इस्तेमाल किया।

इस छोटी सी उम्र में किताब लिखने का जुनून और अपनी कृति को प्रकाशित कराने के लिए खुद का पैसा जुटाना काबिले तारीफ है। जिसने एशलीन खेला को रातों-रात दुनियाभर में ख्याति दिला दी। आस्ट्रेलिया नागरिक के रूप में एशलीन के सबसे कम उम्र की लेखिका बनने के साथ ही उनके माता-पिता जसमीन कौर और अमरजीत सिंह गर्व महसूस कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि यह दंपति मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर से हैं। एशलीन ने अपने सपनों को साकार करने के लिए पिछले दो वर्षों में प्लास्टिक/कांच की बोतलें इकट्ठा कर उन्हें रीसाइक्लिंग स्टेशनों पर ले जाकर पैसे जुटाए।

एशलीन के माता-पिता ने अपने अनुभव पायनियर से साझा किए, उन्होंने बताया कि एशलीन ने अपना गुल्लक को खोला, इसके साथ ही अपने सिडनी स्थित घर में कुछ याका, आम, अमरूद और जैकरांडा के पौधे लगाए और उन्हें ऑनलाइन बेचा। अपने दो साल के प्रवास के दौरान उसने अपने माता-पिता से एक पैसा भी नहीं लिया। एशलीन ने सिडनी से फोन पर पायनियर को बताया कि उसे अपने देश और विदेश से जिस तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, उससे ऐसा लगता है जैसे वह स्वर्ग में है। जब लोग उसे यहां उसके माता-पिता की लोकप्रियता के समान जानते हैं तो मुझे और अधिक गर्व महसूस होता है। अमरजीत ने फोन पर कहा, मेरी बेटी ने कहानी की किताब लिखने वाली देश की पहली सबसे कम उम्र की लड़की बनकर आधिकारिक तौर पर इतिहास रच दिया है। भारतीय होने पर भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सिडनी स्थित हिल्स शायर काउंसिल के मेयर डॉ. डॉक्टर पीटर गंगेमी ने एशलीन को सबसे कम उम्र के प्रकाशित लेखक होने की उपलब्धि स्वीकार करने के लिए अगले महीने आमंत्रित किया है।

बच्चों के लिए '17 स्टोरीज' शीर्षक वाली काल्पनिक कहानी की किताब सप्ताहांत में प्रकाशित हुई और सबसे अच्छी बात यह है कि किताब के कवर के साथ-साथ सभी चित्रों को खुद एशलीन ने डिजाइन किया है। एशलीन ने कहा कि पुस्तक से होने वाली आय कैंसर काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया, चिल्ड्रन स्टारलाइट फाउंडेशन और विकासशील देशों के वंचित बच्चों को दान की जाएगी। किशोर लेखिका ने कहा कि भविष्य में वह विकासशील देशों में वंचित बच्चों की सहायता के लिए अपनी स्वयं की चैरिटी स्थापित करने की योजना बना रही है। हालांकि उसकी इच्छा डॉक्टर बनने की है। बहरहाल, लिखना हमेशा (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 नवंबर, 2023



# एयरपोर्ट के पास लगेगी भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा

● 260 फीट की प्रतिमा स्थापित करने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर के पास बन रहे जेवर एयरपोर्ट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। खबर आई है कि ग्रेटर नोएडा के पास निर्मित हो रहे जेवर एयरपोर्ट की ठीक बगल में भगवान शिव की एक भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थापित होने वाली भगवान शिव की यह मूर्ति दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। इस मूर्ति को स्थापित करने की अनुमति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही दे चुके हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि सीएम योगी भगवान शिव के साधक, उपासक भगवान शिव के मार्ग पर चलने वाले योगी हैं।

गौरतलब है कि अभी तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित ईशा योग परिसर में भगवान शिव की सबसे ऊंची 112 फीट की प्रतिमा स्थापित है। आदि योगी की 112 फीट की ये प्रतिमा पूरे विश्व में शिव जी की सबसे ऊंची प्रतिमा है, लेकिन अब जेवर एयरपोर्ट के नजदीक आदि योगी की प्रतिमा से भी दो गुना अधिक ऊंचाई की, 260 फीट ऊंची शिव जी की प्रतिमा स्थापित होने वाली है। ये ग्रेटर नोएडा की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के नजदीक शिवजी की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति मिल चुकी है, हालांकि एयरपोर्ट के नजदीक होने की वजह से प्रतिमा स्थापित करने के लिए विमानन मंत्रालय से भी अनुमति लेना आवश्यक है, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के लिए बता दें जेवर एयरपोर्ट के नजदीक शिवजी की बड़ी प्रतिमा बनाने का प्रस्ताव ईशा फाउंडेशन द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया है। ईशा फाउंडेशन वहीं संस्था है जिसने तमिलनाडु के कोयंबटूर में आदि योगी की 112 फीट की प्रतिमा की स्थापना की है। फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने मूर्ति स्थापना के विषय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खास बातचीत भी की। नोएडा में शिव जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए फाउंडेशन ने सरकार से 200 एकड़ जमीन की मांग की है, जिसके लिए जेवर एयरपोर्ट के करीब स्थित अमरपुर पलाका गांव का चयन किया गया है। जेवर एयरपोर्ट के नजदीक शिवजी की 260 फीट ऊंची प्रतिमा बनाने के लिए सर्वप्रथम विमानन मंत्रालय की अनुमति हेतु वार्तालाप के निर्देश दिए जा चुके हैं। खबरों के मुताबिक विमानन मंत्रालय द्वारा प्रतिमा की ऊंचाई को लेकर मौखिक सहमति दी जा चुका है। अभी लिखित अनुमति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण लाएगी आवासीय प्लॉट की स्कीम




**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नजदीक बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) के पास अपने सपनों का घर बनाने से चूक गए लोगों को एक बार फिर जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का सुनहरा मौका मिलेगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण कुछ महीनों के इंतजार के बाद जल्द ही जेवर एयरपोर्ट के पास आवासीय प्लॉट की स्कीम लाएगी। आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट के पास आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक, शैक्षणिक संस्थानों के विकास का काम यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह को जेवर एयरपोर्ट के पास विकास करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यीडा के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने अभी हाल ही में जेवर एयरपोर्ट के पास आवासीय प्लॉटों की स्कीम लांच की थी। 1184 प्लॉटों की यह स्कीम काफी हिट साबित हुई है। स्कीम के हिट होने के बाद दिल्ली-एनसीआर के अलावा देश भर के लोगों की नजर जेवर एयरपोर्ट पर टिकी हुई है। यीडा ने पिछले दिनों 120 वर्ग मीटर से लेकर 2000 वर्ग मीटर की आवासीय प्लॉटों की स्कीम निकाली थी। जिसके लिए 1 लाख 40 हजार आवेदकों ने अपने ऑन लाइन आवेदन किये थे।

# गोवर्धन पूजा के दौरान खूनी खेल, किशोर को उतारा मौत के घाट, तीन लोग घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● बाइक हटाने के विवाद में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे

ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र के मोहबलीपुर गांव में बीती रात पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने पड़ोसी के घर पर धावा बोलकर गोवर्धन पूजा कर रहे लोगों पर फायरिंग की गोली लगने से एक किशोर की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। ग्रेटर नोएडा में इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है।

ग्रेटर नोएडा के ग्राम मोहबलीपुर निवासी राकेश का कुछ माह पूर्व पड़ोस में रहने वाले सोनू से खेत से भुट्टा तोड़ने को लेकर वाद विवाद हो गया था। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों तरफ से ही थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस बात को लेकर दोनों पक्ष के बीच रंजिश चली आ रही थी। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में राकेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि वह अपने घर में गोवर्धन पूजा कर रहे थे। इस दौरान सोनू , गौरव, शिव, धर्मेंद्र, रंजीत, अभिराज, निशांत व दो अन्य अज्ञात लोग जबरन उनके घर में घुस आए और गाली गलौज शुरू कर दी। सभी आरोपी हथियारों से लैस थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गोवर्धन पूजा कर रहे लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा चलाई गई एक गोली उनके बेटे मोहित के माथे में लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान फायरिंग में नरेंद्र व हरेंद्र उर्फ कपिल भी गोली लगने से घायल होकर गिर गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मोहित व अन्य लोगों को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल पहुंचाया जहां मोहित की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे जेपी अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान मोहित ने दम तोड़ दिया।

ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि बीती रात बाइक हटाने के विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई जो मारपीट में तब्दील हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से लाठी डंडे चले।



सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पर जन-सामान्य को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय में जानकारी दी।

# एक्सप्रेस-वे पर चलती डबल डेकर बस में आग

● बिहार के सीवान जा रही थी बस, 60 यात्रियों ने वक्त रहते कूदकर बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा से बिहार के सीवान जा रही एक डबल डेकर बस में आग लग गई। आग फैली इससे पहले ही सवारियां बाहर आ चुकी थी। आग नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के सेक्टर-96 के पास लगी। घटना करीब सवा तीन बजे की है।

मौके पर लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को फोन किया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। जिस समय गाड़ियां पहुंची आग लगी हुई थी। करीब 25 मिनट की क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद बस को एक्सप्रेस वे के साइड में किया गया। इन दिनों छठ पर्व के चलते बिहार को जाने वाले बसों की संख्या बढ़ गई है। ये बस भी निजी बस आपरेटर द्वारा संचालित की जा रही थी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है।



सवारियां बस से उतर गई। इसके बाद बस में केबिन में आग फैल गई। यहां तेजी से आग फैली। उन्होंने बताया कि बस में लगभग 60 सवारी थी। बस जो सेक्टर 37 से चलाकर सीवान बिहार के लिए जा रही थी। बस में करीब 60 सवारियां थी जो बिहार के सीवान जा रही थी। ये बस नोएडा के सेक्टर-37 से चलती है। फिलहाल बस आपरेटर ने दूसरी मंगवा कर लोगों को वापस सेक्टर-37 छोड़ा है। लोगों ने बताया कि आग लगते ही बस से लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर ने किसी तरह बस सड़क किनारे लगाई इसके बाद वो भी कूद गया।

एक्सप्रेस वे पर बस में आग लगने से यातायात जाम को हो गया। हालांकि कुछ वाहन चालक जलती बस के बगल से निकलते दिख रहे थे। ये जानलेवा भी है। जाम लगने के बाद पीछे की गाड़ियों को सर्विस लेन से निकाला गया।

आग बुझाने के बाद एक्सप्रेस वे को वाहनों के लिए खोल दिया गया। बस में आग लगी रही लोग दूर जाने की बजाय उसकी डिक्की से अपना सामान निकलते नजर आए। बस की डिक्की में एक शख्स अंदर बैठकर लोगों को बाहर सामान देता रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कैशियर से लूट मामले में सात लुटेरे गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद थाना लोनी बॉर्डर पुलिस कमिश्नर और 6 टीमों ने 6 नवंबर को कैशियर से 4.30 लाख रुपये लूटे जाने की घटना का पर्दाफाश किया है। और पुलिस ने इस मामले में लूट करने वाले सात शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे में एक लाख 60 हजार रुपये नकद, लूट में प्रयोग की हुई मोटर साइकिल, दो अवैध तमंचे व चार जिंदा कारतूस और दो अन्य चोरी की साइकिल बरामद की है। गाजियाबाद ग्रामीण केडीसीपी ने बताया कि 6 नवंबर को महेंद्र यादव वादी द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की गई थी जिसमें संतोष बिहार इंद्रपुरी से कैशियर कलेक्शन लेकर आ रहा था और रास्ते में लुटेरों ने उनसे 4.30 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से टीम गठित करके जांच शुरू कर दी। थी। डीपी ग्रामीण गाजियाबाद ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि इस बाबत 11 नवंबर को एक शातिर बदमाश गिरफ्तार किया गया था और 6 बदमाशों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। टोटल 7 बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि बदमाशों में मुख्य नाम यश करण, मयंक सचिन, करण और बाबा कुणाल, गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### एचसीएल के इंजीनियर का लैपटॉप व मोबाइल चोरी

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव से चोरों ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर का लैपटॉप में मोबाइल फोन चोरी कर लिया। नोएडा के पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मूल रूप से प्रयागराज निवासी कुमार गौरव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में सर्फाबाद गांव में किराए पर रह रहा है और एचसीएल टेक कंपनी में जॉब करता है। बीते 1 नवंबर की रात्रि को वह अपने कमरे में सोया हुआ था कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान किसी चोर ने मौका पाकर उनके कमरे से लैपटॉप, मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। शिकायत मिलने पर पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर लिया जाएगा।

### दबंगों ने देवर-भाभी को लाठी-डंडों से पीटा

**नोएडा।** थाना दादरी क्षेत्र के दौलत राम कॉलोनी में दबंग युवकों ने घर में घुसकर देवर-भाभी के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक धमकी देकर फरार हो गए। ग्रेटर नोएडा के दौलतराम कॉलोनी निवासी पिंकी भाटी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह दीपावली को अपने देवर के साथ रिश्तेदारों से मिलकर घर वापस लौट रही थी। जब वह अपने घर के पास पहुंची तो उसका पड़ोसी अक्षय पुत्र राजेश मास्टर उनके गली में गाड़ी लेकर खड़ा था और उनके बेटे लकी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। पिंकी के मुताबिक उसने अक्षय को समझाने का प्रयास किया तो वह गाली गलौज पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चला गया। देर रात्रि वह अपने परिवार के सदस्य गोलू, बादल व हर्ष आदि के साथ ग्रेटर नोएडा उनके घर पहुंचा और उनके देवर कमलजीत भाटी के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से कमलजीत भाटी पर हमला बोलकर उन्हें अधमरा कर दिया।

### आईजीएल गैस पाइपलाइन में लगी आग, हादसा टला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रेटर नोएडा में साइट बी स्थित एक कंपनी के बाहर से निकल रही आई जी एल की गैस पाइपलाइन में आग लग गई। आग को समय रहते बुझा लिया गया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। गौतमबुद्धनगर के चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र में स्थित साइट बी में स्थित एक कंपनी के सामने से निकल रही आईजीएल गैस की पाइपलाइन की मरम्मत का काम किया जा रहा था। मरम्मत के दौरान अचानक गैस पाइपलाइन में आग लग गई। पाइपलाइन में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी फैल गई।

### ग्रैप-3 व ग्रैप-4 प्रतिबंध हटाने की मांग

**गाजियाबाद।** क्रेडाई एनसीआर ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निदेशक को पत्र लिखकर ग्रेप-3 और ग्रेप 4 प्रतिबंध हटाने की मांग की है। क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौर समूह के सीएमडी मनौज गौड़ और क्रेडाई एनसीआर के सचिव गौरव गुप्ता ने पत्र में कहा कि 13,000 से अधिक रियल एस्टेट डेवलपर्स/सदस्यों के साथ क्रेडाई का एनसीआर चैप्टर है। 21 राज्यों और 230 शहर चैप्टरों में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध से सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही बेरोज़गारी और घर खरीदारों को फ्लैट का कब्ज़ा मिलने में देरी हो रही है। वर्तमान में दिवाली के बाद एक्यूआई 400 से कम है और इसलिए उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्रैप 3 और ग्रैप 4 प्रतिबंध हटाए जाए।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Limited Vs. Nawab Shah, CS (COMM) No.29/23 | Vehicle No- DL9CAK6595, Make & Model- MARUTI SUZUKI ERTIGA LDI, Manu. Year- 2015 |
| ICICI Bank Vs Sonu Kumar, CS No. 1170/17 | Vehicle No. UP16BE4930, Make and Model- HYUNDAI i 20 ASTA DSL 1.4, Manu Year- 2016 |

**Auction Date: November 24, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No.166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708) / Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal tower Plot no. 23, New Rohtak Road Karol Bagh, Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Virender Kumar Shukla S/o L.N Shukla R/o : 16/666, Gali No. 13, Bapa Nagar, Karol Bagh, New Delhi-110005, I have changed my name Virender kumar Shukla to Virender Shukla for all purpose in future.
PD(196)A

I Mahander S/o Bhoop Singh R/o : 52/41 H, Gali No. 17, Nai Basti, Anand Parbat, Cenrtral Delhi-110005, I have changed my name Mahander to Mahender for all purpose in future.
PD(197)A

**HIMALAYA FOOD INTERNATIONAL LIMITED**
Regd. Office: 118, 1st Floor, 12 Gagandeep Building, Rajendra Place, New Delhi-110008
Tel. +91 11 45108609, Fax: +91 1704 225178
E-mail id: cs@himalyainternational.com | website: www.himalayafoodcompany.com

**EXTRACT OFUN-AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2023**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half year ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 31.03. 2023 (Audited) |
| 1. | Total Income fromOperations Operations | 1106.68 | 1052.90 | 1755.43 | 2159.58 | 3382.39 | 9751.16 |
| 2. | Net Profit for the period (before tax & exceptional items) | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 819.43 | -2470.76 |
| 3. | Net Profit for the period before Tax (after exceptional items) | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 169.43 | -2470.76 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 169.43 | -2419.76 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 169.43 | -2419.76 |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per share) | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 7. | Earnings Per Share | | | | | | |
| | i) Basic in Rs. | 0.18 | 0.10 | 0.77 | 0.27 | 0.29 | -4.18 |
| | ii) Diluted in Rs. | 0.18 | 0.10 | 0.77 | 0.27 | 0.29 | -4.18 |

Notes:
1. The above unaudited results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at its meeting held on November 14, 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial results for the Quarter/ Half year ended September 30, 2023filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaidUnaudited Financial results for the Quarter/ Half year ended September 30, 2023are available on BSE Limited (www. bseindia.com) and the Company website (www.himalayafoodcompany.com).
3. Additional information on standalone financial results is as follows:

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half year ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| 1. | Income from Operations | 1106.68 | 1052.90 | 1755.43 | 2159.58 | 3382.39 | 9751.16 |
| 2. | Profit before tax | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 169.43 | -2470.76 |
| 3. | Profit after tax | 102.28 | 55.04 | 444.58 | 157.32 | 169.43 | -2419.76 |

For and on behalf of the Board
Sd/-
Man Mohan Malik
Managing Director
(DIN: 00696077)

Date:14.11.2023
Place:Paonta Sahib

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील करवटकर/ दक्षा सुनील करवटकर/ LBDEL00002003182 | फ्लैट नंबर 104, एफएफ सत्यम टॉवर, एस क्यूब, रेजीडेंसी ओल्ड, पद्रा रोड वडोदरा/ नवंबर 09, 2023 | जनवरी 30,2020 रु. 31,77,928/- | दिल्ली/ एनसीआर & वडोदरा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 16, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फूटेचो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड/संगीता मुकुल/ रूबी/ मृत्युंजय गुप्ता/ '343405000254 | आवासीय संपत्ति फ्लैट नंबर 09, दूसरी मंजिल सीएसआर ओपेरा, साइट नंबर 16, 17 और 18 कथा संख्या 10/4-16, 10/4-17 और 10/4-18 सीएमसी कथा संख्या 125,126 और 127 मुनेकोलाला वरथुर होबली बैंगलोर पूर्व तालुक, कर्नाटक बेंगलुरु/नवंबर 10, 2023 | मई 02, 2023 रु. 47,03,061.00/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 16, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

INDAG
**इन्डैग रबर लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038
पंजी. कार्यालय : खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 011-26963172-73, ई-मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अधीन और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 42 तथा 43 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि 14 नवंबर, 2023 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए रूपये 2/- प्रति इक्विटी शेयर के लिए अंतरिम लाभांश रूपये 0.90/- प्रति इक्विटी शेयर घोषित किया है।
लाभांश उन सदस्यों को दिया जाएगा, जिनका नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में रिकॉर्ड दिनांक यानी 24 नवंबर, 2023 में दिखाई देता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 15 नवंबर, 2023
स्थान : नई दिल्ली

**UDAY BUILDWELL PRIVATE LIMITED**
CORPORATE OFFICE: 310, PALM SPRING PLAZA,SECTOR-54, GOLF COURSE ROAD, GURUGRAM, HARYANA-122001
Email Id: udaybuildwell@gmail.com, Telephone: 9871833428
CIN: U45400DL2008PTC175635

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, we Uday Buildwell Private Limited are in the process of undertaking of development of Commercial Colony (under left over land pocket policy) in village Kanhai, Sector-45, District Gurugram, Haryana, over an area measuring 0.375 acres (in addition to 0.65 acres, licence no. 204 of 2022 Dt. 13.12.2022) in accordance with the license granted for an Commercial Colony, licence no. 189 of 2023 Dt. 15.09.2023 by Director General, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh.
And whereas, the Building Plan earlier approved at the time of grant of license for the said colony is now proposed to be revised on account of request made by Uday Buildwell Private Limited for revision of Building Plan of the said colony.
And whereas, the office of Director, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh has required seeking of objections against the revision of Building Plan, as a pre-condition for allowing such revision in the Building Plan. Accordingly vide this public notice objections are hereby invited from any of the public in the said colony on the proposed revision of the Building Plan of the said colony. A copy of the earlier approved Building Plan bearing memo no. ZP-1712/PA(DK)/2023/9627, dated 05.04.2023 & Zoning Plan bearing drawing no. 8845, dated 14.12.2022 and the Building Plan now proposed to be revised (in principally approved) bearing memo no. ZP-1712/PA(DK)/2023/38531, dated 10.11.2023 & Approved Demarcation cum Zoning Plan bearing drawing no. 9607, dated 15.09.2023 is available for perusal at our office and also on website i.e. https://www.udaybuildwell.com and also displayed at our site office for information. The said Revised Building Plan can also be perused at the office of undersigned as well as in the office of Senior Town Planner, Gurugram. Any public having any objection on the proposed revision in the approved Building Plan, may file his objection in the office of Senior Town Planner, Gurugram, within 30 days of the publication of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed revision of the Building Plan.

Place: Gurugram
Date : November 15, 2023

Subhash Rustogi
(Auth. Representative)

# वायु गुणवत्ता फिर गंभीर श्रेणी में पहुंची

## आसमान में छाई जहरीली धुंध की चादर, प्रतिबंध और कड़े कदम उठाने के बावजूद नहीं मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के आसमान में छाई जहरीली धुंध की चादर बुधवार को और घनी हो गई और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच हवा की गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्माण कार्य और शहर में डीजल चालित ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध सहित कई कड़े कदम उठाने के बावजूद पिछले कुछ दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट आई है।

वायु गुणवत्ता की निगरानी में विशेषज्ञता रखने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक, मंगलवार को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली पहले स्थान पर, ढाका दूसरे, लाहौर तीसरे और मुंबई चौथे स्थान पर थी। प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों के योगदान की पहचान करने के लिए पुणे स्थित भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित एक प्रणाली के अनुसार, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में पराली जलाने की घटनाओं की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को इसके 11 फीसदी और शुक्रवार को चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।



सरकार के तमाम दावों के बाद भी यमुना नदी के सतह पर जहरीले झाग देखे जा रहे।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि दिल्ली में प्रदूषण के एक अन्य प्रमुख कारण परिवहन ने पिछले कुछ दिनों में दिल्ली की खराब हवा में 12 से 15 प्रतिशत का योगदान दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना का अंतिम चरण, जिसे क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) कहते हैं, अगले आदेश तक जारी रहेगा। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण कार्य और प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध सहित कड़े कदम उठाए गए हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि अगर एक्यूआई 400 का आंकड़ा पार करता है तो दिल्ली सरकार वाहनों के परिचालन को सीमित करने से संबंधित सम-विषम योजना लागू कर सकती है। शुक्रवार को बारिश के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के बाद सरकार ने पिछले सप्ताह सम-विषम योजना के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया था। योजना के तहत कारों को उनके पंजीकरण संख्या के विषम या सम अंतिम अंक के आधार पर वैकल्पिक दिनों में संचालित करने की अनुमति दी जाती है।

चिकित्सकों का कहना है कि दिल्ली की प्रदूषित हवा में सांस लेना एक दिन में लगभग 10 सिगरेट पीने के हानिकारक प्रभावों के बराबर है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और श्वसन संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं या बढ़ सकती हैं और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

# फर्जी डॉक्टर समेत चार गिरफ्तार

### सर्जरी के बाद मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में एक क्लीनिक में सर्जरी के बाद 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में कथित संलिप्तता को लेकर एक फर्जी चिकित्सक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दिल्ली पुलिस ने क्लिनिक को सील कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि पूर्व तकनीशियन महेंद्र ने कथित तौर पर आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) की फर्जी डिग्री हासिल की और ग्रेटर कैलाश-एक में क्लीनिक में काम करने लगा।

महेंद्र को क्लीनिक के मालिक और दो अन्य कर्मियों के साथ को गिरफ्तार कर लिया गया है। कर्मियों ने भी उनके पास एमबीबीएस डिग्री होने का दावा किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, उनके प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि चार लोगों को एक मरीज की सर्जरी में शामिल पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित को मामूली स्वास्थ्य समस्या के कारण भर्ती कराया गया था। मरीज के परिजनों का कहना है कि आरोपी ने ही सर्जरी की थी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को क्लीनिक में चिकित्सकों द्वारा मरीजों के गलत इलाज के संबंध में विभिन्न लोगों से 12 से अधिक शिकायतें पहले भी मिल चुकी हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि 2022 में एक महिला को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। डॉ. महेन्द्र को अस्पताल में ऑन कॉल सर्जरी के लिए बुलाया गया था। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि महिला का प्रसव बिना सर्जरी के ही हो गया था, लेकिन डॉक्टर ने प्रसव के बाद उसकी सर्जरी की जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले की जांच की और उसके बाद अब मामले में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महेन्द्र दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ डॉक्टर के पास टैक्निशियन का काम करता था।




### श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने पंजाब खोड़ से कंझावला तक किया निरीक्षण

# ग्रैप-4 का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

श्रम मंत्री राज कुमार आनंद दिल्ली एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों व मंत्रियों को ग्रैप चार का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आनंद ने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी मंत्री ग्राउंड जीरों पर लगातार सक्रिय है और प्रदूषण को कम करने की इस मुहिम में आम लोगों से सहयोग का अनुरोध कर रहे है। प्रदूषण को रोकना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

मंगलवार की रात श्रम मंत्री ने पंजाब खोड़ से कंझावला तक निरीक्षण किया। इससे पहले सिंघु बॉर्डर पर दौरे के दौरान संबंधित एसडीएम द्वारा बैनर लगाने पर नोटिस जारी कर त्वरित कार्रवाई की गई।



ये बैनर सिंघू बॉर्डर और सिंघु बॉर्डर से 150 मीटर आगे कोंडली बॉर्डर पर लगाए जाएंगे। जिसमें प्रमुखता से हिंदी में ग्रैप चार के नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, ग्रैप चार के आवेदन पर व्यापक जानकारी प्रदान करने वाले हिंदी में ब्रोशर वितरित करने के लिए एक अस्थायी शिविर स्थापित किया गया है।

# बामनोली भूमि मामला : सीएम ने एलजी को भेजी जांच रिपोर्ट

- मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर प्रथम दृष्टया मिलीभगत का लगा है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उप राज्यपाल वीके सक्सेना को सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट भेजी है जिसमें बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर प्रथम दृष्टया मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सतर्कता मंत्री आतिशी ने मंगलवार को केजरीवाल को रिपोर्ट सौंपी हैं, जिसमें दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई है।



सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सतर्कता मंत्री को यह रिपोर्ट केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो तथा प्रवर्तन निदेशालय को भी भेजने के निर्देश दिए हैं। भूमि अधिग्रहण का मुआवजा 41 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपए कर दिया गया था लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सौदे में अनुचित लाभ का स्तर 897 करोड़ रुपये से अधिक था। वहीं, मुख्य सचिव कुमार ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट एक शिकायत के संबंध में की गई जांच पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नियुक्त किया था जो बामनोली में लाभान्वित भूमि मालिकों का रिश्तेदार था।

## मुख्य सचिव के बचाव में उतरी भाजपा

**नई दिल्ली।** मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एलजी को की गई कार्रवाई की सिफारिश के बीच प्रदेश भाजपा मुख्य सचिव के बचाव में उतर गई है। भाजपा ने दागी अधिकारियों पर आप नेताओं की चुप्पी पर सवाल भी उठाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि वह सीएस के खिलाफ दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी की हताशा को अच्छी तरह से समझ सकते हैं क्योंकि वह मुख्यमंत्री या दिल्ली सरकार के मंत्रियों के खिलाफ विभिन्न मामलों की जांच कर रहे हैं, जिनमें शराब घोटाला और सीएम बंगला घोटाला जैसे प्रमुख मामले हैं। वीरेंद्र सचदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल खुद मुख्य सचिव द्वारा की जा रही जांच से डरते हैं और उन पर जांच रोकने का दबाव बनाने के लिए केजरीवाल सरकार ने भूमि मुआवजे के एक मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ नई जांच रिपोर्ट में हेरफेर किया है जबकि उसकी पहले ही जांच चल हो चुकी है। यह मंत्री आतिशी की बौखलाहट घबराहट थी जिसके चलते उन्होंने एक जांच हो चुके मामले की पुन: जांच रिपोर्ट बनवाई।

# जीटीबी अस्पताल का दौरा करें स्वास्थ्य मंत्री : मुख्यमंत्री



जीटीबी अस्पातल में शौचालयों में गंदगी का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल।

- मरीज ने की थी जीटीबी अस्पताल में शौचालयों में गंदगी की ऑनलाइन शिकायत

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को पूर्वी दिल्ली में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एक अस्पताल का दौरा करने तथा प्रतिष्ठान में सुविधाओं में सुधार के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी।

मंलगवार देर रात एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में जीटीबी अस्पताल में शौचालयों में गंदगी की शिकायत की थी जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने यह पोस्ट किया।

एक उपयोगकर्ता ने आरोप लगाया, दिल्ली के बीमार अस्पताल शौचालय गंदे हैं, मरीजों, उनके तीमारदारों, कर्मचारियों को शौचालयों के सामने से निकलते हुए नाक पर कपड़ा रखना पड़ता है। अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था एकदम शून्य है...। व्यक्ति ने साथ ही एक फोटो भी साझा की थी।

केजरीवाल ने इसी पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, मैंने स्वास्थ्य मंत्री को अधिकारियों के साथ आज ही अस्पताल जाने और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि दिल्ली सरकार की तरफ से अच्छी सुविधाओं को दावा होता रहा है।

# सीएम-एलजी प्रदूषण चर्चा के लिए बुलाएं सर्वदलीय बैठक

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में पूर्व मंत्रियों की शैडो कैबिनेट में श्वेत पत्र जारी कर दिए सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में दिल्ली कांग्रेस की सरकार के पूर्व मंत्रियों की शैडो कैबिनेट में प्रदूषण नियंत्रण पर श्वेत पत्र जारी कर सुझाव दिए।

लवली ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिए तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति का गठन करने का सुझाव दिया।

अरविन्दर सिंह लवली ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पूर्व मंत्रियों के साथ हुई बैठक में प्रदूषण को लेकर बढ़ती समस्याओं और उसके सुझावों के बारे में चर्चा हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री



हारुन युसूफ, राजकुमार चौहान, मंगतराम सिंघल, कृष्णा तीरथ, डा. नरेन्द्र नाथ, रमाकांत गोस्वामी और प्रो. किरण वालिया के साथ निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर, जगजीवन शर्मा और अनुज आत्रेय भी मौजूद थे। लवली ने बैठक में दो प्रस्ताव पारित किये कि प्रत्येक वर्ष बढ़ते प्रदूषण से दिल्ली वालों को को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाए और सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश कि निगरानी में एक कमेटी बनाई जाए जिसमें पर्यावरण विशेषज्ञ भी शामिल हो, यह कमेटी नवम्बर के महीने में प्रदूषण बढ़ने के कारण और प्रदूषण से होने वाले नुकसान पर नजर रखे।

लवली ने मांग की कि प्रदूषण नियंत्रण करने और लोगों को बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस की भांति केन्द्र सरकार भी श्वेत पत्र जारी करें। राजधानी में 20,000 बसें परिवहन व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए चाहिए।

# मेरी आवाज दबाने के लिए गिरफ्तार किया : संजय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने जेल से देशवासियों को संबोधित एक पत्र लिखकर कहा है कि उनकी आवाज दबाने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

सिंह को दिल्ली में कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में पांच अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है। भाजपा और उसके नेतृत्व वाली सरकार के मुखर आलोचक सिंह ने दावा किया कि उनकी आवाज दबाने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जेल में हर गुजरते दिन के साथ तानाशाही सत्ता से लड़ने का उनका दृढ़ संकल्प और शक्ति बढ़ रही है।

राज्यसभा सदस्य ने पत्र में कहा, संघर्ष की कोख से जन्मी आप ने भारतीय राजनीति में आशा और विश्वास पैदा किया है। केजरीवाल के नेतृत्व में, केवल 10 वर्षों में आप एक राष्ट्रीय पार्टी बन गई। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से, देश भर में कई सरकारें बनीं, लेकिन केजरीवाल सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्य देश और दुनिया में एक उदाहरण बने।

# केजरीवाल की छवि खराब करने का अभियान चला रही भाजपा : राघव

- आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग से करेगी शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर उसके राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक और भ्रामक अभियान चलाने का आरोप लगाया और कहा कि वह निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी।

आप नेता राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मुलाकात का वक्त मांगा है ताकि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शिकायत दर्ज करा सके। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एक दिन पहले ही निर्वाचन आयोग ने आप के सोशल मीडिया खाते पर प्रधानमंत्री के खिलाफ पार्टी द्वारा की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए केजरीवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था । चड्ढा ने आरोप लगाया, भाजपा केजरीवाल के खिलाफ भ्रामक, अपमानजनक अभियान चला रही है। एक्स पर दिल्ली भाजपा के खाते से पांच नवंबर को एक पोस्ट साझा किया गया था और इसे राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में पार्टी के आधिकारिक खाते से भी पोस्ट किया गया था।




# डीपफेक वीडियो: बिहार के युवक से पूछताछ

- संदिग्ध का दावा- इंस्टाग्राम से किया था वीडियो डाउनलोड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो मामले में बिहार के 19 वर्षीय एक युवक से पूछताछ की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस को संदेह है कि युवक ने पहले अपने सोशल मीडिया मंच पर वीडियो अपलोड किया फिर इसे अन्य मंचों पर साझा किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युवक को जांच के लिए नोटिस भेजा गया था क्योंकि उसके अकाउंट से पहली बार सोशल मीडिया मंच पर वीडियो साझा किया गया था।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स यूनिट में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी के लिए सजा) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई के तहत 10 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि इस संबंध में फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा, हालांकि उसने (युवक ने) कहा है कि उसने किसी इंस्टाग्राम अकांउट से वीडियो डाउनलोड किया है, लेकिन हम उससे पूछताछ कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि बिहार के रहने वाले इस युवक को आईएफएसओ यूनिट के सामने पेश होने और अपना मोबाइल फोन लाने के लिए कहा गया था जिसके बारे में उसने दावा किया है कि इसका इस्तेमाल वीडियो अपलोड करने के लिए किया गया था।

प्राथमिकी दर्ज करने के तत्काल बाद आईएफएसओ शाखा ने मेटा को आरोपी की पहचान करने के वास्ते यूआरएल और अन्य विवरण प्राप्त करने के बारे में लिखा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अदालत ने हत्या के मामले में तीन आरोपियों को किया बरी

## कोर्ट ने लचर जांच पर फटकार लगाते हुए कहा, वास्तविक हत्यारा फरार निर्दोषों पर चल रहा मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यहां की एक अदालत ने 2014 में हुई हत्या के एक मामले में तीन लोगों को बरी करते हुए दिल्ली पुलिस के एक जांच अधिकारी (आईओ) को फटकार लगाई और कहा कि वास्तविक हत्यारा फरार है जबकि निर्दोषों पर मुकदमा चलाया गया।

अदालत ने कहा कि लचर तरीके से जांच करने के अलावा जानबूझकर वास्तविक अपराधी को बचाने का प्रयास किया गया। इसने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला नरबलि का प्रतीत होता है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा दिसंबर 2014 में यहां बवाना इलाके में एक क्षत-विक्षत शव मिलने के मामले की सुनवाई कर रहे थे और इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सरकारी वकील ने दावा किया कि मृतक मंजीत और गिरफ्तार किए गए तीन लोग नशे के आदी थे और घटना के दिन मंजीत ने उनके साथ मादक पदार्थ साझा करने से इनकार कर दिया था, जिससे आरोपी नाराज हो गए और उसकी हत्या कर दी। न्यायाधीश ने अपने हालिया फैसले में कहा, आरोपी व्यक्तियों, मृतक के रक्त के नमूने और घटनास्थल से बरामद वस्तुओं में किसी भी मादक पदार्थ की मौजूदगी न होने से अभियोजन पक्ष का यह दावा पूरी तरह से खारिज हो जाता है कि वे सभी घटनास्थल पर मादक पदार्थ का सेवन कर रहे थे और उनके बीच इसे साझा करने को लेकर विवाद हुआ, जिसके परिणामस्वरूप हत्या कर दी गई।




अदालत ने आश्चर्य जताया कि अपराध के लिए कथित हथियार ब्लेड का इस्तेमाल मृतक के सिर को काटने और उसके शरीर को इस तरह से क्षत-विक्षत करने के लिए कैसे किया जा सकता है कि उसकी छाती की हड्डियां तक दिखाई दे रही थीं। इसने कहा कि जांच अधिकारी ने मंजीत के सिर का पता लगाने का कोई प्रयास नहीं किया और आरोपी का इसे छिपाने का कोई उद्देश्य नहीं था। अदालत ने कहा, घटनास्थल से नरबलि के संकेत मिले, लेकिन आईओ ने इस संदर्भ में जांच नहीं करने का विकल्प चुना।

इसने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे उनके खिलाफ मामला साबित करने में विफल रहा है। अदालत ने संबंधित पुलिस उपायुक्त को आईओ के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# एमडीएनआईवाई निदेशक नियुक्ति के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक के रूप में ईश्वरप्पा वीरभद्रप्पा बसवरेड्डी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। एमडीएनआईवाई, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि बसवरेड्डी के पास पद पर नियुक्ति के लिए अपेक्षित योग्यता नहीं थी और उन्होंने नियुक्ति संबंधी कथित गलत और मनगढ़ंत जानकारी पेश की थी। इस महीने की शुरुआत में पारित एक आदेश में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बसवरेड्डी की प्रोफाइल संस्थान के निदेशक के अनुरूप है।

# 2018 से लापता लड़की के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करे पुलिस

- मां की याचिका पर उच्च न्यायालय ने जारी किए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस से उस लड़की के मामले में मजिस्ट्रेट के समक्ष त्रैमासिक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है, जो पिछले पांच वर्षों से लापता है। लापता होने के समय लड़की नाबालिग थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि लड़की का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए हैं और प्राथमिकी की जांच भी लंबित है लेकिन उसके बारे में कोई सुराग नहीं लगा है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की पीठ ने कहा, मामले में दर्ज प्राथमिकी की जांच लंबित है और लापता लड़की का कोई सुराग नहीं मिला है, जो लापता होने के समय 14 वर्ष की थी।

पीठ ने कहा, ऐसे में हम संबंधित पुलिस अधिकारियों को संबंधित मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष त्रैमासिक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए वर्तमान रिट याचिका का निपटारा करते हैं और यदि लापता लड़की के बारे में कोई सुराग मिलता है, तो इस बारे में याचिकाकर्ता को सूचित किया जाए।

अदालत लड़की की मां की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि वह अगस्त 2018 में बेटी लापता है।

# देशभर में ठगी के 53 आरोपी गिरफ्तार कर 56 करोड़ की ठगी का गुरुग्राम पुलिस ने किया खुलासा

## इन ठगों ने अकेले अक्टूबर माह में देशभर में 12669 केसों में की थी ठगी

### 12669 केसों में 22 केस गुरुग्राम के विभिन्न थानों में हैं दर्ज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




**साइबर** ठगी पर लगाम लगाने में गुरुग्राम पुलिस लगातार काम कर रही है। गुरुग्राम पुलिस के साइबर थानों ने अक्टूबर माह में साइबर ठगी के मामलों में 53 लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी के साथ उनसे देशभर में 12669 केसों में करीब 56 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा किया। इनमें गुरुग्राम के 22 केस थे।

गुरुग्राम साईबर पुलिस द्वारा किसी भी साईबर अपराध में आरोपी से बरामद किए गए मोबाईल फोन/सिम कार्ड/लैपटाप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण से संबंधित जानकारी इंडियन साईबर क्राइम कॉ-ऑर्डिनेट सेंटर के साथ सांझा की जाती है। आरोपी से बरामद मोबाईल फोन/सिम कार्ड/लैपटाप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाईस/उपकरण से संबंधित जानकारी ली जाती है। आरोपी द्वारा किसी भी मोबाईल फोन/सिम कार्ड का प्रयोग करते हुए भारत के किस-किस राज्य में कितनी ठगी की वारदातों को अंजाम दिया गया है, कितने रुपए की ठगी की गई है तथा कितने लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है, इसका डाटा लिया जाता है। ऐसे मामलों का खुलासा करने के लिए पुलिस ने तन्मयता से जांच और कार्यवाही की। पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार कार्य करते हुए गुरुग्राम साईबर पुलिस द्वारा साईबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर महीने को साईबर अपराध जागरुकता माह के रूप में मनाया गया। इस दौरान गुरुग्राम साईबर पुलिस द्वारा 22 अलग-अलग केसों में 53 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा की गई ठगी की कुल 12,669 शिकायतें हरियाणा सहित देश के अलग-अलग राज्यों में मिलीं। इनमें 469 केस देशभर के पुलिस थानों में दर्ज हैं। इनमें से 22 केस गुरुग्राम में दर्ज हैं। गुरुग्राम पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। इन वारदातों में 53 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार किए गए सभी 53 साईबर ठगों/आरोपियों के कब्जे से 74 सिम कार्ड मिले। इनका प्रयोग करके कुल 55 करोड़ 86 लाख 46 हजार 215 रुपए की ठगी का खुलासा हुआ है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए साईबर ठगों से बरामद किए गए उपकरणों की जांच करके जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

# जीएमडीए की सड़कों पर लगाए जाएंगे स्पीड लिमिट के साइन बोर्ड

### यह कार्य डीआरएससी के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**जिला** सडक़ सुरक्षा समिति द्वारा जारी निर्देश के अनुसार गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) गुरूग्राम में सभी जीएमडीए सेक्टर रोड पर स्पीड लिमिट साइनबोर्ड लगाने का कार्य करेगा। शहर की सभी सडक़ों के लिए स्पीड लिमिट जिला प्रशासन और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की गई है। जीएमडीए ने इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इस कार्य को 1.76 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

यह साइन बोर्ड एक दूसरे से लगभग 300 मीटर की दूरी पर सडक़ों पर लगाए जाएंगे। यह कार्य सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटी-एच) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के विनिर्देशों और नवीनतम लागू भारतीय सडक़ कांग्रेस (आईआरसी) कोड के अनुसार किया जाएगा। साइन बोर्ड लगने से लोगों को सडक़ पर स्वीकार्य स्पीड लिमिट के बारे में जागरूक होने और अनुमत सीमा के भीतर गाड़ी चलाने में मदद मिलेगी। इससे ट्रैफिक पुलिस विभाग को ओवर-स्पीडिंग के उल्लंघन का पता लगाने में भी मदद मिलेगी।

जीएमडीए के मोबिलिटी डिवीजन के महाप्रबंधक कर्नल आरडी सिंघल ने कहा कि शहर की सडक़ों पर सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करने के लिए सडक़ के बुनियादी ढांचे और वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए स्पीड लिमिट निर्धारित की गई है। जिला सडक़ सुरक्षा समिति ने गुरुग्राम में सभी सडक़ बुनियादी ढांचे के लिए स्पीड लिमिट तय की है, चाहे वह राष्ट्रीय हो या राज्य राजमार्ग हो, या हो मास्टर और आंतरिक सडक़ें। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जीएमडीए गुरुग्राम में अपनी सभी मुख्य सडक़ों पर स्पीड लिमिट साइनबोर्ड प्रदान करेगा। इससे सडक़ सुरक्षा भी बढ़ेगी। हमने इस कार्य के लिए निविदा जारी की है। हाल ही में जीएमडीए ने शहर में विभिन्न अंडरपासों में थर्मोप्लास्टिक रंबल स्ट्रिप्स स्थापित करके गति कम करने के उपायों को लागू किया, जहां वाहनों की उच्च गति की आवाजाही का पता चला था।

# परिवार में 30 साल बाद हुई बेटी संग ताऊ ने मनाया भैया दूज

### दो महीने की बच्ची मौक्तिका से ताऊ शिवम ने लगवाया तिलक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दो माह की भतीजी मौक्तिका से तिलक लगवाते ताऊ शिवम राणा।

**गर्भ** में बेटियों को मरवाने वाले या फिर जन्म देने के बाद बेटियों को फेंक देने वाले हमारे समाज में ऐसे परिवारों की भी कमी नहीं जो बेटियों के जन्म पर खुशियां मनाते हैं। ऐसी ही खुशी मनाई गई गुरुग्राम के राणा परिवार में। परिवार में पहली बेटी के जन्म पर खुशी मनाने के साथ बच्ची मौक्तिका से ताऊ शिवम राणा ने भैया दूज पर तिलक कराया।

शहर के सेक्टर-15 पार्ट-1 निवासी यादराम राणा एवं रचना राणा के परिवार में तीन बेटे शिवम राणा, रिषभ राणा व साहिल राणा हैं। कोई बेटी नहीं है। यादराम राणा का निधन हो चुका है। उनके परिवार में अब 30 साल बाद उनके दूसरे नंबर के बेटे रिषभ राणा एवं मनीषा के यहां दो महीने पहले पुत्री का जन्म हुआ है। बेटी के जन्म के बाद से ही परिवार की खुशियों का ठिकाना नहीं है। बेटी का नाम मौक्तिका रखा गया। बड़े लाड-प्यार से बेटी का लालन-पालन किया जा रहा है। बुधवार को भैया दूज का पर्व राणा परिवार में धूमधाम से मनाया गया। ताऊ शिवम राणा ने भाई की दो महीने की बेटी मौक्तिका से तिलक लगवाकर भैया दूज का पर्व मनाया गया।

भले ही मौक्तिका से तिलक लगवाना सांकेतिक हो, लेकिन दिल में बेटी के प्रति जिस गहराई का प्रेम है, उसे मापने का कोई पैमाना नहीं है। पूरा परिवार बेटी को पलकों पर बिठाकर रखता है। बेटियों को सम्मान देने के लिए राणा परिवार उन लोगों के लिए रोल मॉडल है, जो बेटियों को या तो जन्म नहीं देना चाहते। या फिर जन्म देकर उन्हें मार देते हैं। मरने के लिए झाडिय़ों, नालियों में फेंक देते हैं। बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी खेलाओ का संदेश देने वाले हमारे देश-प्रदेश में बेटियों के प्रति ऐसी सकारात्मक सोच वाले परिवारों की बहुत जरूरत है।

## चंडीगढ़ तक चलेगी अजमेर-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन

**चंडीगढ़।** अजमेर से जयपुर होते हुए दिल्ली तक आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को चंडीगढ़ तक के लिए विस्तार कर दिया है। इसकी तारीखों का ऐलान जल्द ही रेलवे द्वारा किया जाएगा। यह ट्रेन अजमेर से सुबह 6:55 पर रवाना होगी और दोपहर 2:45 पर चंडीगढ़ पहुंचेगी। इसी दिन चंडीगढ़ से रवाना होकर दिल्ली, जयपुर होते हुए वापस अजमेर पहुंचेगी। इसके लिए इसकी स्पीड में कुछ इजाफा किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे इसकी तारीखों की जल्द ही घोषणा करेगा। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अजमेर से दिल्ली के बीच में बंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई थी। अब रेलवे बोर्ड ने इसके विस्तार का फैसला लिया है। इसे दिल्ली से अंबाला होते हुए चंडीगढ़ तक चलाया जाएगा। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसकी तारीख भी सामने आने वाली हैं। अब वो यात्री जो अजमेर से सीधे रेल के जरिए कम समय में पंजाब जाना चाहते हैं, उनके लिए लिए इस वंदे भारत का काफी फायदा होगा। पंजाब जाने वाले यात्री अजमेर, जयपुर और दिल्ली से चंडीगढ़ का अब सीधा सफर कर पाएंगे। इसका फायदा अलवर और गुरुग्राम के यात्रियों को भी मिल सकेगा।

# आज होगा भव्य श्याम संकीर्तन महोत्सव, तैयारियां पूर्ण

## बाबा के श्रृंगार के लिए कलकत्ता से मंगाए गए हैं रंग-बिरंगे फूल

### सेक्टर-29 हुडा जिमखाना क्लब में सजाया गया है पंडाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 जिमखाना क्लब में श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते आयोजक टीम के सदस्य।

**श्याम** परिवार की ओर से गुरुवार 16 नवम्बर को श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव को भव्यता से मनाने के लिए भव्य तैयारियां भी की गई हैं। श्रद्धालुओं के पंडाल प्रवेश, बैठने, बाबा के दर्शन करने, पार्किंग तक के लिए विशेष व्यवस्था है, ताकि किसी को कोई परेशानी ना आए। सेवादारों की बुधवार पंडाल में हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि बुधवार को शिव सिंघल, राजीव मित्तल, निशांत अहलावत, श्यामप्रेमी ईश्वर मित्तल, डा. महेश गोयल, चेतन शर्मा, ऋतुराज अग्रवाल, हरि गोयल तलवाडिय़ा, राहुल परूथी, दिनेश मित्तल, मुकेश कांगड़ा, कुलभूषण गुप्ता, विनीत कुमार आदि ने तैयारियों का जायजा लिया और योजनाओं को अंतिम रूप दिया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा करके महोत्सव के लिए सभी सेवादारों की जिम्मेदारियां तय की गई, ताकि व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी ना रहे। करीब 6000 श्रद्धालुओं के बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचने की उम्मीद है। इसी हिसाब से यहां तैयारियां भी की गई हैं। कलकत्ता के रंग-बिरंगे फूलों से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा।

इस महोत्सव में मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल के अलावा ऋतु पांचाल, भावना स्वरांजली, राज भैया और बलराम वशिष्ठ अपनी मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे। पंडाल समेत जिमखाना क्लब के चारों तरफ भव्य सजावट की जा रही है। पुराने गुरुग्राम से महोत्सव स्थल पर पहुंचने के लिए एमडीआई चौक की तरफ से सिगनेचर टावर के अंडरपास से निकलकर जिमखाना क्लब मैदान के आगे से लेफ्ट साइड में यू-टर्न लेकर पीछे की तरफ पार्किंग की अच्दी प्रकार व्यवस्था की गई है।



गुरुग्राम में सफाई करवाते नगर निगम के अधिकारी।

# दावा...काफी संख्या में काम पर लौटे हड़ताली कर्मचारी, तीन दिन में निगम क्षेत्र हो जाएगा साफ

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने पूरी क्षमता के साथ संभाली कमान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा इधर-उधर पड़े कचरे को उठाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने पूरी क्षमता के साथ कमान संभाल ली है। आयुक्त पीसी मीणा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में सभी जोन के संयुक्त आयुक्त, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक तथा कनिष्ठ अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था व कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं।

बुधवार को निगम अधिकारियों ने मैनपावर व मशीनरी के साथ कई क्षेत्रों से कचरा उठवाया तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया। सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में स्वयं फील्ड में उतरे हुए हैं। जहां कहीं भी कचरे के संवेदनशील स्थान हैं, उन्हें साफ करवाया जा रहा है। निगम का दावा है कि काफी संख्या में हड़ताली कर्मचारी भी काम पर वापिस लौट आए हैं। अगले 2-3 दिन में पूरे निगम क्षेत्र से कचरा उठा लिया जाएगा। निगमायुक्त द्वारा कनिष्ठ अभियंताओं को भी उनके क्षेत्रों की कमान सौंपी गई है। संवेदनशील स्थानों की पहचान करके रिपोर्ट करने के आदेश दिए हुए हैं। सभी कनिष्ठ अभियंता अपने-अपने एरिया की रिपोर्ट भेज रहे हैं तथा सफाई शाखा के अधिकारी मौके पर पहुंचकर संवेदनशील स्थानों को साफ करवा रहे हैं।

**बुधवार को इन क्षेत्रों को किया गया साफ**

नगर निगम की टीम द्वारा संयुक्त आयुक्तों के नेतृत्व में बस स्टैंड, सेक्टर-12 चौक, पालम विहार, सेक्टर-22, फव्वारा चौक, सिविल लाईंस, एमजी रोड, रेलवे रोड, ओल्ड दिल्ली रोड, डूंडाहेड़ा, बसई रोड, मदनपुरी रोड, पटौदी चौक, भूतेश्वर मंदिर चौक, सदर बाजार, बादशाहपुर, टीकरी, सुभाष चौक से राजीव चौक, कन्हैयी, चक्करपुर सहित अन्य क्षेत्रों से कचरा उठान सुनिश्चित करवाया। संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव, संजीव सिंगला, विजय यादव व सुमित कुमार अपने-अपने जोन में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने में जुटे रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों की रही हड़ताल से थमे रहे 150 रोडवेज बसों के पहिये

### भैया दूज पर्व पर महिलाएं समेत अन्य यात्रियों को हो रही है परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम बस स्टैंड पर धरना पर नारेबाजी करते हुए कर्मचारी।

**अंबाला** में रोडवेज कर्मचारी राजबीर की हत्या के विरोध में बुधवार को हरियाणा के अन्य जिलों की तरह गुरुग्राम में भी कर्मचारियों ने रोडवेज का चक्का जाम करके कर्मचारियों की हड़ताल रखी। भैया दूज के पर्व पर चक्का जाम होने से महिलाओं समेत सभी यात्रियों को परेशानी हुई।

गुरुग्राम में हड़ताली कर्मचारियों की मांग है कि जल्द से जल्द राजबीर के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। हत्या के चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज रोडवेज कर्मचारियों की तरफ से चक्का जाम का आह्वान किया गया था। गुरुग्राम में भी लगभग 150 रोडवेज बसों के पहिये थम गए। गुरुग्राम हरियाणा रोडवेज के प्रधान संदीप दलाल के मुताबिक कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी गई तो यह हड़ताल अनिश्चतकाल के लिए धरने में बदल सकती है। उन्होंने भैया दूज पर महिलाओं व अन्य सभी यात्रियों से होने वाली परेशानी के लिए क्षमा भी मांगी।

उन्होंने कहा कि वे रोडवेज कर्मचारी अंबाला में तीन दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलहाल कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि उनकी मांगे जब तक पूरी नहीं होगी इसी तरह से हड़ताल जारी रहेगी। बहरहाल, रोडवेज कर्मचारियों द्वारा चक्का जाम करने से आज गुरुग्राम से अन्य प्रदेशों और एनसीआर क्षेत्र में आने जाने वाले यात्रियों को भैया दूज के पर्व पर परेशानी उठानी पड़ी है। हालांकि गुरुग्राम से डीटीसी व दूसरे राज्यों की बसें चल रही हैं। रोडवेज प्रधान संदीप दलाल का कहना है कि अब सरकार बातचीत के लिए आगे आई है। अगर बैठक में सकारात्मक परिणाम निकला तो यह धरना प्रदर्शन रोक दिया जाएगा। बता दें कि दिवाली की रात अंबाला कैंट बस स्टैंड परिसर में रोडवेज कर्मचारी राजबीर की हत्या कर दी गई थी।

# एकस्टेप फाउंडेशन और पीवीआर नेस्ट बचपन मनाने के लिए बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ अभियान में भागीदार बनें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एकस्टेप** फाउंडेशन ने अपने बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ अभियान के तहत देश भर के पी.वी.आर. आईनोक्स सिनेमाघरों के 1000 स्क्रीनों में सार्वजनिक सेवा संदेश के रूप में बचपन मनाओ लघु फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए पी.वी.आर. आईनोक्स की %लेट्स स्टार्ट डूइंग गुड' इनिशिएटिव के साथ भागीदारी की है।निर्वाणा फिल्म्स के प्रकाश वर्मा द्वारा बनाई गई यह फिल्म 17 नवंबर से 30 नवंबर तक पी.वी.आर. आईनोक्स के स्क्रीन पर प्रसारित होगी।

इस पहलकदमी के तहत मिशन पहली बार बड़े पर्दे पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन शुरू कर रहा है जो बचपन की सरल लेकिन गहरी खुशियों को समाहित करती है- वे क्षण जहां बच्चे सीखते हैं और सबसे अच्छा विकास करते हैं। इस दिल को छू लेने वाली फिल्म का उद्देश्य दर्शकों को बचपन का जश्न मनाने और बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित करना है और प्रत्येक बच्चे के शुरुआती और प्रारंभिक वर्षों के जादू के प्रति उनके दिलो-दिमाग को खोलना है। इस एकीकृत प्रयास का उद्देश्य देखभाल करने वाले वयस्कों, विशेष रूप से माता-पिता और शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे के समग्र विकास को देखने और प्रत्येक बच्चे के लिए एक मजबूत नींव सुनिश्चित करने के लिए 'अन्वेषण और खेल' की शक्ति के महत्व को पहचानते हुए इन शुरुआती वर्षों में मौजूद अवसरों को समझने के लिए प्रोत्साहित करना है।

एकस्टेप फाउंडेशन- बचपन मनाओ में नीति और साझेदारी की प्रमुख दीपिका मोगिलिशेट्टी कहती हैं- यह फिल्म हर देखभाल करने वाले वयस्क- मां, पिता, शिक्षक, स्कूल-पूर्व शिक्षक, आंगनवाड़ी शिक्षक और 8 साल की उम्र तक के बच्चों के साथ जुड़कर काम करनेवाले किसी भी व्यक्ति को बचपन की प्रचुरता और स्वाभाविक रूप से उपस्थित अवसरों को पहचानने का आह्वान करती है। सरल कार्यों और ध्यान के साथ हम एक समाज के रूप में भारत में प्रत्येक बच्चे के भविष्य के लिए सर्वोत्तम नींव सुनिश्चित कर सकते हैं। पी.वी.आर. नेस्ट के साथ साझेदारी मिशन को हौसला देती है क्योंकि यह सिनेमाघरों और लोगों के दिलो-दिमाग में जाती है, और उन्होंने इसे देश भर में पी.वी.आर. आईनोक्स के स्क्रीन में 'लेट्स स्टार्ट डूइंग गुड' पहल से उदारता से जोड़ा है। इसे पढ़नेवाले और सिनेमाघरों में जाने वाले सभी लोगों से हम अनुरोध करते हैं कि इस संदेश को और फैलाएँ- बचपन मनाओ बढ़ते जाओ।'

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए पीवीआर नेस्ट की संस्थापक प्रमुख, दीपा मेनन ने कहा- बचपन बचाओ, बढ़ते जाओ का शुभारंभ भारत में प्रारंभिक बाल विकास और मूलभूत चरण को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नंदन नीलेकनी, रोहिणी नीलेकनी और शंकर मरुवड़ा नेटवर्क को विकसित कर रहा है।

# आइस स्केटिंग की सातवीं स्टेट चैंपियनशिप एक दिसंबर से



### गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल स्थित आईस्केट में होगी स्टेट चैम्पियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आइस** स्केटिंग की सातवीं स्टेट चैंपियनशिप का आगाज एक दिसम्बर 2023 से स्थानीय एंबियंस मॉल स्थित आईस्केट हाल में होगा। इस चार दिवसीय स्पीड व फिगर आईस स्केटिंग स्टेट चैम्पियनशिप में 14 जिलों के 300 से अधिक स्केटर्स अपना कौशल दिखाएंगे। इस चैम्पियनशिप में 30 से अधिक नेशनल एवं इंटरनेशनल स्केटर्स लेंगे चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे।

हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ व कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा ने बताया कि गुरुग्राम के एंबियंस स्थित आईस्केट में होने वाले इस विशेष ट्रेनिंग कैम्प व चैम्पियनशिप में गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, जींद, कैथल, भिवानी, सोनीपत, रोहतक, अम्बाला, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी व झज्जर सहित 14 जिलों के लगभग 300 स्केटर्स अपना कौशल दिखाएंगे। हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार इस चैम्पियनशिप के लिए सभी जिला एसोसिएशन को अपने खिलाडिय़ों का रजिस्ट्रेशन 27 नवम्बर 2023 तक करवाना होगा अनिवार्य होगा। उसके बाद प्रति आइस स्केटर्स 2000 रुपये प्रतिदिन की अतिरिक्त फीस के साथ 29 नवम्बर 2023 शाम पांच बजे तक ही रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकेगा। उनके अनुसार सातवीं स्टेट चैम्पियनशिप में अधिक आइस स्केटर्स को मौका देने के लिए इस बार एक आयु वर्ग में जिलावार चार-चार खिलाडिय़ों का चयन किया जाएगा।

# कलयुग में केवल राम नाम ही आधार : बोधराज सीकरी

### हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा हुआ 4 लाख 31 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गढ़ी-हरसरू स्थित मां वैष्णों देवी दरबार में हनुमान चालीसा पाठ में पहुंचे बोधराज सीकरी व अन्य।

**पूनम** माता जी द्वारा गढ़ी हरसरू में संचालित मां वैष्णो दरबार, सह-संयोजिका डॉक्टर अलका शर्मा की उपस्थिति में समाजसेवी बोधराज सीकरी की ओर से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

मां वैष्णो दरबार में श्री हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम में धर्मगुरु एवं विश्व विख्यात ज्योतिषाचार्य डॉक्टर एच.एस. रावत की उपस्थिति रही। 21 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ गजेंद्र गोसाई ने व्यास पीठ से संगीतमय ढंग से सभी संगत को साथ लेकर किया।

सबसे पहले शंखनाद किया गया व उस के पश्चात तीन बार ऊँ का उच्चारण किया गया। अंत में 108 बार राम नाम की माला का जाप कराया गया। इस दौरान डा. एचएस रावत को लाइफ टाइम अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। डॉक्टर रावत ने बोधराज सीकरी को भी इस हनुमान चालीसा मुहिम के सूत्रधार के लिए सम्मानित किया। डॉक्टर रावत ने बोध राज सीकरी को बधाई दी कि वे सच्ची लगन से समाज सेवा कर रहे हैं। इस हनुमान चालीसा की मुहिम से सभी को साथ लेकर चल रहे हैं इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। बोध राज सीकरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान देश, काल, दिशा आदि में सब जगह समान रूप से व्यापक हैं, लेकिन वो प्रेम से ही प्रकट होते हैं। कार्यक्रम में 250 लोगों ने 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। डा. डीपी गोयल, डा. परमेश्वर अरोड़ा, पंडित भीम दत्त, गजेंद्र गोसाईं, एच एस चावला, प्रमोद सलूजा, धर्मेन्द्र बजाज, रजिंद्र बजाज, रमेश कामरा, अनिल कुमार, ओपी कालरा, द्वारिका नाथ, सतपाल नासा, रमेश मुंजाल, युधिष्ठर अलमादी. किशोरी डुडेजा, ओपी गाबा, सुरेंद्र बरेजा, पूजा खेत्रपाल. ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, वीणा, सीमा कपूर, कांता मक्कड़, सिमरन बजाज और मीनाक्षी मुंजाल उपस्थित रहे। राम मंदिर, प्रताप नगर की प्रभात फेरी में 100 भक्तों ने 11 बार हनुमान चालीसा पाठ किया। जामपुर शिव मंदिर में 21 भक्तों ने 5 बार हनुमान चालीसा पाठ किया।

# पलवल की 30 अवैध कॉलोनियों को किया जाएगा नियमित

## हरियाणा सरकार ने दिया तोहफा

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

**हरियाणा** सरकार ने जिला पलवल को बड़ा तोहफा दिया है। जिले की की 30 अनियमित कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से इन कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। सरकार के इस फैसले के बाद कॉलोनियों में सरकार की तरफ से सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। सरकार के इस फैसले से कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की खुशियां बढ़ गई हैं।

हरियाणा सरकार ने पलवल के लोगों को दीपावली की बेमिसाल गिफ्ट दी हैं। सरकार ने इस अवसर पर पलवल जिले की 30 अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले से पूरे जिले मे खुशी की लहर दौड़ गई है। इन सभी कॉलोनियों को अब तक अवैध कॉलोनियों की गिनती में शुमार समझा जाता था। जिसकी वजह से इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को हमेशा पीले पंजे का डर सताता रहता था। परंतु अब इन कॉलोनियों को सरकार द्वारा नियमित करने के फैसले से अब पीले पंजे के चलने का डर पूरी तरह से खत्म हो गया है। अब सरकार की तरफ से इन सभी 30 कॉलोनियों में बिजली की लाइन, सड़कें, सीवर की लाइन, पार्क आदि की सुविधा सरकार की तरफ से उपलब्ध करवाई जाएगी।




> हरियाणा सरकार ने पलवल जिले की 30 अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने का आदेश देकर पलवल क्षेत्र की जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है। सरकार के इस फैसले से हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। नियमित करने के फैसले के बाद उनके घरों के टूटने का डर खत्म हो जाएगा।
> -विवेक सिंह डागर

> अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने का हरियाणा सरकार का फैसला बहुत ही बड़ा उपहार है। इस फैसले से पलवल जिले के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा।
> -प्रीति सिंह

> हरियाणा सरकार ने पलवल जिले की 30 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला किया है। इसके लिए टाउन एंड प्लानिंग विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने आदेश जारी कर दिए हैं।
> -नरेंद्र नैन, डीटीपी

सड़कें, सीवर, पानी और पार्क आदि की सुविधा इन कॉलोनियों में मिलने के बाद इन कॉलोनियों के लोगों को आने-जाने में सुविधा रहेगी। वहीं इसके बाद सभी कॉलोनियों में सरकार के जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पीने के पानी की लाइनें बिछाई जाएंगी। इससे इन कॉलोनियों के लोगों को साफ और स्वच्छ पीने का पानी घर पर ही उपलब्ध होगा। सरकार की तरफ से बिजली की लाइनें बिछाने के बाद इनको अपने आप खंभा लगाकर बिजली घर तक लाने से छुटकारा मिल जाएगा। इससे इन कॉलोनियों के लोगों को अब हजारों रुपये बिजली पर खर्च करने से छुटकारा मिलेगा। बदले में सरकार की तरफ से बने मकानों पर कलेक्टर रेट का पांच प्रतिशत पैसा सरकार की तरफ से लिया जाएगा। वहीं बिना बने मकानों पर यह व्यय आठ प्रतिशत होगा। सरकार के इस फैसले से इन कॉलोनियों मे रहने वाले लगभग 50 हजार से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा। 30 नियमित होने वाली कॉलोनियों मे 13 होडल ब्लॉक, 11 कॉलोनियां पृथला ब्लॉक, तीन पलवल ब्लॉक, तीन हथीन ब्लॉक की होंगीं। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की अवैध कॉलोनियां भी पहली बार नियमित होंगी।

# सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का तीसरा राउंड 17 नवंबर को

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की जाने वाली रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का तीसरा राउंड 17 नवंबर को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सुबह नौ बजे आयोजित किया जाएगा। यह क्विज प्रतियोगिता सीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एसीपी ट्रैफिक ने आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता का पहला राउंड 13 अक्टूबर को सफलतापूर्वक पूरा करवाया गया था। जिसमें फरीदाबाद के 1590 स्कूलों से आए करीब 5,57,500 छात्रों ने हिस्सा लिया था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए में चार लेवल बनाये गये थे, जिसमें पहला लेवल कक्षा तीसरी से पांचवीं, दूसरे लेवल में कक्षा छठी से आठवीं, तीसरा लेवल कक्षा नौ से बारहवीं तथा चौथा लेवल सभी कॉलेज के छात्रों के लिए था। पहले राउंड में हर स्कूल के हर लेवल में प्रथम आने वाले तीन छात्रों को दूसरे राउंड की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए से चयनित किया गया है, जिनकी संख्या 8470 थी। उन छात्रों ने दूसरे राउंड की प्रतियोगिता में भाग लिया और तीसरे चरण की प्रतियोगिता के लिए 83 टीमों का चयन किया गया है, जो 17 नवंबर को क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर यात्रियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना है। सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। छात्रों को जागरुक करने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएंगी और फरीदाबाद पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए इसी प्रकार प्रयासरत रहेगी।



कार्यक्रम का आयोजन डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में होगा

# सहकारिता मंत्री ने किया सहकारी चीनी मिल के पिराई सत्र का शुभारंभ

## पहले ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रक लाने वाले किसान और चालक को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** के सहकारिता, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मंत्री, हरियाणा डॉ. बनवारी लाल ने बुधवार को दी पलवल सहकारी चीनी मिल के 40वें गन्ना पिराई सत्र 2023-24 का बटन दबाकर व मिल के डोंगा की चेन में गन्ना डालकर मिल का शुभारंभ किया।



इससे पूर्व मुख्य अतिथि हरियाणा के सहकारिता, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मंत्री, हरियाणा डॉ. बनवारी लाल ने चीनी मिल परिसर में पिराई सत्र के शुभ अवसर पर किये गये हवन यज्ञ में आहुति डालकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मिल प्रबंधन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसानों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन बड़ा ही शुभ है, क्योंकि आज मिल के पिराई सत्र का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि मिल द्वारा प्रत्येक किसान का गन्ना पारदर्शिता व ऑनलाइन पर्ची के माध्यम से खरीदा जायेगा और उन्होंने कहा कि मुझे आप सबके बीच आकर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है, समय पर पिराई सत्र का शुभारंभ हो रहा है। जिससे किसानों की खुशहाली की दशा में बहुत ही सराहनीय कदम है, जिसके परिणामस्वरूप किसानों को आर्थिक लाभ होगा। मुझे किसानों को बताते हुए इस बात की बहुत खुशी हो रही है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के हित में गन्ने के मूल्य में 14 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की है और यह कदम निश्चित रूप से किसान हित में लिया गया उचित निर्णय है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि शुगर मिल द्वारा गन्ने की बोडिंग 38.00 लाख क्विंटल गन्ने की हुई है, जिसमें से मिल को लगभग 32.00 लाख क्विंटल गन्ना पिराई के लिये मिलने की संभावना है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मिल में साफ--सुथरा गन्ना लाये, ताकि गन्ने की रिकवरी में बढ़ोत्तरी हो सके और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मिल के पिराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आए तथा चीनी मिलों में चीनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके। हरियाणा की शुगर मिलों को घाटे से बाहर निकालने के लिये बायोगैस, एथॉनोल प्लांट व को-जेनरेशन प्लांट लगाये जा रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने मिल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन योजना के तहत किसानों को 10 रुपये में भोजन की व्यवस्था की गई है व किसानों को यार्ड में रहने के लिए गेस्ट हाउस की सुविधा, किसानों के लिए पीने के पानी व सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। किसानों के विश्रामगृह में एलईडी/टीवी की सुविधा, किसानों को गन्ने के कीड़े तथा बीमारियों को रोकने के लिए 10 प्रतिशत अनुदान पर दवाइयों का वितरण किया जाता है। सहकारिता मंत्री ने पिराई सत्र 2023-24 के शुभारंभ अवसर पर मिल गेट पर प्रथम ट्रैक्टर से गन्ना लाने वाले किसान गांव दीघोट निवासी वीरेंद्र को शॉल व शगुन देकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में दूसरे नंबर पर ट्रक चालक रामवीर, जोकि लीखी सेंटर से गन्ना लेकर मिल पहुंचा था, उन्हें भी सहकारिता मंत्री ने शॉल व शगुन देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला, जगदीश नायर, प्रवीण डागर व जिलाध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया ने भी विचार व्यक्त किए और सभी गन्ना किसानों को पिराई सत्र की शुभकामनाएं दीं। शुगर मिल की अध्यक्ष एवं उपायुक्त पलवल नेहा सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत व्यक्त करते हुए कहा कि दी पलवल सहकारी चीनी मिल ने प्रदेश में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। मिल का पिराई सत्र का शुभारंभ हुआ है, मिल अवश्य ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करके नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने मिल की स्थापना से लेकर अब तक के कार्यकाल पर अपना प्रकाश डालते हुए कि पलवल सहकारी चीनी मिल 1973 में रजिस्टर्ड हुई थी और वर्ष 1984-85 में 1250 टीसीडी की क्षमता के साथ पिराई का शुभारंभ किया गया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार गतवर्ष से हमारी मिल की क्षमता 2200 टीसीडी कर दी गई है। पलवल शुगर मिल का एरिया 32 किलोमीटर की परिधि में फैला हुआ है तथा इससे लगभग 400 गांवों के किसान लाभान्वित हैं। वर्तमान में मिल के 44,105 शेयर धारक हैं और लगभग 2470 किसानों के माध्यम से मिल गेट व 21 बाह्य गन्ना क्रय केंद्रों द्वारा गन्ना उपलब्ध करवाया जा रहा है। पिराई सत्र 2022-23 में मिल ने 36.07 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई कर इतिहास में अब तक सर्वाधिक पिराई करने का लक्ष्य प्राप्त किया था तथा पिछले वर्ष शुगर की रिकवरी प्रतिशत 9.21 रही और 3,34,675 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया था। इस वर्ष मिल को अगेती किस्म का 80 प्रतिशत गन्ना उपलब्ध होगा, जिससे चीनी की रिकवरी अधिक होगी।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, शुगर मिल एवं एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगराधीश द्विजा, पलवल निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, प्रवीण ग्रोवर, मांगेराम कटारिया, तहसीलदार पलवल प्रेम प्रकाश, गन्ना सलाहकार रोशनलाल, सहायक रजिस्ट्रार देवेंद्र बेनिवाल, मुख्य अभियंता विजयपाल, मुख्य रसायनविद राजेंद्र त्यागी एवं गन्ना प्रबंधक सुरेंद्रपाल सिंह, मुख्य लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार व गन्ना किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एसीई में धूमधाम से मनाया दिवाली समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** साल की भाति इस साल भी एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड में दिवाली समारोह का भव्य आयोजन किया गया।


इस दिवाली समारोह में कंपनी के सभी कर्मचारी एवं मैनेजमेंट ने शिरकत की। दिवाली समारोह में देश के जाने माने कवियों ने भी हिसा लिया और काव्य पाठ से समां बांधा। देश के सुप्रसिद्ध कवियों के काव्य पाठ के अलावा लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस ने इस दिवाली समारोह में चार चांद लगाने का काम किया। दिवाली समारोह के दौरान लक्की ड्रा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



# डीईआईसी जन्मजात विकारों के इलाज में मील का पत्थर साबित : डॉ. साक्षी शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नागरिक** अस्पताल पलवल स्थित डीईआईसी की प्रबंधक डॉ. साक्षी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम है। जिसका लक्ष्य जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्म दोष, बीमारियों, विकास में होने वाला विलंब तथा पोषक तत्वों की कमी का समय से पहले पहचान और हस्तक्षेप करना है। आरबीएसके की मोबाइल हेल्थ टीमें आंगनबाड़ी में (0-6 वर्ष) और सरकारी स्कूल में 6-8 वर्ष के बच्चों की पहचान करके पलवल के नागरिक अस्पताल में स्थित डीईआईसी सेंटर तथा अन्य प्राथमिक और सामुदायिक सेंटर पर रेफर करते हैं। प्राइवेट विद्यालयों के बच्चे जोकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, उन्हें डीईआईसी के माध्यम से ऑपरेशन की सुविधा दी जाती है। ऑपरेशन की सुविधा के लिए बच्चों का डीईआईसी सेंटर में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। ऑपरेशन के लिए बच्चों को सरकारी अस्पताल तथा सरकार द्वारा चयनित प्राइवेट अस्पतालों में भेजा जाता है। इसके लिए कुछ जरूरी दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता है, जिसकी जानकारी जिला डीईआईसी सेंटर से प्राप्त की जा सकती है।



गरीब परिवारों तथा ईडब्ल्यूएस परिवारों के जन्मजात विकारयुक्त बच्चों का करवा रहा है निशुल्क इलाज

सरकार द्वारा ऑपरेशन के लिए जन्मजात विकार को विभिन भागों में विभाजित किया गया है। जिसमें जन्मजात हृदय रोग, रीड की हड्डी पर फोड़ा होना, कटा होंठ, कटा तालु, टेढ़े पैर, बधिरता, कूल्हे की हड्डी का जन्म के समय खिसकना, भैंगापन, मोतियाबिंद, मानसिक विकार में डाउन सिंड्रोम शामिल हैं। विकास में देरी, टेढ़े पैर, बोलने में कठिनाई के लिए और अन्य थेरेपी के लिए डीईआईसी सेंटर में सुविधा उपलब्ध है।

# सड़क पार करते समय युवक की दुर्घटना में मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नेशनल** हाईवे पर बंचारी गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल हाईवे को क्रॉस कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन का पता लगाकर चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, बंचारी गांव निवासी रामगोपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उसका छोटा भाई 45 वर्षीय भगवत प्रसाद किसी निजी कार्य के लिए देर शाम करीब नौ बजे नेशनल हाईवे को क्रॉस कर रहा था। उसी समय किसी अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए उसके भाई में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भगवत प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया और दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पीड़ित व पुलिस मौके पर पहुंची और घायल भगवत प्रसाद को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# दो दिवसीय एशिया पेरिस ओलंपिक टूर्नामेंट जापान में होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** रग्बी फुटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि एशिया पेरिस ओलंपिक क्वालीफाई टूर्नामेंट का आयोजन 18 से 19 नवंबर तक ओसाका जापान में किया जाएगा। हरियाणा रग्बी फुटबॉल संघ के महासचिव नरेंद्र मोर ने बताया कि ओसाका जापान में आयोजित एशिया पेरिस ओलम्पिक टूर्नामेंट में भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ की टीम भारतीय पुरुष वर्ग और महिला वर्ग टीम भाग लेंगी। भारतीय पुरुष टीम में हरियाणा राज्य से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। सभी पांच खिलाड़ी 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा रग्बी सातवीं टीम का हिस्सा रहे हैं और टीम ने राष्ट्रीय खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। टीम ओसाका जापान के लिए रवाना हो चुकी है। सोनीपत के नांगल कलां गांव के प्रिंस खत्री भारतीय पुरुष टीम के कप्तान होंगे। प्रिंस खत्री की अगुआई में नवंबर के पहले सप्ताह में दोहा, कतर में आयोजित हुई एशिया रग्बी सातवीं ट्रॉफी में अद्भुत प्रदर्शन के साथ अपनी रैंकिंग में जबरदस्त सुधार किया और नौवें रैंक से पांचवें रैंक पर छलांग लगाई। वहीं महिला टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मुकाबले जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। नरेंद्र मोर ने बताया कि हरियाणा से प्रिंस खत्री सोनीपत भारतीय टीम के कप्तान होंगे। इसके अलावा टीम में हरियाणा से मोहित खत्री सोनीपत, नीरज खत्री सोनीपत, अजय देशवाल झज्जर और दीपक कुमार पुनिया हिसार भाग ले रहे हैं। कुंडली सोनीपत से पूर्व भारतीय कप्तान विकास खत्री सोनीपत को भारतीय टीम कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम को भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष और अभिनेता राहुल बोस, महासचिव जेराल्ड प्रभु, यूनियन के सीओओ अंकुश अरोड़ा, डेवलपमेंट मैनेजर संदीप मोसमकर, हरियाणा रग्बी के अध्यक्ष सरबिंदर डबास, सचिव नरेंद्र मोर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



# मंडी के टूटे टीन शेड्स ने किसानों की चिंता बढ़ाई

## बरसात में फसलें भीगने पर किसानों को भारी नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**स्थानीय** अनाज मंडी में फसलों को बरसात से बचाने के लिए बनाए टीन शेड्स टूटे होने की वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल दिवाली से पहले रुक रुककर हुई बारिश ने यह चिंता बढ़ाई है। किसानों का कहना है कि टूटे टीन शेड्स की वजह से धान, बाजरा, कपास व दूसरी मंडी में आई फसलों के भीगने का खतरा बना हुआ है। बारिश ने किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। यदि बारिश आगे भी इसी तरह होती रही तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। फसल भीगने पर वो काली पड़ जाती है, जिससे फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है। इससे किसानों को अपनी फसलें घाटे में बेचनी पडती हैं।

पलवल अनाज मंडी में इस समय धान, बाजरा, कपास, मूंग, ज्वार, तिल, उड़द आदि फसलों की अच्छी खासी आवक हो रही है। किसानों का कहना है कि अनाज मंडी में पशु अस्पताल के पास फसलों को बरसात से बचाने के लिए बनाई टीन शेड्स के टूटे होने से बरसात आने पर फसलें पूरी तरह से भीगकर खराब हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन टीन शेड्स को किसानों की फसलों को बरसात से बचाने के लिए ही बनाया गया था। परंतु अब पिछले कई साल से टीन शेड्स पूरी तरह से टूट गई हैं। इससे बरसात होने पर ये टीन शेड्स फसलों को बचाने में नाकामयाब रहेंगीं। इससे बरसात होने पर फसलें भीगकर गीली हो जाएंगीं। इससे फसलें बिकने में देरी होगी। किसानों का कहना है कि इस समय किसानों को अपनी रबी की फसलों की बिजाई के लिए खाद, बीज, खरपतवार दवाई, ट्रैक्टर में तेल के लिए रुपयों की जरूरत पड़ती है। भीगने की वजह से फसलों को बिक्री में देरी होगी। किसानों का कहना है कि फसल के भीगने पर धान, बाजरा, कपास व दूसरी फसलें काली पड़ जाती हैं। इससे फसल की क्वालिटी में गिरावट आती है। इससे आगे खरीददार कम दाम पर फसल को खरीदते हैं। कई बार तो भीगी फसल को कई दिन तक कोई खरीददार नहीं मिलता है। यदि मिलता है तो 500 से 700 रुपये कम दाम में लेता है। इससे किसानों को प्रति एकड़ हजारों का नुकसान होता है। किसानों का कहना है कि मंडी में लगी ये टीन शेड्स काफी दिनों से टूटी पड़ी थी। परंतु अधिकारियों ने इनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। आढ़तियों का भी कहना है कि वे भी कई बार इन टूटे टीन शेड्स को बदलवाने व नई टीन शेड्स लगाने की मांग मार्केट कमेटी से कर चुके हैं। परंतु उस पर अमल आज तक नहीं किया है। इससे अब एकाएक किसानों व आढ़तियों को बरसात होने पर फसलों के भीगने का डर सता रहा है। किसानों का कहना है कि मार्केट कमेटी को तुरंत ही इन टूटे टीन शेड्स को बदलवाकर नए टीन शेड्स लगवाने चाहिएं।



> अनाज मंडी में टीन शेड्स टूटे हुए हैं। मौसम खराब चल रहा है, बारिश से किसानों की फसलें भीगने का खतरा है। फसलें भीगने से किसानों को नुकसान होगा।
> -ज्योति सिंह, किसान

> टीन शेड्स टूटे होने से किसानों की फसलें बारिश में भीगती हैं। इससे किसानों की फसलों को नुकसान होगा। फसलें भीगने पर काली पड़ जाती हैं। भीगी फसलों की कीमत कम मिलती है।
> -रामसिंह, किसान

> मंडी में पशु अस्पताल के पास बनी टीन शेड्स टूटे पड़े हैं। इनको बदलने की मांग कई बार मंडी अधिकारियों से की गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। बरसात होने पर किसान व आढ़तियों की फसलें भीग रही हैं।
> -कुलदीप, आढ़ती

> टूटे टीन शेड्स के बदलने का प्रपोजल ऊपर बनाकर भेजा हुआ है। मंजूरी मिलते ही इनको बदलवा दिया जाएगा।
> -विजय सिंह, मंडी सुपरवाइजर

# जजपा के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने की डोर टू डोर अभियान की शुरुआत



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने कहा कि हरियाणा में जननायक जनता पार्टी ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है। हरियाणा प्रतिदिन विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उमेश भाटी तिगांव विधानसभा के राजीव नगर में आयोजित डोर टू डोर जागरूक अभियान की हुई शुरुआत के तहत एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कह रहे थे। जननायक जनता पार्टी का कार्यकर्ता अमरजीत चौरसिया द्वारा आयोजित इस सभा में उपस्थित लोगों ने प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी का जहां स्वागत किया, वहीं कई मूलभूत समस्याओं को भी रखा। जिसपर उमेश भाटी ने सम्बंधित अधिकारी से बात कर जल्द ही समस्याओं के निपटने को लेकर बात की। डोर टू डोर अभियान के पहले दिन नुक्कड़ सभा में उमेश भाटी ने कहा कि जेजेपी का गठन जनता के हितों के लिए हुआ है और पार्टी का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनसेवा सर्वोपरि रहे। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में पार्टी हमेशा समय-समय पर ऐसी बैठक कर जनता से तालमेल बनाए रखती है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने जो वादे चुनाव के समय जनता के सामने किए थे, उसे पूरे करने का काम किया है। कुछ वादे हैं, जिसे जेजेपी पूरा करने में जरूर पीछे रही है, लेकिन विधानसभा से पहले उसे भी पूरा कर दिया जायेगा। गठबंधन की मजबूरी की वजह से कुछ वादे पूरे नहीं हो सके हैं, लेकिन पूर्ण रूप से हरियाणा की जनता नीतियों को पसंद करती है।

# गोवर्धन पूजा पर युवक को मारी गोली

## तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गोवर्धन** पूजा के समय मंगलवार शाम एक युवक अपने दोस्त को बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। घर ले जा कर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करने की नीयत से उसको गोली मार दी। गोली लगने से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के बयान पर तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, होडल खटीक मोहल्ला निवासी गौतम ने दी शिकायत में कहा है कि वह मंगलवार शाम जगजीवन राम चौक के पास खड़ा हुआ था। उसी दौरान उसका दोस्त दीपक आया और उसे अपने घर बुलाकर ले गया। पीड़ित का आरोप है कि दीपक के साथ उसके दोस्त तिहा पट्टी होडल निवासी पन्नी व राहुल भी थे। दीपक ने घर बुलाकर हत्या की नीयत से उस पर गोली चला दी। गोली गौतम के पैर में लगी और आरोपी मौके से भाग गए। पीड़ित को उपचार के लिए तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसके बाद पुलिस भी सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गई। घायल को उपचार के लिए होडल के सरकारी अस्पताल लाया गया। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल गौतम की शिकायत पर आरोपी दीपक, सन्नी व राहुल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 नवंबर, 2023



# घृणापूर्ण भाषण

## कनाडा पर निशाना

**घृणापूर्ण** भाषण व घृणा अपराधों के लिए कनाडा पर निशाना लगाते हुए भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश ने उससे ऐसी गतिविधियों से निपटने को कहा है। दक्षिण एशियाई देशों के एक समूह ने हालिया संयुक्त राष्ट्रसंघ बैठक में कनाडा की खिंचाई करते हुए कहा है कि वह अपनी धरती से सक्रिय दुष्ट तत्वों पर लगाम लगाए। कनाडा से यह भी कहा गया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संपूर्ण नहीं हो सकती है। यदि इससे दूसरों की भावनायें आहत होती हों तथा यह घृणा फैलाने वाली हो तो इस पर तार्किक नियंत्रण अवश्य लगने चाहिए। अभूतपूर्व रूप से भारत के दो पड़ोसियों ने कनाडा के हालिया बड़बोले बयानों के खिलाफ भारत को पूरा समर्थन दिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर वियेना संधि के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए दो भारतीय राजनयिकों को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद देश से निकाल दिया था। भारत ने कनाडा से घृणापूर्ण भाषण, भेदभाव तथा धार्मिक स्थलों पर हमलों को रोकने के लिए मजबूत कदम उठाने का अनुरोध किया था। ये संस्तुतियां संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की समीक्षा बैठक में की गईं जहां भारत, बांग्लादेश व श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने इन सरोकारों का साझा किया। आश्चर्यजनक रूप से इन सबने समान भावनायें साझा कीं।

भारतीय राजनयिक मुहम्मद हुसेन ने कनाडा की विधायी उपलब्धियों को भी रेखांकित किया जिसमें नेशनल हाउसिंग स्ट्रेटिजी एक्ट तथा एसेसेबल कनाडा एक्ट शामिल हैं। लेकिन उन्होंने कनाडा को अपना घरेलू ढांचा और मजबूत करने का भी आह्वान किया ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग खासकर हिंसा भड़काने व चरमपंथी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए न किया जा सके। उन्होंने अपने कनाडाई समकक्ष से धार्मिक व नस्ली अल्पसंख्यकों के पूजास्थलों पर हमले रोकने के लिए निर्णायक कदम उठाने




को कहा। इसके साथ ही उन्होंने कनाडा से अनुरोध किया कि वह घृणापूर्ण भाषण तथा घृणा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विधायी उपाय मजबूत करे। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि निज्जर की हत्या के बाद कनाडा में प्रवासी भारतीयों को गाली-गलौज व निन्दा का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय दूतावास के कर्मचारियों को देश छोड़ कर चले जाने अथवा परिणाम भुगतने की धमकी भरे फोन काल भी मिले हैं। लेकिन बैठक में बांग्लादेश और श्रीलंका से मिलने वाला समर्थन सर्वाधिक प्रसन्नता का कारण है। बांग्लादेशी राजनयिक अब्दुल्ला अल फोरहद ने जोर दिया कि कनाडा को नस्लवाद, घृणापूर्ण भाषण, घृणा अपराधों तथा प्रवासी व मुस्लिम अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के खिलाफ प्रयास तेज करने चाहिए। श्रीलंका के राजनयिक थिलिनी जायस्कारा ने कनाडा से अनुरोध किया कि वह सभी प्रवासी कामगारों के खिलाफ 'अधिकारों के संरक्षण' पर संधि का पालन करे तथा प्रवासियों के खिलाफ नस्ली भेदभाव की भावना का मुकाबला करने के कदम उठाए। जायस्कारा ने जोर दिया कि कनाडा अल्पसंख्यकों के खिलाफ दुष्प्रचार का विरोध करे तथा वैश्विक मानवाधिकार संस्तुतियों का पालन करे। निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच पैदा राजनयिक तनाव के कारण कनाडा में वीसा सेवायें स्थगित की गई थीं, हालांकि अब उनको आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। बांग्लादेश और श्रीलंका की ओर से मिले समर्थन का सकारात्मक संकेत यह है कि दक्षिण एशिया के सभी देशों को क्षेत्र के हित में एक स्वर में बोलना चाहिए क्योंकि उनको लगभग समान व स्पष्ट पहचान योग्य मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है।

# मुफ्त राशनः राजनीतिक मजबूरी

**'खुली' खरीद योजना के अंतर्गत सरकार किसानों से एमएसपी पर असीमित मात्रा में अनाज खरीदती है। भारी मात्रा में भंडार के साथ इसके कारण खाद्य सब्सिडी खर्च में भारी बढ़ोत्तरी होती है।**

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)





छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई या मुफ्त राशन योजना का विस्तार और पांच साल के लिए करने की घोषणा कर दी। अप्रैल, 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए शुरू पीएमजीकेवाई में 820 मिलियन लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो गेंहूं या चावल 'मुफ्त' देने के साथ ही प्रति परिवार एक किलो दाल भी दी जाती थी। यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के दायरे में आने वाले लोगों के लिए है। शुरुआत में तीन महीनों के लिए लागू इस योजना में 6 बार विस्तार कर इसे 31 दिसंबर, 2022 तक लागू किया गया था। 23 दिसंबर, 2022 को उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने पीएमजीकेवाई के मुफ्त हिस्से का विलय एनएफएसए के अंतर्गत नियमित खाद्य सुरक्षा योजना में कर दिया।

इस 'विलय' की व्याख्या जरूरी है। एनएफएसए के अंतर्गत केन्द्र भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से एमएसपी पर खरीद का आदेश देता है तथा 820 मिलियन लोगों को उचित दरों वाली दूकानों-एफपीएस के माध्यम से उनके वितरण की व्यवस्था करता है। गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए सस्ते दाम-इसू प्राइज़ 2,3 व 1 रुपये प्रति किलो दाम लिए जाते हैं।

इस प्रकार दो प्रकार के लाभार्थी हैं। अंत्योदय अन्न योजना-एएवाई के अंतर्गत गरीबों में सबसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 35 किलो अनाज दिया जाता है। इस प्रकार पांच लोगों के परिवार के लिए यह प्रति माह 7 किलो प्रति व्यक्ति होता है। एएवाई के अंतर्गत 24 मिलियन परिवार आते हैं और 120 मिलियन लोगों को प्रति माह 2,3 व 1 रुपये किलो अनाज मिलता है। बाकी 700 मिलियन लोगों को इसी मूल्य पर पांच किलो राशन प्रति परिवार प्रति माह मिलता है।

किसानों को मिलने वाली इसू प्राइज़ से अतिरिक्त एमएसपी तथा हैंडलिंग व डिस्ट्रीब्यूशन खर्च-एचडीसी की प्रतिपूर्ति एफसीआई को केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के तौर पर की जाती है। इसे नियमित खाद्य सब्सिडी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त पीएमजीकेवाई के अंतर्गत एनएफएसए में आने वाले सभी 820 मिलियन लाभार्थियों को प्रति माह पांच किलो दालें मुफ्त मिलती हैं। 23 दिसंबर, 2022 को गोयल ने पीएमजीकेवाई वापस लेने तथा एनएफएसए के अंतर्गत नियमित सप्लाई को 1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक मुफ्त करने की घोषणा की। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस व्यवस्था का विस्तार पांच साल और करने की घोषणा की है। चुनावी मौसम के दौरान मोदी की यह घोषणा महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम है। मतदाताओं के लिए इससे आकर्षक और कुछ नहीं हो सकता है कि 820 मिलियन लोगों या लगभग 59 प्रतिशत जनसंख्या को मुफ्त अनाज की गारंटी है और वह भी पांच साल के लिए। लेकिन इस पर भारी खर्च होगा।

पहले लाभार्थियों को गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2,3 व 1 रुपये प्रति किलो भुगतान करना होता था, पर अब वह उनको मुफ्त मिलेगा। अब यदि राशनधारक गेंहू लेता है तो प्रति व्यक्ति 2 रुपये किलो खाद्य सब्सिडी होगी जो चावल के मामले में 3 रुपये हो जाएगी। इससे केन्द्र सरकार पर प्रति वर्ष 10,000-15,000 करोड़ अतिरिक्त बोझ पड़ेगा जो पांच साल में 50,000-75,000 करोड़ हो जाएगा। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लाभार्थी कौन सा अनाज पसंद करता है। तर्क दिया जा सकता है कि कुल वार्षिक खाद्यान्न सब्सिडी बजट लगभग 200,000 करोड़ रुपये होगा जो 5-7.5 प्रतिशत है। राजस्व व खर्च में कुछ परिवर्तनों के साथ सरकार इच्छित राजकोषीय मार्ग बनाए रखने में सफल हो सकती है। लेकिन यह दृष्टिकोण बहुत संकुचित है। इससे सब्सिडी को घटाने व उसके तार्किकीकरण के लक्ष्य से ध्यान हट सकता है जिसकी कल्पना मोदी सरकार में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2015-16 में की थी। आज भी सरकार का थिंकटैंक नीति आयोग खाद्य सब्सिडी योजना की प्रभावशीलता की जांच करते हुए इस बात की समीक्षा कर रहा है कि यह योजना तार्किक बनाई जाए या इसे समाप्त कर दिया जाए।

इस लक्ष्य को देखते हुए संभव है कि सरकार गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से अलग हटे बिना खाद्यान्न सब्सिडी घटो के विश्वसनीय कदम उठाए। उदाहरण के लिए, वर्तमान 2,3 व 1 रुपये की कीमत एनएफएसए कानून में शामिल थी। 2013 में लागू इस कानून में तीन साल के लिए यह दर स्थिर रखना शामिल था। इस प्रकार 2016 के बाद मूल्य बढ़ाने पर कोई विधिक प्रतिबंध नहीं है। इसके बावजूद यह आज भी वही है जो एक दशक पहले था, जबकि एमएसपी व एचडीसी में काफी वृद्धि हुई है। यदि इसू प्राइज़ में एक रुपये प्रति किलो की वृद्धि की जाए तो इससे हर साल 5,000 करोड़ रुपये बच सकते हैं। दूसरा, देश की जनसंख्या के 59 प्रतिशत का एनएफएसए के लाभार्थियों में शामिल होना उन लोगों से बहुत अधिक है जिनको वास्तव में सब्सिडी की जरूरत है। 2015 में आई शांता कुमार कमेटी रिपोर्ट में कहा गया था कि सस्ता अनाज जनसंख्या के 40 प्रतिशत से अधिक लोगों को नहीं मिलना चाहिए। इस प्रकार इसमें 19 प्रतिशत या 266 मिलियन लोग अधिक हैं। इन लोगों को लाभार्थियों की सूची से बाहर कर सरकार लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचा सकती है। तीसरा, एएवाई परिवारों व लोगों को छोड़ कर बाकी अनाजों के लिए 2,3 व 1 रुपये किलो से अधिक भुगतान कर सकते हैं। यदि 700 मिलियन से सब्सिडी के अयोग्य 266 मिलियन को हटा दिया जाए तो यह संख्या 434 मिलियन हो जाएगी।

शांता कुमार कमेटी चाहती थी कि वे एमएसपी का कम से कम 50 प्रतिशत या 10.50 रुपये का भुगतान करें। इससे 22,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। चौथा, हास्यापद रूप से सप्लाई श्रृंखला में बहुत कम कीमत पर अनाज सप्लाई के कारण संदिग्ध लोग इसे चुरा कर खुले बाजार में बेचने को प्रेरित होते हैं। यदि सरकार वर्तमान व्यवस्था समाप्त कर लाभार्थियों को डीबीटी के अंतर्गत सब्सिडी दे तो इससे बचा जा सकता है। डीबीटी के अंतर्गत राज्य एजेंसियों को अनाज खरीदने, उसका भंडारण करने तथा उसे लाभार्थी तक पहुंचाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसके बजाय उपभोक्ता बाजार से पूरी कीमत पर, जैसे 27 रुपये किलो गेंहूं खरीद सकेगा। इसमें से 25 रुपये केन्द्रीय सब्सिडी होगी तथा उसकी जेब से 2 रुपये खर्च होंगे। लेकिन अब मोदी की योजना में पूरे 27 रुपये केन्द्र को खर्च करने होंगे। जब सस्ता अनाज सप्लाई श्रृंखला में नहीं आएगा तो चोरी और दुरुपयोग पूरी तरह बंद हो जाएगा। डीबीटी लागू होने पर सरकार अवांछित लोगों को सब्सिडी देने से बच जाएगी। इससे एजेंसियों द्वारा अनाज की हैंडलिंग पर आने वाला खर्च भी बचेगा। इसके साथ ही सभी उपभोक्ताओं को बाजार में सप्लाई व प्रतियोगिता बढ़ने का लाभ होगा।

वर्तमान समय में सरकार राज्य एजेंसियों का प्रयोग न केवल एनएफएसए के अंतर्गत खाद्यान्न आवश्यकतायें पूरी करने के लिए, बल्कि किसानों को मूल्य सहायता देने में करती है। 'खुली' खरीद योजना के अंतर्गत वह किसानों से असीमित मात्रा में एमएसपी पर खरीद करती है। भारी भंडार तथा बढ़ती कीमतों के साथ खाद्य सब्सिडी में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। डीबीटी लागू करने पर सरकार को इस व्यवस्था से मुक्ति मिल जाएगी। किसानों की सहायता का एकमात्र रास्ता उनको अपना उत्पाद बेचने की स्वतंत्रता, बाजार को खोलना तथा बेचने के अनेक विकल्प देना है।

इसके लिए तीन कृषि कानूनों को पुनर्जीवित करना होगा जिनको पंजाब व हरियाणा के किसानों के आंदोलन के कारण नवंबर, 2021 में मोदी सरकार को वापस लेना पड़ा था। दुःख है कि लोकरंजकता की राजनीति के कारण आर्थिक सुधार बंधक बन गए हैं। मुफ्त अनाज, अवांछित लोगों को सब्सिडी जारी रखना तथा किसानों से एमएसपी पर खुली खरीद सभी लोकरंजकता के उदाहरण हैं। यदि मोदी इनमें से किसी के साथ छेड़छाड़ करना चाहें तो राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। इसलिए यथास्थिति बनी हुई है।

# ग्रामीण समाज में महिलाओं की दशा

**तानिया**
(लेखिका, एक छात्रा हैं)



शादी के छह महीने बाद, झारखंड की राजधानी रांची की रहने वाली साक्षी अपने पति का घर छोड़कर अपने घर लौट आई, जहां उसे उत्पीड़न का सामना करना पड़ा था। उनकी वापसी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और बाद में कई समाचार चैनलों और समाचार पत्रों ने इसे कवर किया। क्यों? य ह उस औपचारिक तरीके के कारण था जिसमें उनके पिता प्रेम गुप्ता ने उनकी वापसी का जश्न मनाया था। उन्होंने अपनी बेटी की घर वापसी को नृत्य, संगीत और उत्साह के साथ मनाया।

एक साक्षात्कार में, प्रेम ने कहा, जब मैं साक्षी को उसकी शादी में इतने गर्व के साथ विदा कर सकता हूं, तो मैं उसे शर्मनाक तरीके से वापस क्यों लाऊं जबकि उसकी कोई गलती नहीं है? उनका लक्ष्य ऐसी ही स्थिति से गुजर रही कई महिलाओं और उनके परिवारों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना था। अगर मैं अपनी बेटी को गुप्त रूप से वापस लाता, तो हर कोई कहता, मेरी बेटी अपनी शादी में असफल रही, वह ही दोषी थी, उन्होंने आगे कहा। साक्षी और प्रेम ने घरेलू हिंसा के खिलाफ कड़ा बयान दिया।

हालाँकि, हर लड़की को अपने जीवन में प्रेम जैसे किसी व्यक्ति का समर्थन नहीं मिलता है। राज्य की राजधानी देहरादून से 315 किमी दूर स्थित, पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गरूर ब्लॉक में चारसोन गांव एक उदाहरण है जहां लड़कियों और महिलाओं की मूक चीखें गूंज नहीं पाती हैं। चार्सन गांव की कुल जनसंख्या लगभग 4000 है, साक्षरता दर लगभग 75 प्रतिशत है। हालांकि, पुरुषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर काफी कम है। शिक्षा की कमी के कारण, इस गाँव में महिलाएँ अपने अधिकारों से अनभिज्ञ हैं, जिससे उनके लिए किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

18 वर्षीय सिमरन ने कहा, जब हम बाहर जाते हैं, तो हमें टिप्पणियां और ताने सहने पड़ते हैं। ये अनुभव हमारे शारीरिक और मानसिक



स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, जिससे हमारे लिए अपने दैनिक जीवन पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। हम अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं दे पाते। गांव की अधिकांश महिलाओं को बाहर जाने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, और यदि वे घर से बाहर काम करती हैं, तो उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। गांव की एक अन्य लड़की रितिका ने कहा, यहां तक कि जींस और छोटे टॉप जैसे हमारे कपड़ों की पसंद भी प्रतिबंधित है, क्योंकि लोग न केवल हमें आलोचना की दृष्टि से देखते हैं बल्कि ऐसी टिप्पणियां भी करते हैं जो हमें मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। ऐसा लगता है जैसे हमने कुछ गलत किया है, और समाज उनके शब्दों के प्रभाव के बारे में सोचे बिना ही हमें दोषी ठहरा देता है।%% अफसोस की बात है कि हिंसा के खिलाफ बोलने वाली लड़की का समर्थन करने के बजाय, समाज उसे नकारात्मक करार देता है।

बीएमसी महिला स्वास्थ्य द्वारा आयोजित 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 卐दक्षिण एशियाई देशों में, जीवनकाल और वर्तमान शारीरिक और/या यौन साथी हिंसा की व्यापकता भारत में सबसे अधिक थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, भारत में वर्तमान हिंसा की व्यापकता में वृद्धि और वर्तमान और आजीवन हिंसा के उच्च अनुपात से यह भी पता चलता है कि हिंसा, एक बार शुरू होने के बाद, अधिक महिलाओं के लिए जारी रहती है।

इसके अलावा, लिंग आधारित हिंसा को पुरुषों और महिलाओं के बीच वेतन असमानता में समर्थन मिलता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा भारत में महिला और पुरुष 2022 शीर्षक से एक हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट से पता चलता है कि समान काम करने वाली महिलाओं के लिए बाजार-निर्धारित मजदूरी पुरुषों की तुलना में काफी कम है। एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, लिंग वेतन अंतर न केवल बना हुआ है, बल्कि पिछले दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ गया है, यहां तक कि कस्बों में भी यह कम हो गया है। राष्ट्रीय आंकड़े बताते हैं कि पुरुषों के लिए औसत दैनिक ग्रामीण मजदूरी 393 रुपये है, जबकि एक महिला श्रमिक को केवल 265 रुपये मिलते हैं। 26 वर्षीय संगीता देवी ने उल्लेख किया कि इस वेतन असमानता को इस धारणा से तर्कसंगत बनाया गया है कि एक पुरुष पत्थर तोड़ सकता है, लेकिन एक महिला नहीं। महिलाएं पुरुषों के समान शारीरिक कार्य करने में सक्षम होने के बावजूद उन्हें कम वेतन मिलता है। सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रुंडी इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि आज भी, कई ग्रामीण महिलाएं अपने अधिकारों से अनजान हैं। अपने शहरी समकक्षों के विपरीत, चार्सन जैसे गांवों में महिलाओं में जागरूकता की कमी है, जिसके कारण उनके खिलाफ हिंसा की घटनाएं अधिक होती हैं।

नीलम इस बात पर जोर देती हैं कि महिलाओं को हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की जरूरत पर जोर देती हैं। वह आगे कहती हैं, समाज को यह समझने की जरूरत है कि संविधान के अनुसार सभी को समान अधिकार हैं। अब पितृसत्तात्मक समाजों के लिए अपनी सोच बदलने का समय आ गया है। प्रश्न यह उठता है कि यदि नैतिकता और परंपरा समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए हैं, तो उन्हें पुरुषों पर भी सख्ती से लागू क्यों नहीं किया जाता?

# आप की बात

## जो-शी मुलाकात

**जो बाइडेन-शी जिनपिंग** के बीच महत्वपूर्ण शिखर बैठक पूरी दुनिया आशा भरी निगाहों के साथ देख रही है। दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनातनी पिछले छह वर्षो से बढ़ती ही जा रही है। सर्वाधिक तनाव अगस्त, 2022 में तत्कालीन हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से पैदा हुआ था। इसके बाद दोनों एक दूसरे को शक के निगाहों से देख रहे हैं। हालांकि दोनों देशों में पिछले दरवाजे से कूटनीति जारी रही है। 20 जुलाई, 2023 को अमेरिका-चीन संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सौ वर्ष से अधिक आयु वाले हेनरी किसिंजर ने बीजिंग का दौरा किया और शी जिनपिंग से लंबी बातचीत की। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन भी 9 जुलाई को 4 दिन के लिए चीन की यात्रा पर आयीं थीं। अभी 15 दिन पहले ही चीनी विदेश मंत्री वैंग यी अमेरिका के दौरे पर थे। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बाइडेन-जिनपिंग मुलाकात से कुछ खास हासिल नहीं होगा। लेकिन कम से कम यह उम्मीद की जा सकती है कि नए शीतयुद्ध की शुरुआत नहीं होगी तथा परमाणु आयुधों की अंधी दौड़ पर कुछ लगाम लगेगी जिसे वर्तमान समय में रूसी राष्ट्रपति पुतिन हवा देने में जुटे हुए है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## सुधारवादी दृष्टिकोण

**सरकार** द्वारा नियुक्त संसदीय समिति ने भारतीय न्याय संहिता के तहत सजा के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुआत को स्वागत योग्य कदम बताया। उसने कहा, यह एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है और अपराधियों को सही रास्ते पर लाने के लिए एक सुधारवादी दृष्टिकोण है। सजा के रूप में इसे पेश करने की सभी हितधारकों ने सराहना की है क्योंकि इससे न केवल जेल के बुनियादी ढांचे पर बोझ कम होगा बल्कि देश में जेलों के प्रबंधन में भी सुधार होगा। किसी भी अपराध में दी गई कैद की सजा के एवज में निशुल्क सामुदायिक सेवा करने का प्रस्ताव सराहनीय और स्वागत योग्य है। इससे जेलों पर बोझ तथा सरकार का खर्च घटेगा, समाज को निशुल्क स्वयंसेवक मिलेंगे और अपराधियों को सुधरने का मौका मिलेगा। मगर सामुदायिक सेवा स्वीकारने वालों की सतत निगरानी का सिस्टम बनाया जाना चाहिए। कई बार जेल की सजा काटने वाला व्यक्ति जेल से निकलने के बाद और बड़ा अपराधी होकर निकलता है। इसलिए जेलों में सुधार, उनमें रहन-सहन की स्थितियों को बेहतर बनाना तथा कैदियों को रचनात्मक कार्यों में प्रशिक्षण भी जरूरी होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## युद्धपीड़ित बच्चे

**खबरों** के अनुसार, इजराइल पर हमास के हमलों में 1,400 इजराइली नागरिक मारे गए हैं। इज़राइल की जवाबी कार्रवाई में 11,000 फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं। यह विशेष चिंता का विषय है कि इन हमलों में हताहत बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। इस युद्ध में बच्चों की भारी क्षति पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गई है। इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े ऐसे अस्पताल शिफा को घेर लिया है क्योंकि उसे हमास ने आतंकी केंद्र बना दिया है। इनका इस्तेमाल हमास के आतंकवादी कर रहे हैं। इस प्रकार आतंकी संगठन स्वयं फिलिस्तीनी जनता के सबसे बड़े दुश्मन बन गए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि जनता को ढाल बनाने वाले आतंकी या आतंकियों पर निशाना लगाने वाली सेना जाने-अनजाने निरीह व मासूम बच्चों का जीवन छीन रहे हैं। युद्ध कहीं भी हो, उसके शिकार बच्चे तथा मासूम नागरिक अधिक होते हैं। इस स्थिति से बचने के प्रयास वैश्विक स्तर पर होने चाहिए। दुनिया के सभी देशों को इज़राइल-हमास युद्ध से लावारिस हुए बच्चों को अपने देशों में बसाने की तैयारी करनी चाहिए। ये बच्चे विश्वशांति के प्रतीक बनेंगे।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

## प्लेटफार्म टिकट

**हालिया त्योहारों** पर प्लेटफार्म पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली व आनंद विहार स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर 13 से 18 नवम्बर तक अस्थायी रोक लगा दी है। यह निर्णय भले ही रेलवे की दृष्टि से ठीक हो, किन्तु बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के लिए परेशानी का सबब है। उनकी व उनके साथ लगेज को देखते हुए ट्रेन तक पहुँचने या प्लेटफॉर्म से बाहर जाने के लिए परिजन या सहयोगी जरुरी होता है। इन दिक्कतों को देखते हुए प्लेटफॉर्म टिकट पर लगी अस्थायी रोक हटाई जाए। त्योहारों के मौके पर स्टेशनों पर भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है और रेलवे इससे निपटने की तैयारी भी करता है, लेकिन हर बार उसकी तैयारियां विफल हो जाती हैं। इससे यह छवि बन रही है कि रेल विभाग वृद्धों, बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने के बजाय त्योहारों पर ज्यादा से ज्यादा टिकट बेच कर आमदनी करने में लग जाता है। प्लेटफार्म टिकट जैसी सुविधा स्थगित करना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। भविष्य में भी ऐसे फैसलों से बचना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अयोध्या के प्रसिद्ध कार्तिक मेला व परिक्रमा के लिए पुख्ता तैयारी

## ● स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थापित किए जाएंगे अस्थाई चिकित्सा शिविर, तीन सरकारी अस्पतालों में आरक्षित किए गए 50 बेड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या



**योगी** सरकार ने अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की सफलता के बाद अब कार्तिक स्नान मेला, अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा व पंचकोसी परिक्रमा में देश के कोने-कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम मणि शुक्ला को मेला प्रभारी बनाकर उन्हें मेला में स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है।

स्वास्थ्य विभाग ने कार्तिक स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के तीन बड़े अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज में 20 बेड, जिला चिकित्सालय पुरुष में 20 बेड और श्री राम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए हैं। इसके अलावा 15 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। मेला प्रभारी डॉक्टर राममणि शुक्ला ने बताया कंट्रोल रूम, हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, कनक भवन, राम जन्मभूमि, राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ, पक्का घाट, कारसेवक पुरम, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, झुनकी घाट, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, दशरथ महल व बंधा तिराहा पर अस्थाई चिकित्सा शिविर बनाए गए हैं। पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई चिकित्सा शिविर भी बनाया जा रहा है। किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में 10 स्थान पर हर समय एम्बुलेंस मौजूद रहेगी। यह एंबुलेंस पक्का घाट, बन्धा तिराहा, कंट्रोल रूम, साकेत पेट्रोल पंप, नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम जन्मभूमि, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर व बूथ नंबर चार पर मौजूद रहेगी। अयोध्या की प्रसिद्ध 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर 16 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित कर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मेला प्रभारी ने बताया कंट्रोल रूम हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हल्कारा का पुरवा, दर्शन दर्शन, नगर आचारी सगरा, मिर्जापुर, जौनौरा, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तार घाट, जमथरा, अफीम कोठी, अमानीगंज, चक्र तीर्थ, निर्मोचन घाट, झुनकी घाट पर अस्थाई चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। डॉ राम मणि शुक्ला ने बताया कंट्रोल रूम, हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हल्कारा का पुरवा, उदया चौराहा, मोहबरा, चक्रतीर्थ, निर्मोचन घाट व झुनकी घाट पर अस्थाई चिकित्सा शिविर का निर्माण किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में प्रत्येक दिन छह बजे से आठ बजे तक नियमित फागिंग कराई जाएगी। इसके अलावा एंटी लार्वा का प्रत्येक दिन छिड़काव किया जाएगा। यह व्यवस्था परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व वह समाप्त होने के दो दिन बाद तक जारी रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने बताया अयोध्या के कार्तिक मेला, 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा के लिए 54 चिकित्सा अधिकारी, एक महिला चिकित्सा अधिकारी, 54 फार्मासिस्ट, 54 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, चार सुपरवाइजर व लगभग 250 सफाई कर्मचारी को नियुक्त किया गया है।

# छठ और देव दीपावली को लेकर डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को किया अलर्ट

## ● संवेदनशील मामलों में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**धनतेरस,** दीपोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भइया दूज के सकुशल संपन्न होने के बाद योगी सरकार अब आगामी छठ पूजा और देव-दीपावली को लेकर अलर्ट मोड में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजीपी विजय कुमार की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्तों को डाला छठ और देव दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए कहा गया है। घाटों पर महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। सभी जिलों और कमिश्नरेट के आला पुलिस अधिकारियों को डाला छठ और देव दीपावली की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही ट्रैफिक रूट डायवर्जन और जाम से निपटने की स्थिति की समीक्षा के लिए भी कहा गया है। डीजीपी की ओर से सख्त निर्देश है कि पर्व-त्यौहार के दौरान यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही त्यौहारों की खरीदारी को देखते हुए बाजारों में भी एंटी रोमियो की टीम को हमेशा अलर्ट मोड में रखा जाए। प्रदेश के सभी पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के आयुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वो अपने यहां थानों में लंबित मामलों में समय से विवेचना को निस्तारित कराएं। साथ ही सर्किलवार अपराध समीक्षा गोष्ठी में अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए मातहत पुलिसकर्मियों को अभी से निर्देश जारी कर दें। इसके अलावा संवेदनशील मामलों में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करें और रिपोर्ट तैयार करते हुए आवश्यक कार्रवाई तय समय में सुनिश्चित करें। इसके अलावा आईजीआरएस पोर्टल या जन शिकायत पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें और नियमित फीडबैक प्राप्त करें। साथ ही अपने अपने जिलों के असामाजिक तत्वों की निगरानी में और सख्ती बरतें। आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। गुंडों, माफिया की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भी पुलिस कप्तानों और पुलिस कमिश्नरों को निर्देशित किया गया है।

# भाजपा राज में महंगाई चरम पर है: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई गरीबों को केवल राशन देकर वोट लेने का काम कर रहे है। नौकरी, रोजगार के अवसर प्रदान करने के बजाय उन्हें बेरोजगार और बीमार बना रहे है। उनके लिए नौकरी, रोजगार, शिक्षा और दवाई की कोई सुविधाएं नहीं है। इसलिए इस विधानसभा चुनाव में सबको भाजपा को सबक सिखाने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस में चमत्कार हो गया और वे कह रहे हैं कि हम समाज का एक्सरे करेंगे। जातीय जनगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि हम पूछना चाहते हैं कि आजादी के बाद जब एक्सरे होना था तो क्यों नहीं कर पाए। जागरूक जनता जानती है कि अब एक्सरे से जो मर्ज नहीं पकड़ में आती है वह सिटी स्कैन और एमआरआई से डॉक्टर कमी जान लेते है। जहां भाजपा कांग्रेस की सरकारें है वहां जाति जनगणना नहीं हुई है। हम जब सरकार में आएंगे तो तुरन्त जातीय जनगणना कराएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जुमलेबाजी की और झूठे वादे किए। भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। डीजल, पेट्रोल की कीमते बढ़ती गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगनी कर देंगे पर किसानों के खेतों तक क्या पानी पहुंच पा रहा है, महिलाएं असुरक्षित है। भाजपा-कांग्रेस ने विकास किया नहीं, जनता को बदहाली में पहुंचा दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस ने मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू नहीं की थी, लागू तब हुए जब पिछड़े वर्ग के नेता ताकतवर हुए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का दुर्भाग्य देखिए आबादी में ज्यादा और गिनती में भी ज्यादा हैं। लेकिन उन्हें मंडल कमीशन की सिफारिशों के अनुसार 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। हम समाजवादियों को जब मौका मिलेगा तब जातीय जनगणना कराने का काम करेंगे और उन्हें आबादी के हिसाब से आरक्षण का लाभ दिलाने का काम करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश हमारे बगल का प्रदेश है। अपने समाजवादी साथियों को बताना चाहते हैं कि इस बार समाजवादी यहां से हटने नहीं जा रहे है बल्कि मध्य प्रदेश में हम लोग बसने जा रहे है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जो संविधान दिया था उस संविधान के तहत अपने दलित, पिछड़े भाइयों को अधिकार दिलाने का काम समाजवादी लोग करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार साइकिल पहले से ज्यादा तेज रफ्तार में है। भाजपा के पाप का घड़ा भर चुका है। भाजपा का सफाया होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के 20 साल और दिल्ली के 10 साल की भाजपा सरकार का हिसाब करना है।

# भाजपा देश के महिलाओं के सम्मान की घोर विरोधी हैं: स्वामी प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देवी** लक्ष्मी पर बयान देकर विरोधियों के निशाने पर आए समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब सफाई दी है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो लोग भी मेरे बयान की निंदा कर रहे हैं वह मेरा नहीं महिलाओं के सम्मान का विरोध कर रहे हैं। स्वामी प्रसाद ने भाजपा को भी निशाने साधते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान दिलाने की मेरी अपील पर जिस तरीके से भाजपा विरोध कर रही है, उससे प्रतीत होता है कि भाजपा देश के महिलाओ के सम्मान की घोर विरोधी हैं। भाजपा सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण व नारी वंदन योजना दिखावा व छलावा है। यदि महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा गंभीर होती तो महिलाओ के सम्मान में दिये गये बयान का विरोध नहीं करती। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैंने मुख्य रूप से 2 चीजों के बारे में बात की, एक वैज्ञानिक सोच विकसित करने के बारे में और दूसरा महिलाओं को सम्मान देने के बारे में। और जो लोग इसकी निंदा कर रहे हैं वो स्वामी प्रसाद मौर्य का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि वो महिलाओं के सम्मान का विरोध कर रहे हैं। भाजपा के लोग सबको दिखाने के लिए नारी सशक्तिकरण योजना 'नारी वंदन योजना' चला रहे हैं और फिर मेरे बयान को विवादास्पद बताकर उसकी निंदा कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि उनकी महिला सशक्तिकरण योजना महज दिखावा है। स्वामी प्रसाद ने कहा कि जो भी मैंने लिखा है वह सब व्यवहारिक, वैज्ञानिक और सनातन पर आधारित है। सही मायने में घर की लक्ष्मी को घर वाली ही होती है। जितने बेहतर तरीके से घर की रखवाली, घर का रखरखाव, सुख संमृद्धि और परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता घर वाली करती है कोई नहीं कर सकता है। घर वाली को इसलिए ही गृहणी कहा जाता है। गृहणी नहीं है तो घर भी नहीं है। इसलिए जब घर की लक्ष्मी घर वाली है तो उसकी पूजा करने में एतराज क्यों। स्वामी प्रसाद ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। अर्थात जहां स्त्रियों का सम्मान होता है, वहीं पर सुख समृद्धि होती है। वहीं पर बेहतरी और तरक्की के रास्ते खुलते हैं। इसलिए हमें अपनी घरवाली का सम्मान करना चाहिए, पूजा भी करना चाहिए। उनकी आरती करनी चाहिए और फूल माला भी पहनाना चाहिए। इसकी सही हकदार वही हैं।

# लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

## ● बसपा के भी डेढ़ दर्जन नेताओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विभिन्न पदों पर रहे फैजाबाद जनपद के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शैलेन्द्र रावत ने अपने लगभग 4 दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर व पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल कराया।

इसके साथ ही बहुजन समाज पार्टी के विभिन्न जनपदों के लगभग डेढ़ दर्जन नेताओं ने भी कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (प्रभारी प्रशासन) दिनेश सिंह ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर व पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल कराया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि शैलेन्द्र रावत के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में फैजाबाद जनपद से लोकजनशक्ति पार्टी के जनार्दन मिश्र-पूर्व सभासद, उमेश गौतम, जगप्रसाद रावत, अजय रावत, अमरानाथ सरोज, दिलीप कुमार, कपिल कुमार, रामू रावत, अजीत, कुलदीप, सोनू रावत, दुर्गेश कुमार, सुनील कुमार, संदीप रावत, जितेन्द्र रावत, वंशीलाल रावत आदि के नाम प्रमुख हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री राज बहादुर, उप्र कांग्रेस कमेटी के संगठन सचिव अनिल यादव, उप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम, उप्र कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश वाइस चेयरमैन डॉ. पीके त्यागी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिनेश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जायेगा:जयवीर

## ● प्रधानमंत्री ने आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया:असीम अरूण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि यूपी में लगभग 15 जनजातियॉ निवास करती हैं। इसमें थारू जनजाति की संख्या सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि लोकनायक बिरसा मुण्डा ने अग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। आदिवासियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। आज का दिन उन्हें स्मरण करने का दिन है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि थारू सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं जनसमुदाय को परिचित कराने के लिए जनपद बलरामपुर के इमिलिया कोडर में जनजाति संग्रहालय को निर्माण कराया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह बात बुधवार को जनजाति लोकनायक बिरसा मुण्डा के 148वें जयन्ती के अवसर पर संगीत नाटक अकादमी के प्रांगण में 7 दिवसीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ करने के दौरान कही।

इस मौके पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप देने का प्रयास किया जायेगा। जिससे भारत की आदिवासी संस्कृति का वैश्विक स्तर पर आदान प्रदान हो और एक दूसरे की सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासत तथा मान्यताओं को साझा किया जा सके। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासों को भावी पीढ़ी तक पहुचाने की जरूरत है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को लखनऊ तथा आस पास के जनपदों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने इस गौरव दिवस का आयोजन कराया है। भारत सरकार ने बिरसा मुण्डा को सम्मान दिया है। आदिवासी समाज हमेशा से जलए जंगल और जमीन को बचाते हुए देश की एकताए अखण्डता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 17 राज्यों की जनजातियॉ भाग ले रही है। इसके दौरान उनके विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। आदिवासियों के खान पान, भेष भूषा, परिधान, खेलकूद, गीत नृत्य संगीत का भी प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने कहा कि यूपी में 14 से 15 लाख आदिवासी परिवार निवास करता है। एक सप्ताह तक देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए जनजाति समुदाय रंग बिरंगे वस्त्रों तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुण्डा को सम्मान दिया है। इसके साथ ही आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हैं। जो आज देश की सर्वोच्च्व कुर्सी पर बैठी हुई हैं। मंत्री असीम अरूण ने कहा कि इस आयोजन के दौरान आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा होगी। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य, उद्यमिता एवं उद्योग धंधों तथा भविष्य में इन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्कृति पर्यटन सहित अन्य विभागों की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ नगाड़ा बजाकर किया तथा भगवार बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, नागालैण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम के जनजाति कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम ने कहा कि यूपी के 19 जनपदों में 15 जनजातियॉ निवास करती हैं। उनके चौमुखी विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है। पिछले साल सोनभद्र में एक भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें 10 हजार जनजाति के लोग शामिल हुए थे।

उन्होंने कहा कि 17 राज्यों के लगभग 325 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन के दौरान भागीदारी भवन में आदिवासियों की संस्कृतिए कलाए व्यंजनए परिधानए हस्तशिल्प आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम, लोक एवं जनजाति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी, उप निदेशक डॉ. प्रियंका सहित कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना

# अबतक 59149.69 करोड़ रूपये का किसानों को किया गया भुगतान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रारम्भ से 31 अक्टूबर 2023 तक सभी 14 किस्तों को सम्मिलित करते अब तक कुल 59149.69 करोड़ रूपये का भुगतान कर किसानों को लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से किसानों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक चार माह में 2000 रूपए क़िस्त की दर से वर्ष में कुल 6000 रूपए किसानो के खातों में स्थानान्तरित कर दिसम्बर 2018 से प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना प्रारम्भ की गयी। उत्तर प्रदेश में योजना के प्रारम्भ से अब तक 26221,153 कृषक आच्छादित है, जिन्हें कम से कम एक बार योजना से प्रधामन्त्री किसान सम्मान निधि की क़िस्त प्राप्त हुई है। कृषि मंत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 15 वीं किस्त को पाने के लिए लाभार्थियों के भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं ईकेवाईसी को अनिवार्य किया गया है ।

प्रदेश में 2.26 करोड़ पात्र कृषकों का भूलेख अंकन, 2.04 करोड़ कृषकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं 1.77 करोड़ कृषकों का ई केवाईसी पूर्ण किया गया है । प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवंबर 2023 को खूंटी, झारखंड से देश के 8 करोड़ से अधिक किसानों को 15 वीं किस्त के तहत 18000 करोड़ रुपए की सम्मान निधि का स्थानांतरण किया गया, जिसमें प्रदेश के 174.28 लाख किसानों को रुपए 3849 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की गई है । ओपन स्रोत से पंजीकृत 5.25 लाख कृषकों का डाटा प्रदेश सरकार द्वारा अप्रूव किया गया है, जिसका भुगतान भारत सरकार के स्तर पर प्रक्रिया गत है । अब तक भूलेख अंकित, बैंक खाते का आधार सीडिंग एवं ई केवाईसी संपन्न कुल 177 लाख कृषक एवं ओपन सोर्स से पंजीकृत 5.25 लाख कुल 182.25 कृषकों के भुगतान की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है । इनमें से एक 174.28 लाख कृषकों को 15 वीं क़िस्त आज निर्गत की गई है । शेष कृषकों को आगामी दिनों में 15 वीं किस्त निर्गत की जाएगी । ऐसे कृषक जिनका भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग अथवा ई केवाईसी पूर्ण न होने के कारण 15 वीं किस्त में धनराशि प्राप्त नहीं हुई हो, वे विकासखंड, तहसील एवं जनपद स्तर पर आयोजित पीएम किसान हेल्प डेस्क कैंप में जाकर अपना भूलेख अंकन ए बैंक खाते का आधार सीडिंग अथवा ई केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं ।

# एसटीएफ ने हत्या में वांछित राजस्थान के ईनामी अपराधी को आगरा से किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजस्थान** के भरतपुर जिले में थाना हलैना से हत्या के एक मामामे में वांछित और 50 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित अपराधी कृष्णा उर्फ करतार सिंह को एसटीएफ ने आगरा के सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अपराधी के पास से एक तमंचा, कारतूस और फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक टाटा सफारी की गाड़ी बरामद हुई।

ईनामी अपराधियों के संबंध में छानबीन कर रही एसटीएफ की सूचना मिली कि कृष्णा उर्फ करतार सिंह उर्फ कृष्ण अवतार सिंह जनपद आगरा के विनायक गार्डन थाना सदर क्षेत्र में मौजूद है। जो थोड़ी देर में अपनी सफारी गाड़ी से कही जाने की फिराक में है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर कृष्णा उर्फ करतार सिंह को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साल 2016 में उसके दोस्त राजू का झगड़ा कपिल नाम के लड़के से हुआ था। उसने मारपीट की रिपोर्ट मथुरा गेट भरतपुर राजस्थान में कराई। जिसका हमारा बाद मे राजीनामा हो गया। साल 2017 योगी सरंपच सेनावली, थाना उधोगनगर, भरतपुर, राजस्थान में उसका जमीनी विवाद में झगड़ा हो गया था। जिसमें थाना डींग गेट मे 307 का मुकदमा लिखा गया था। जिसमें 20 दिन बाद जमानत हो गयी थी। फिर 2019 में शिवम कुन्तल निवासी अजान कुम्हेर, भरतपुर, राजस्थान से झगड़े में अजान की मां को गोली गलती से लग गयी थी तो अजान कुम्हेर ने उसके व शेखर के नाम थाना मथुरा गेट, भरतपुर, राजस्थान मे 307 आईपीसी का मुकदमा लिखाया था। इस अभियोग के पंजीकृत होने पर वह गिरफ्तारी से डर से फरार हो गया। इसी बीच 2020 मे शिवम कुन्तल निवासी अजान कुम्हेर से उसका दोबारा झगड़ा हो गया, जिसमें मुकुल लवानिया नाम के आदमी को मेरे गांव के भतीजे अभिषेक निवासी ग्राम हथेनी, थाना चिकसाना, भरतपुर, राजस्थान द्वारा गोली चला दी थी, जिसमें मुकुट लवानिया की मौत हो गयी थी। जिसका मुकदमा भरतपुर गेट में लिखा गया था। इस अभियोग में दूसरी बार जेल गया फिर 2022 में जमानत पर आ गया। 12 जुलाई 2023 को अमोली टोल प्लाजा थाना हलैना पर पुलिस अभिरक्षा में कुलदीप उर्फ कुमरदीप जगीना निवासी जगीना, थाना उधोग नगर, भरतपुर, राजस्थान की गैंगवार में हत्या कर दी गई थी। जिसमें मैंने हत्या करने वाले अपराधियो को असलहा उपलब्ध कराया था। जिसका मुकदमा थाना हलैना, भरतपुर, राजस्थान में लिखा गया। जिसमें मैं फरार चल रहा था।

# प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 9 दिसम्बर को

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी का स्वरूप एवं आगामी कार्यक्रमों के निर्धारण के लिए राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जायेगी। जिसको राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह संबोधित करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की इस बैठक में पार्टी के सभी विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, सभी क्षेत्रीय मण्डल व जिला व नगर अध्यक्षों तथा सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। दुबे ने बताया कि बैठक में सरकार की किसानों के प्रति उदासीनता और किसानों की दुर्दशा और बदहाली से मुक्ति दिलाने के लिए रणनीति बनाने, गन्ना किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य दिलाने व असंतुलित वर्षा के कारण किसानों की क्षतिग्रस्त सूखी फसलों का मुआवजा व किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव पर भी चर्चा की जायेगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयन्ती 23 दिसंबर 2023 से स्व कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती 24 जनवरी 2024 तक एमएसपी पर कानून बनाने, गन्ना मूल्य बढ़ाने और प्रदेश में लगभग 1 लाख सरकारी पदों पर स्थाई भर्ती किये जाने, छात्रसंघों की बहाली तथा संविधान व लोकतंत्र बचाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में एक माह तक लोक जागरण अभियान चलायेगा। इस अभियान में रालोद कार्यकर्ता अपने अपने जनपदों में पदयात्रा,साइकिल एवं मोटरसाइकिल यात्राएं तथा नुक्कड सभा, सेमिनार, गोष्ठी एवं चौपाल आदि कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# जनजाति गौरव दिवस का आगाज, गवर्नर ने किया शुभारंभ

● पीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, लिया गया संकल्प ●राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री संग स्टॉलो का किया अवलोकन, दी लाभार्थियों को सौगाते

●गवर्नर ने सैम श्रेणी के शिशुओं को दुलारा, बाटी पोषण पोटली आईईसी वैन बनी आकर्षण का केंद्र राज्यपाल ने किया अवलोकन



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को खीरी जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम धुसकिया में जनजाति गौरव दिवसए का आगाज हुआए जिसका शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के साथ फीता काट कर किया। जनजाति गौरव दिवसए कार्यक्रम में शिरकत करने के लिये सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी की पलिया हवाई पट्टी पहुँचीए जहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह.एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद गवर्नर का काफिला कार्यक्रम स्थल धुसकिया पहुंचा गवर्नर ने केंद्रीय मंत्री संग विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं.बालिकाओं से एक एक कर मुलाकात कर संवाद किया। एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं थारू महिलाओं ने थारू होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। इसके बाद विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें दी। इसके बाद झारखंड से आयोजित पीएम के प्रोग्राम की लाइव स्ट्रीमिंग देखीए सुनी। कार्यक्रम का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनजाति के उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा की जन्म जयंती की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए किए गए योगदान व उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीएम के उद्बोधन को आप सभी ने पूरे मन से सुना है। पीएम ने आप सभी के सामने महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजनाओं को रखा हैए इसका लाभ उठाएं। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना अफ्सर की जिम्मेदारी है। अफ्सर इस अभियान के जरिए आदिवासी भाई बहनों तक योजनाओं को लेकर पहुंचे। हमारी और प्रधान की समेकित जिम्मेदारी है। 05 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को उंगली पकड़ कर स्कूल तक पहुंचाएं।

कमियों को ढूंढना और दूर करना पड़ेगा। स्टालों के अवलोकन का जिक्र करते हुए कहा कि जब राशन कार्ड का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा है तो आयुष्मान योजना का क्यों नहीं। पूरे प्रयास किए जाएंए जो परिवार बाहर चले गए हैंए वह त्यौहार में घरों को आए होगे। जिम्मेदारीपूर्वक प्रयास करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति कार्ड से वंचित न रहने पाए। आदिवासी समाज तक घर.घर जाने की बात हो रही है। यात्रा हमारे गांव कब आने वाली है। इसकी जानकारी अवश्य रखें। ताकि आप योजनाओं का लाभ के लिए दरवाजे पर इनरोल हो सके।

उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद एक महिला को आवास मिला। कितनी खुशी मिलती होगी। उन्होंने कहा कि मैं वर्षों तक मोदी जी के नेतृत्व में काम किया। उन्होंने पीएम ने आज के भाषण में जिक्र किया कि पीएम ने आदिवासी भाइयों का नमक खाया हैए जिसे वह आज अदा कर रहे हैं। कठिन परिस्थितियों में थारू जनजाति पूरी सूझबूझ और ताकत से काम कर रही हैं, यदि उन्हें सहायता मिलेगी तो वह बहुत आगे जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छे विद्यालयों एवं हॉस्टलों में 15 दिनों के लिए भेजें ताकि वह वहां के तरीकों से अवेयर हो सकें।

जनजातीय क्षेत्र के लोगों का आवाह्वन करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आए और पीएम के इस अभियान से जुड़े। चिकित्सा, शिक्षा एवं बाल विकास विभाग संकलित होकर बच्चों की सभी जांच एवं टीकाकरण को सुनिश्चित कराए। ग्राम प्रधान विकास कार्य के पैसे को सदुप्रयोग करें। गांव की आंगनवाड़ी को आदर्श एवं संसाधन युक्त बनाएं। पीएम द्वारा दिए गए चार स्तंभों के हिसाब से घर.घर तक लाभ पहुंचेए इसे मिलकर सुनिश्चित कराए। उन्होंने विश्वास जताया कि अफ्सर और ग्रामीण मिलकर इस संकल्प को पूरा करने की साकार करेंगे।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा की जन्म जयंती की शुभकामनाएं दी। जनजाति भाई बहनों की स्वतंत्रता संग्राम में जो भूमिका रहीए उसे रेखांकित करने के उद्देश्य से सरकार ने न केवल संग्रहालय बनाया बल्कि देश में 10 नए संग्रहालय बनाकर सबको उनसे अवगत कराने का काम किया जाएगा। पीएम मानते हैं कि आदिवासी क्षेत्र में रहने वाले भाई.बहनो की देश में बड़ी भूमिका रही है। आप देश के आदि निवासी हैं। पीएम ने देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली आदिवासी महिला को चुना। संवैधानिक रूप से वह देश की प्रथम नागरिक है। पीएम ने ष्मन की बातष् के 100 एपिसोड में करीब 25 बार जनजातियों का जिक्र करते हुए उनकी भूमिका को रेखांकित किया। आपकी जीवन शैली सबको प्रेरितए प्रोत्साहित करती है। जनजाति के समग्र विकास के लिए पीएम ने कई योजनाएं चलाई। जनजातीय समूह एवं संस्कृति के विकास के लिए पीएम आदर्श आदि ग्राम योजना शुरू की। उन्होंने जनजाति विकास के लिए किए गए नए प्रावधानों एवं बजट में बढ़ोतरी का विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में अपर मुख्य सचिव (नियुक्ति/कार्मिक (कृषि) देवेश चतुर्वेदी ने राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की कार्यक्रम में जो भी दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के वासिंदो से इस कार्यक्रम से जुडने का आवाह्वन किया। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन के जरिए झारखंड के खूंटी में तीसरे जनजातीय गौरव दिवसए 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुईए जिसे राज्यपालए केंद्रीय मंत्री सहित अफ्सरो एवं जनजातीय क्षेत्र के वासिंदो ने देखा और सुना।

राज्यपाल ने केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी, डीएम.एसपी के साथ केंद्र, जनकल्याणकारी योजनाओ पर आधारित बैंकिंग, समाज कल्याण, कृषि, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, खाद एवं रसद, जनजाति विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टालो का अवलोकन कर जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। गवर्नर ने जनजाति स्टाल पर उपलब्ध थारू हस्त उत्पाद की प्रशंसा की। इसके बाद राज्यपाल ने सैम श्रेणी के आदि कुपोषित शिशु विष्णु, अरुल, अवनी, कार्तिक, पायल को दुलारते हुए सुपोषण किट (पोषण पोटली) वितरित की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय कुमार मिश्र टेनी के साथ आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन का अवलोकन किया। निर्देश दिए कि यह वैन निर्धारित रोस्टर के अनुसार जनजातीय क्षेत्र के सभी 24 गांव में दस्तक देकर सभी पात्रों को योजनाओं से संतृप्त कराए।

गवर्नर ने केंद्रीय मंत्री के साथ पीएम आवास योजना की लाभार्थी अर्पिताए मैना देवी, ममता, राखी को चाभी और आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष्मान योजना के लाभार्थी पालूराम, दाशनी देवी, जय किशन, स्नेहा, दीपाशी को गोल्डन कार्ड प्रदान किया। पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी अजय, परशुराम, आसाराम, रामबरन, मंगल सिंह को प्रतीकात्मक चेक प्रदान की। गवर्नर ने जनजाति क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए फूल सिंह राणा, मूर्ति कला के लिए सोनम राणा, एकलव्य विद्यालय के मेधावी छात्र सिद्धांत राणा राहुल राणा, सहिलता, आयुष राणा, चेतना, आंगनवाड़ी वर्कर माया देवी आजीविका सखी बिना कुमारी वरिष्ठ सीआरपी रामकली, ग्राम प्रधान पेड़ा देवी, स्वास्थ्य विभाग से कांति थारू को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के दौरान बटन दबाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त किसानों के खातों में भेजी। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि इस योजना के तहत खीरी के 04 लाख 18 हजार 604 किसानों के खातों में 2000 प्रति किसान की दर से कुल 83 करोड़ 72 लाख की धनराशि ऑनलाइन उनके खातों में अंतरित किए गए।

# जिला कारागार में बहनों ने भाइयों के साथ मनाया भाईदूज

● जेल अधीक्षक नें कैदियों को शांतिपूर्वक रहनें का संदेश दिया



कारागार में लाईन लगाये महिलायें व जानकारी लेते जेल अधीक्षक।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सनातन धर्म के पावन पर्व भाई दूज को कारागार में जेल अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मनाया गया। जिसके दृष्टिगत कारागार में 459 महिला मुलाकातियों की 262 पुरूष बंदियों से मुलाकात करायी गयी। मुलाकातियों के साथ 219 बच्चे भी साथ में आये। उक्त पर्व पर कारागार स्तर से कारागार के अन्दर कैम्प लगाकर बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी।

कारागार स्तर से मनाये गये भाई दूज के पर्व पर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी नें महिला मुलाकातियों से भी वार्ता कर मुलाकात में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी परन्तु उनके द्वारा मुलाकात में किसी भी प्रकार कोई परेशानी नहीं बतायी गयी। कारागार के अन्दर भी बंदियों से पूछताछ की गयी। उक्त कार्यक्रम के समापन पर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी बंदियों को अनुशासन के साथ शान्तिपूर्वक रहने का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुलाकातियों एवं बंदियों में अति उत्साह देखा गया। उक्त कार्यक्रम मे कारापाल विजय कमार शुक्ला, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, कनिष्ठ सहायक, कुलदीप कुमार जेल वार्डर, सुनील मिश्रा, संजीव कुमार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बरेली।** थाना शाही क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी भूरे का पुत्र अरमान की शादी बहेड़ी क्षेत्र के गांव सकरस की रहने बाली रवीना से हुई थी दोनों पति-पत्नी साथ रहते थे आठ माह से अरमान और उसकी पत्नी रवीना दोनों लोग रवीना के मायके सकरस में रहने लगे। अरमान को 11 नवंबर को ससुराल वालों ने रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया और अरमान के बहनोई गुलाम साबिर को फोन करके सूचना दी की अरमान की तबीयत खराब है रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। गुलाम साबिर ने अरमान के भाई मोहम्मद अखलाक को सूचना दी मोहम्मद अखलाक अस्पताल पहुंचे अरमान बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती था अरमान को डॉक्टर ने जवाब दे दिया बहा से अरमान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के दौरान अरमान की मौत हो गई मोहम्मद अखलाक का आरोप है कि ससुराल वालों ने अरमान की पिटाई की है जिस कारण उसकी मौत हुई है।

## क्विक न्यूज

## कायस्थ समाज ने किया श्री चित्रगुप्त चौक पर कलम दवात का हवन पूजन



**बरेली।** बुधवार को यमद्वितीया के उपलक्ष्य में श्री चित्रगुप्त सेवा समिति द्वारा कोहड़ापीर पेट्रोल पंप स्थित श्री चित्रगुप्त चौक पर अपने अराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के प्रतीक चिन्ह कलम दवात का हवन पूजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश युवाध्यक्ष पार्षद गौरव सक्सेना ने चित्रांश बंधुओं के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर सभी ने पूरे ब्रह्माण्ड में पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले श्री चित्रगुप्त भगवान से समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना की, गौरव सक्सेना ने बताया कि कायस्थ समाज के सभी लोग दिपावली से कलम का कार्य नही करते फिर यमद्वितीया के दिन अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी की एवं उनके प्रतीक चिन्ह कलम दवात की पूजन के उपरांत ही कलम उठाते हैं एवं उससे कार्य करते हैं। इस अवसर पर अनिलेश सक्सेना, शिव कुमार बरतरिया, प्रदीप सक्सेना, जिला महामंत्री अतुल सक्सेना, चित्रांश महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना, अविनाश सक्सेना, युवाध्यक्ष शक्ति कुमार मंगलम, अनिल कंचन, पंकज जौहरी, अंकुर सक्सेना, रवि सक्सेना, आदित्य सक्सेना, सलिल सक्सेना, दिनेश सक्सेना, मनोज जौहरी, दीपक सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, अशोक कुमार श्रीवास्तव, मनी सक्सेना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत दो घायल

**बरेली।** ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो मजदूरों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और दो घायल हो गए घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव वसुंधरा निवासी जोगेंद्र और संजीव की आज सुबह तड़के सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के परिजनों ने बताया कि जोगेंद्र और संजीव देवरनिया स्थित एक एट भट्टे पर काम करते थे और आज सुबह तड़के ईट भट्टे से एक ट्रैक्टर ट्राली में ईट लाद कर उन्हें बहेड़ी छोड़ने के लिए चले थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद ही तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली पर सवार चारो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक संजीव और जोगेंद्र की मौत हो चुकी थी पुलिस ने दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और दुर्घटना की सूचना मृतकों के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शवों की पहचान कर ली पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** पति-पत्नी के बीच बच्चों के कारण विवाद हो गया जिसके चलते नाराज पत्नी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई पुलिस ने लास्ट को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । भुता थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी वेदपाल अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसकी पत्नी नन्ही देवी को मृत्यु घोषित कर दिया वेदपाल ने बताया कि उसकी पत्नी बच्चों से मारपीटकर रही थी बच्चे काफी शोर मचा रहे थे बच्चों के रोने की आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचा तो उसने देखा की पत्नी नन्ही देवी बच्चों के साथ मारपीट कर रही है उसने पत्नी को डालते हुए बच्चों के साथ मारपीट करने से मना किया जिससे वह नाराज हो कुछ देर बाद ही उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई वह उसे पहले स्थानीय डॉक्टर के पास ले गया और फिर हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और डॉक्टर ने वहां पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम को भेजा।

## खूंखार कुत्तों मासूम पर किया हमला, मौत

**बरेली।** चारा लेने गई मां का घर में ही इंतजार करने के बाद मासूम मां को देखने के लिए खेत की ओर गया लेकिन रास्ते में आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा वह थाना शेरगढ़ निवासी सरोज देवी के 4 वर्षीय बेटे दक्ष की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था सरोज ने बताया कि कल शाम वह अपने बड़े बेटे आनंद को साथ लेकर घर के पालतू जानवरों को चारा लेने के लिए खेत पर गई थी वह छोटे बेटे 4 वर्षीय दक्ष को घर पर ही अकेला छोड़ गई थी और दक्ष ने कुछ देर तक उसके लौटने का इंतजार करने के बाद उसे तलाशने के लिए खेत पर जाने का फैसला किया लेकिन जब वह अकेले ही खेत पर जा रहा था तो आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया उसके चीखने की आवाज सुनकर जब तक गांव के लोग मौके पर पहुंचे कुत्ते उसे बुरी तरह घायल कर चुके थे लोगों ने किसी तरह कुत्तों को भगाने के बाद सरोज देवी को घटना की जानकारी दी वह तुरंत मौके पर पहुंची और घायल दक्ष को इलाज के लिए अस्पताल ले गई जहां बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार गांव में आवारा कुत्तों के आतंक से कई लोग घायल हो चुके हैं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अपराधियों में दहशत और आमजन में खुशहाली ही प्राथमिकताः एसओ



**ढखेरवा खीरी।** अपराधियों में दहशत और आम जनता में खुशहाली ही पुलिस अधिकारी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। यह निर्देश ढखेरवा पुलिस चौकी में मंगलवार दोपहर आयोजित एक परिचय बैठक के दौरान एसओ हनुमंत लाल तिवारी ने नवागत चौकी इंचार्ज गौरव सिंह को दिया। व्यापारियों और ग्राम प्रधानों की आयोजित संयुक्त बैठक में चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने सभी से परिचय के बाद क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए सभी से सुझाव और सहयोग की अपील भी किया। बैठक में एसओ हनुमन्त लाल तिवारी ने सभी से संवाद करते हुए नवागत चौकी इंचार्ज गौरव सिंह के लिए सहयोग करने की बात कही। बैठक में जिपं सदस्य राकेश वर्माए व्यापार मंडल के अटल मनारए कुलदीप बरनवालए चंद्रिका प्रसाद मौर्यए बृजपाल सिंहए शिवा सिंह गोलूए कपिल गुप्ताए अशोक लालाए राकेश मौर्यए प्रधान अनिल मौर्यए सुरेंद्र मोहन वर्माए अनीस खान तथा रहीस अहमद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और चौकी क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# बच्चे अपनी शिक्षा की ओर पूर्ण समर्पित रहेंः अशोक कुमार

● धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों के साथ काटा केक

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भारत** के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी को बच्चे काफी प्रिय थे। प्रधानमंत्री होने के बावजूद अपने व्यस्त समय में से प्रतिदिन कुछ समय बच्चों के लिए निकाल ही लेते थे और स्वयं को प्रधानमंत्री भूलकर बच्चे बनकर उनके साथ खेलते थे। इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारा करते थे।

यह बात मंगलवार को प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पूर्व विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार व प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से चाचा नेहरू तथा मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन है। जिसे उन्होंने बच्चों को समर्पित कर दिया था इसलिए इसे बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। बच्चे अपने शिक्षा की ओर पूर्ण समर्पित रहें और देश, प्रदेश, क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन करें। अनुशासन देश को महान बनाता है।



पं नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करते व केक काटते संस्थापक व प्रधानाचार्य।

आज के समय में अनुशासन की कमी पायी जा रही है। आज का समय टेक्नीकल होता जा रहा परन्तु अपनी सभ्यता धूमिल होती जा रही हैं। इसलिए बच्चों को टेक्नीकल शिक्षा के साथ भारतीय सभ्यताओं से रूबरू कराते रहना भी आवश्यक है। ताकि आने वाले समय में प्राचीन भारत बना रहे। इससे पहले छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के संस्थापक व प्रधानाचार्य ने केक काटकर बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं साथ ही बच्चों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षक चन्द्र प्रकाश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, राशिद खां, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, अमन यादव, सचिन कुमार, दीपिका तिवारी, लक्ष्मी शर्मा, संध्या यादव, वैष्णवी पाल, कु0 सलोनी, नाजरीन बानो, शिवम पाल, कु0 सुचेता, प्रभा, पुष्पा राजपूत सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## करंट लगने से एलआइसी क्लर्क की मौत

**बरेली।** नहाने जा रहे युवक की नल में करंट आने से मौत हो गई। परिवार वाले जब तक कुछ करते काफी देर हो चुकी थी उसकी मौके पर ही मौत हो गई परिवार में कोहराम मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।थाना बारादरी के गांव डोहरा निवासी विजयपाल पुत्र दुर्गा प्रशाद कि कल शाम घर में ही नहाते समय करंट लगने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि विजय पाल भारतीय जीवन बीमा निगम में में क्लर्क के पद पर कार्यरत था मंगलवार को शाम वह नहाने जा रहा था इस दौरान नल में करंट उतर आया और वह करंट की चपेट में आ गया बहन नहा कर नहीं लौटा तो परिवार वाले उसको देखने पहुंचे और और करंट से अलग करने के बाद वह उसको अस्साल ले गए जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# गौ पूजन करने में देवताओं का पूजन हो जाता हैः सत्य प्रकाश

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी



**धर्मादा** समिति गौशाला ने अपने 15वें गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजन के द्वितीय दिन के अवसर पर पैरामाउंट कोचिंग संस्थान एवं उन्नकेश कृषि संस्थान द्वारा गौ माता की स्नान.पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि डाक्टर यदुलेश मुरारी सक्सेना, डाक्टर राहुल बाजपेई, विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला तथा द्वितीय दिन के आयोजक विनीत सिंह भदौरिया व पटेल सुशील वर्मा जी के द्वारा गौ स्नान . पूजन से हुआ। तत्पश्चात चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू न कहा समाज के कल्याण के लिए गौ माता विना भेदभाव के सबका उद्धार करने के लिए इस भू लोक पर अवतरित हुई है।

इस अवसर डाक्टर राहुल बाजपेई, विनीत सिंह भदौरिया, पटेल शुशील वर्मा, किरन सिंह, संजय पाठक, सतीश चंद्र वर्मा, डा. पियूष शुक्ला, श्याम सिंह कुशवाहा, सभासद सौरभ तिवारी, अनुपम कुमार, रविन्द्र भारद्वाज, कुलदीप तिवारी, सौरभ सिंह चौहान, युवा नेता सचिन सिंह, धीरज बाजपेई, आयुष शुक्ला, श्याम राजपूत, अजय बहादुर, अजय बाजपेई, दिलीप सिंह, विजय बहादुर, आशतोष मिश्रा, विमलेश वर्मा, अरविन्द मिश्रा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी मनोज बाथम, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।

# डेढ दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटा, जिम्मेदारों ने नहीं की कार्रवाई

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**पिछले** कई दिनों से नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों के कारण लोगों का नगर की सड़कों पर निकलना मुश्किल है, लोग किसी तरह खुद को बचाकर बमुश्किल खरीददारीव अन्य कार्यो के लिए घरों से बाहर निकलते हैं। वहीं इन आवारा कुत्तों के झुंड के कारण लोग काफी भयभीत हो जाते है। वहीं बुधवार को एक कुत्ता पागल हो गया। जिसने लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को काट लिया। जिससे नगर में भगदड़ सी मची गई। मुहल्ला देवीस्थान, पीडी भारतीय इंटर कालेज स्कूल के पास, गुरुद्वारा व गारवपुर गांव सहित तमाम जगह पर कुत्ते ने कई लोगों को काट लिया। जिससे सीएचसी में इलाज कराने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही, वहीं दो बच्चों की गंभीर को देखते हुए उन्हें शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। लोगों ने पागल कुत्ते को पकड़वाने के लिए वन विभाग को कहा तो वन विभाग ने कहा इसकी जिम्मेदारी हमारे विभाग की नहीं है। वहीं नगर पालिका को इस बारे में अवगत कराया लेकिन वह इसे लेकर बिल्कुल भी गंभीर दिखाई नहीं पड़ा, जिससे नगर के लोगों में काफी आक्रोश है, समाचार लिखे जाने तक पागल कुत्ता पकडा नही गया है और लोगो के काटने का सिलसिला जारी है।



# भाजपा के युवती महाअधिवेशन में भाग लेंगी हर जिले से 500 युवतियां

● चुनाव में भाजपा की जीत में अहम भूमिका निभाएगी नारी शक्ति-दिव्या त्रिपाठी

संवाददाता। चित्रकूट



**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा लखनऊ में आयोजित किये जाने वाले युवती महाअधिवेशन की तैयारियों को लेकर बुद्धवार को युवा मोर्चा चित्रकूट की बैठक लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज तिवारी मौजूद रहे। वहीं अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्र (हीरो)ने की। श्री मिश्र ने बताया कि इस अधिवेशन में हर जिले से 500 युवतियों को शामिल करने की योजना है। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले लखनऊ में भाजपा की ओर से पहली बार युवती महाअधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। इस अधिवेशन में हर जिले से 500 युवतियों को शामिल करने की योजना है। पार्टी की ओर से पहली बार लखनऊ में एक ऐसा महाअधिवेशन होने जा रहा है, जिससे नवयुवतियों को पार्टी की रीति-नीति से सीधे तौर पर जोड़ा जा सकेगा।

वहीं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा द्वारा आयोजित होने वाले युवती महाअधिवेशन में हर जिले से 500 नवयुवतियों को शामिल कराने का लक्ष्य मिला है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास चाहती है। ऐसे में केंद्र सरकार ने जो महिला आरक्षण बिल पर अपनी मुहर लगाई है, उसकी जानकारी नवयुवतियों को दी जाएगी। साथ ही आने वाले समय में वह कैसे पार्टी का नेतृत्व एक ठोस और सशक्त नेता के तौर पर कर सकती हैं, यह भी बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूरी तरह से तैयार है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर रहा है।

# चित्रकूट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज त्यौहार



**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट में शहर से लेकर गांव तक पारंपरिक रूप से भाई-बहनों के स्नेह का प्रतीक पर्व भैया दूज मनाया गया। इस दौरान गीतों की मिठास माहौल में घुलती रही। बहनों ने भाई की दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें प्रसाद खिलाया।

बुधवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक भैया दूज का पर्व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना की। इसके बाद भाई को प्रसाद खिलाया। उनकी लंबी आयु की प्रार्थना की।इसके अलावा गोबर से यम बनाकर दीप, कपूर, अगरबत्ती पुष्प आदि अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। शहर के पुरानी बाजार,शंकर बाजार,नया बाजार,सीतापुर,तरौंहा सहित कई अन्य मोहल्लों में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बहनों ने गीत और सोहर गाकर भाई दूज के पर्व की महत्ता पर चर्चा की। पूजन के बाद बजरी और नारियल कूटा। बहनों ने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

# इप्टा की सांस्कृतिक पद यात्रा जनपद के कई ऐतिहासिक स्थलों का करेगी भ्रमण

● ढाई अक्षर प्रेम का नाम से निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी पद यात्रा

● तांत्या टोपे की कर्मस्थली चुर्खी से प्रारंभ होगी यात्रा

संवाददाता। उरई, जालौन



**भारतीय** जन नाटक संघ इप्टा ने समाज में प्रेम भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर ढाई आखर प्रेम का नाम से संस्कृतिक पदयात्रा प्रारंभ की है यह यात्रा शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर से देश के 24 राज्यों में चल रही है जो आगामी 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर दिल्ली में उनकी समाधि राजघाट पर श्रद्धांजलि सभा के साथ संपन्न होगी। उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक पदयात्रा के लिए बुंदेलखंड के जालौन जिले का चयन किया गया है जहां 18 नवंबर से 23 नवंबर तक सप्ताह भर चलने वाली है यात्रा जिले के ऐतिहासिक ग्राम चुर्खी की से शुरू होगी और यह जनपद के कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करती हुई 22 नवंबर को कस्बा कोच पहुंचेगी जहां इप्टा के संस्थापक एवं संरक्षक रहे स्मृतिशेष ठाकुरदास वेद की जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित यात्रा में शामिल संस्कृति कर्मी 23 नवंबर को उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

उक्त जानकारी संस्कृत पदयात्रा के स्थानीय संयोजक का. देवेंद्र शुक्ला ने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इप्टा की अगुवाई में ढाई जाकर प्रेम राष्ट्रीय संस्कृतिक यात्रा की शुरुआत बुंदेलखंड में जालौन जिले के ऐतिहासिक ग्राम चुर्खी से हो रही है जो 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक क्रांतिकारी तात्या टोपे की कर्मस्थली रही है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को उरई 20 नवंबर को ग्राम मड़ोरा होते हुए सांस्कृतिक पदयात्रा 21 नवंबर को हरदोई गुर्जर पहुंचेगी तत्पश्चात 22 नवंबर को यह पदयात्रा कोंच पहुंचेगी।

# दीवाली का उपहार भेंटकर ग्राम प्रधान ने डाली नई परंपरा की नींव



**रामपुरा, जालौन।** ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी सामुदायिक शौचालय केयरटेकर गौशाला केयरटेकर तथा अन्य कर्मचारियों को सम्मान के साथ-साथ उन्हें मिठाई और शुभकामनाएं देने की दिशा में ग्राम प्रधान टीहर प्रदीप गौरव ने एक नई परंपरा की नींव डालते हुए न सिर्फ अपने ग्राम पंचायत में बल्कि जनपद की अन्य ग्राम पंचायत के लोगों को भी प्रोत्साहित करने का काम किया है उन्होंने इस बार दीपावली पर अपनी ग्राम पंचायत में तैनात कर्मचारियों को दीपावली के उपहार के साथ साथ उन्हें मिठाई का डब्बा और शुभकामनाएं दी ग्राम प्रधान की इस पहल को ग्रामीणों ने एक अच्छी शुरुआत मानते हुए उनकी सराहना की। ग्राम पंचायत को जनपद में विशेष दर्जा दिलाने की मुहिम में कामयाब हुए ग्राम प्रधान प्रदीप गौरव कुछ न कुछ नया करने की दिशा में अग्रसर रहते हैं उनका मानना है कि जब तक ग्राम पंचायत में तैनात कर्मचारी उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित नहीं होंगे तब तक गांव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है यही वजह रही कि उन्होंने इस बार दीपावली के पर्व पर अपनी ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सहायक, गौशाला केयरटेकर, सामुदायिक शौचालय केयरटेकर और सफाई कर्मियों को उपहार मिठाई वितरित की।

## यम द्वितीया पर कायस्थ समाज ने की चित्रगुप्त पूजा



**जालौन, उरई।** वीरेंद्र भवन में कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की जयंती मनाई। बुधवार को नारोभास्कर स्थित वीरेंद्र भवन में स्थापित कायस्थों के कुल देव भगवान श्रीचित्रगुप्त के मंदिर में कायस्थ समाज के लोगों ने पूजा अर्चना की। शुक्लपक्ष की यम द्वितीया को आयोजित पूजा कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि गरुण पुराण में भगवान श्री चित्रगुप्त के महत्व को दर्शाया गया है तथा यम लोक में उनके निवास का वर्णन किया गया है। हमारे समाज का सौभाग्य है कि हम उन भगवान के संतान है जिन्हें चराचर जगत के सभी प्राणियों के पूज्य है। कार्यक्रम में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कायस्थों ने विधि-विधान से अपने कुल देव की पूजा अर्चना व आशीर्वाद लिया।

# शोपीस बनी रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी

● महिला रिपोर्टिंग चौकी में संसाधनों का भी अकाल

संवाददाता। जालौन, उरई




**महिला** के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने और क्षेत्रीय महिलाओं को अपराध होने के बाद सहूलियत पहुंचाने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी की स्थापना की गई थी। महिला चौकी प्रभारी की नियुक्ति होने के बाद भी रिपार्टिंग महिला पुलिस चौकी खाली पड़ी रहती है। जिससे कोतवाली आने वाली महिलाओं को दिक्कत होती है।

लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व महिला दिवस के अवसर कोतवाली परिसर में रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी खोली गई थी। महिला अपराधों पर रोकथाम और महिलाओं को सहूलियत देने के लिए खोली गई रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी के उद्घाटन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। उद्देश्य था कि किसी महिला महिला के साथ कोई अपराध होता है तो वह महिला रिपोटिंग पुलिस चौकी पर आकर महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में अपनी समस्या बेझिझक बता सकेगी। इस चौकी का लाभ जालौन क्षेत्र ही नहीं बल्कि माधौगढ़ क्षेत्र की महिलाओं को भी मिलना था। इस चौकी के खुलने से जालौन व माधौगढ़ क्षेत्र की महिलाओं को जिला मुख्यालय तक नहीं भागना पड़ता।

लेकिन महिला पुलिस चौकी में स्टॉफके न बैठने से इसका पूरा लाभ महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। हालांकि चौकी में संसाधनों का भी अभाव है। कुर्सी मेज के अलावा और कोई व्यवस्था रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में नहीं है।

महिलाओं की समस्या लिखने तक के लिए चौकी में कोई रजिस्टर नजर नहीं आता है। ऐसे में जीडी पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कम्प्यूटर और अन्य संसाधनों की बात करना बेमानी है। रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी में पूर्व में प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों की नियुक्ति थी। लेकिन धीरे धीरे अब सिर्फ नाम की ही रिपोर्टिंग पुलिस चौकी रह गई है। पिछले डेढ़ वर्ष में रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी में महिला अपराधों से संबंधित कितने केस दर्ज हुए हैं यदि यह पता लगाया जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

## क्विक न्यूज

### सांसद सुब्रत पाठक की मांग पर मिला मेमो ट्रेन का ठहराव

**रूरा, कानपुर देहात।** क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रयास से इससे पहले भी पतरा हाल्ट पर मेमो ट्रेन का ठहराव मिला था।जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र पंचायत ने पतरा हाल्ट पर सुबह कानपुर से आने वाली 04159 मेमो ट्रेन व शाम को इटावा से कानपुर जाने वाली 04160 ट्रेन के ठहराव को लेकर कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक से मुलाकात कर इन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग की थी। कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने क्षेत्र पंचायत सदस्य राम मोहन को आश्वासन दिया था कि आप की मांग को वो रेलवे बोर्ड के सामने रखेंगे। सांसद सुब्रत पाठक द्वारा ट्रेन के ठहराव को लेकर एक लेटर रेल मंत्री जी को लिखा था।जिसको संज्ञान में लेकर रेल मंत्री ने क्षेत्रीय जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसे स्वीकार कर दोनों ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित कर दिया।

### दो आरोपितों के विरुद्ध की गई जिला बदर की कार्रवाई

**राठ, हमीरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा कोतवाली व जरिया थाने के दो आरोपितों के विरुद्ध जिला बदर घोषित किया है। कोतवाल विनोद कुमार सरोज ने बताया कि अरविंद पुत्र गोकुल लोधी निवासी कैथा के विरुद्ध कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसको लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने अरविंद के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। वहीं जरिया थाने के करही गांव निवासी शिवम पुत्र बलवीर को 30 नवंबर से 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है।

### नदी के पुल से टकराया बाइक सवार, मौत

**राठ।** चरखारी मार्ग स्थित कस्बा खेड़ा गांव के पास नदी के पुल से बाइक टकराने पर चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी नीरज अनुरागी ने बताया कि उसका बड़ा भाई 22 वर्षीय कल्लू अनुरागी दिल्ली में रह कर मजदूरी करते थे। दिवाली का त्योहार बनाने घर आए थे। बताया मंगलवार शाम कल्लू बाइक लेकर नदी की ओर घूमने निकले। नदी पुल पर बाइक असंतुलित हो गई और पुल के डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। बताया उरई जाते समय रास्ते में भाई की मौत हो गई।

### सात निरीक्षक, एक उप निरीक्षक को नया प्रभार

**उरई, जालौन।** पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा द्वारा चार निरीक्षकों को पुलिस लाइन से थानों का प्रभार सौंपा जबकि तीन अन्य निरीक्षकों के साथ ही एक उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। स्थानांतरित निरीक्षकों में संजय कुमार गुप्ता को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक एट, निरीक्षक भीमसेन पौनिया को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक रामपुरा, निरीक्षक रणविजय सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक कोटरा, निरीक्षक रामप्रकाश को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक नदीगांव के साथ ही निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह प्रभारी ऑपरेशन दृष्टि को प्रभारी निरीक्षक रेढ़र, निरीक्षक अजय ब्रहम तिवारी अतिरिक्त निरीक्षक थाना माधौगढ़ को प्रभारी निरीक्षक सिरसा कलार, निरीक्षक कामता प्रसाद प्रभारी निरीक्षक एट को प्रभारी निरीक्षक थाना कालपी, उप निरीक्षक वरुण प्रताप को थानाध्यक्ष रेढ़र से मीडिया सेल भेजा गया है।

### कारागार पहुंचकर भाईयों को लगाया टीका

**फतेहपुर।** जिला कारागार में बंद अपने भाइयों से भाई दूज के अवसर पर बड़ी संख्या में बहने पहुंची और टीका लगाकर भाई दूज के पर्व को धूमधाम से मनाया। इस दौरान बहनों ने जहां भाइयों के माथे पर टीका कर उनकी लम्बी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भी दिए और पैर छू-कर आशीर्वाद लिया। पर्व को देखते हुए जेल प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए थे। जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने बताया कि भाई दूज के मनाने के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। मिठाई और पूजा सामग्री भी कारागार की ओर से उपलब्ध कराई गई।

### शादी से इंकार किया तो दबंगों ने मां बेटियों को पीटा

**राठ।** जबरन शादी करने का दबाव बना रहे दबंगों ने घर में घुसकर जमकर मार पीट की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। टूंका गांव निवासी गुड्डी पत्नी इसराइल ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की दोपहर उसकी पुत्री अकीला की मंगनी का कार्यक्रम था। सभी रिश्तेदार घर में थे। तभी पुरानी खुन्नस को लेकर नदीम, नईम, रहुफ, शाहरुख, गोलू, अमन, सराफत, आहद, रियाज घर में घुस आए और उसे व उसकी पुत्रियों सूबी, सकीना, रुबी, ईव्वो, रोजी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पुत्रियों की शादी उनके यहां करने का दबाव बनाने लगे। उनके रिश्तेदारों ने उन्हें बचाया। मारपीट से उन्हें व उनकी पुत्रियों को चोटें आईं है।

# भाकियू टिकैत ने पंचायत लगाकर भरी हुंकार

संवाददाता। फतेहपुर



**बहुआ** विकास खंड के दसवां मील में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट ने महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें पहुंचे युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों का शोषण बंद न हुआ तो प्रदेश सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। इससे पहले युवा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं व किसानों ने स्वागत भी किया। भाकियू टिकैट गुट की महापंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल के अलावा जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम ने भी शिरकत की। महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि आज प्रदेश का किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। प्रदेश की योगी सरकार सभी मोर्चों पर विफल साबित हो रही है, अन्ना जानवरों से आज भी किसान परेशान है, बिजली व पानी की समस्या से भी किसान जूझ रहा है, किसानों को ऊंचे दामों पर डीएपी व अन्य खाद खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है। कहा कि किसानों का उत्पीड़न थानों व चौकियों में भी किया जा रहा है, जिसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होने कहा कि यदि शासन ने अपने रवैये में सुधार न किया तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

पंचायत के दौरान भाकियू अराजनैतिक गुट के ज्ञान सिंह गौर ने टिकैट गुट का दामन युवा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष थाम लिया। उनके संगठन में शामिल होने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। पंचायत में मुख्य रूप से नवल पटेल, सुरेंद्र पटेल, नागेंद्र सिंह यादव, मधुसूदन तिवारी, पप्पू सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, आशीष अवस्थी, पुष्पेंद्र सिंह, कंचन सिंह, राजेश कुमारी, यदुनंदन आर्य, वीरेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान भी मौजूद रहे।

## हिंदू महासभा ने जलाया स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला



**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा राष्ट्रीय महासचिव व विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन पटेल नगर चौराहा पर किया। महासभा के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरितमानस सनातन धर्म और अब हिंदू महासभा पर दिये गये विवादित बयान की कटु निंदा की। बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज जनपद के कोरांव में कहा कि देश का बंटवारा जिन्ना ने नहीं हिंदू महासभा तथा वीर सावरकर ने कराया था। इस बयान के बाद से हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है। महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने प्रदेश की सत्ताधारी भाजपा को भी कटघरे में खड़ा कर उन्हें गिरफ्तार न करने पर सवाल उठाये।

# एसपी ने रूरा थाने में महिला पिंक टॉयलेट का किया शुभारंभ






**रूरा,** कानपुर देहात। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने रूरा थाने में महिला पुलिस कर्मियों व महिला फरियादियों की सुविधा के लिये भैया दूज के अवसर पर महिला पिंक शौचालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया। भैया दूज के अवसर पर बहिनों की निजता को प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के अथक प्रयासों से एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने गुलाबी रंग के आकर्षक शौचालयों की सौगात भेंट की। इस मौके पर एसपी ने चौकीदारों को उपहार भेंट करते हुये उनसे अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ सामाजिक समस्याओं पर अधिक जोर देते हुये बताया कि अगली पीढी को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिये आवश्यक है कि खेतों में पराली न जलाये जाये, पराली जलायी हुयी पाये जाने पर चौकीदारों सहित समाज के सभी वर्गों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इसकी सूचना पुलिस को दें। छोटे मोटे घर व पारिवारिक झगडों की सूचना भी समय से पुलिस को दें महिला आरक्षियों से रूचना करवाकर एसपी ने उन्हे उपहार भेंट किये कार्यक्रम का प्रभावी शब्दों के साथ संचालन राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता नवीन दीक्षित द्वारा किया गया, इस मौके पर प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष कपिल दुबे, सदर ब्लाक प्रमुख आशीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## अजेय भारत...

रन बनाने के तेंदुलकर (2003 में 673 रन) का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। कोहली के खिलाफ न्यूजीलैंड ने शुरू में ही एलबीडब्ल्यू के लिए डीआरएस लिया था। इसके अलावा कीवी गेंदबाज उन्हें किसी भी समय परेशान नहीं कर पाए। उन्होंने सहजता से रन बटोरे और टिम साउदी की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग में कैच देने से पहले अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले अय्यर ने अपनी उसी लय को बरकरार रखा और अपने घरेलू मैदान वानखेड़े में छक्कों की बौछार करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने साउदी पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर एक रन लेकर 67 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। यह विश्व कप के नॉकआउट चरण में सबसे तेज शतक है। अय्यर इसके बाद ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर कैच देकर पवेलियन लौटे। अय्यर ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए। वह विश्व कप में एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। भारत की तरफ से इस मैच में 19 छक्के लगे जो विश्व कप में उसका नया रिकॉर्ड है। न्यूजीलैंड पर बड़े स्कोर का दबाव था और शमी ने छठे ओवर में गेंद थामकर अपनी पहली गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (13) को चलता कर दिया जिनका विकेटकीपर राहुल ने गोता लगाकर शानदार कैच लपका। शमी ने अपने अगले ओवर में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे रचिन रविंद्र (13) को भी विकेट के पीछे आउट कराकर न्यूजीलैंड को करारा झटका दिया। लेकिन विलियमसन और मिचेल दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरे थे। सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इन दोनों ने शुरू में धैर्य दिखाया और बाद में रन गति तेज की। मिचेल ने रविंद्र जडेजा की ढीली गेंदों को निशाना बनाया और 85 गेंद पर शतक पूरा करने से पहले बाएं हाथ के स्पिनर पर तीन छक्के लगाए। विलियमसन जब 52 रन पर थे तब शमी ने उनका आसान कैच छोड़ा था। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि कीवी कप्तान को इसका फायदा नहीं उठाने दिया और उन्हें डीप स्क्वायर लेग पर कैच कराकर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। इसके एक गेंद बाद उन्होंने नए बल्लेबाज टॉम लैथम को पगबाधा आउट करके न्यूजीलैंड को फिर से बैकफुट पर भेज दिया। विलियमसन ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। मिचेल ने ग्लेन फिलिप्स (33 गेंद पर 41) के साथ पांचवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की। जसप्रीत बुमराह ने फिलिप्स को आउट किया जबकि शमी ने मिचेल की पारी का अंत करके वर्तमान टूर्नामेंट में तीसरी बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। इससे पहले रोहित ने बोल्ट के पहले ओवर में दो चौके लगाकर जतला दिया था कि वह बड़े शॉट खेलने से नहीं हिचकिचाएंगे। उन्होंने बोल्ट और साउदी दोनों को निशाने पर रखा। विलियमसन को छठे ओवर में ही बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर को गेंद सौंपनी पड़ी। भारतीय कप्तान ने उनका स्वागत चौके और छक्के से किया, लेकिन साउदी पर ऊंचा शॉट लगाते समय उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और विलियमसन ने दौड़ लगाकर उसे कैच में बदल दिया। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए तथा विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने के क्रिस गेल (49) के रिकॉर्ड को तोड़ा। रोहित की आतिशबाजी के बाद गिल ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन को निशाने पर रखा और इस तेज गेंदबाज पर छक्का लगाकर 13वें ओवर में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। गिल ने 41 गेंद पर वनडे में अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया। जब वह 79 रन पर खेल रहे थे तब बाएं पांव में ऐंठन के कारण उन्हें क्रीज छोड़नी पड़ी। उन्होंने प्रवाहमय बल्लेबाजी की और अपनी पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन इससे न्यूजीलैंड को किसी तरह की राहत नहीं मिली क्योंकि अय्यर ने एक तरह से गिल की पारी को ही आगे बढ़ाया। उन्होंने रविंद्र को कुंद करने के अलावा बोल्ट और साउदी की गेंद को भी छक्के के लिए भेजा। इस बीच कोहली ने भी साउदी पर छक्का लगाया। राहुल ने पांच चौके और दो छक्के लगाकर डेथ ओवरों में बखूबी जिम्मेदारी संभाली। न्यूजीलैंड की तरफ से साउदी सबसे महंगे लेकिन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 100 रन देकर तीन विकेट लिए।

## पीएम ने...

और विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे अभियान देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। बाद में, एक समारोह में बोलते हुए सोरेन ने राज्य के लिए कई नई योजनाओं का उद्घाटन करने के लिए पीएम को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद झारखंड के खूंटी फुटबॉल मैदान में विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, वह वंचितों का कर्ज चुकाने के लिए उनकी भूमि पर आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के उदासीन रवैये के कारण गरीबों ने सारी उम्मीदें खो दी थीं। पीएम ने जनजातीय समुदायों के विकास के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने देश भर में 25 आदि जनजातियों की रक्षा करने और उनके गांवों को दूरसंचार, सड़क से जोड़ने, एलपीजी सुविधा, पक्के मकान प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू की। उन्होंने कहा कि गरीबों और मध्यम वर्ग को बिजली उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है।

## सुरंग में...

कहा है कि यह घटना अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। अधिकारियों को दिए एक बयान में उन्होंने कहा कि हमें साहस और धैर्य के साथ चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करना चाहिए। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू और बड़कोट के बीच रविवार 12 नवंबर को सिल्क्यारा में निर्माणाधीन 4531 मीटर लंबी सुरंग में मलबा आने से 40 मजदूर फंस गए।

## इजराइल ने...

शुरू होने के कुछ घंटे बाद अस्पताल के अंदर से फोन पर बताया, वे अब भी यहां हैं। मरीज, महिलाएं और बच्चे आतंकित हैं। इजराइल की सेना का कहना है कि वह अस्पताल के एक विशिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ लक्षित अभियान चला रही है। उसने कहा कि यह क्षेत्र उस जगह से अलग है जहां रोगी और चिकित्सा कर्मी हैं। अस्पताल के अंदर के हालात का स्वतंत्र आकलन करना संभव नहीं है। इजरायली सेना का दावा है कि आतंकवादी समूह अपने लड़ाकों के लिए अस्पतालों का इस्तेमाल करता है, और उसने शिफा अस्पताल के अंदर और नीचे अपना मुख्य कमांड सेंटर स्थापित किया है, जो घनी आबादी वाले क्षेत्र में सबसे बड़ा है। हमास और शिफा अस्पताल दोनों कर्मचारी इजरायली आरोपों से इनकार करते हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से 11,200 से अधिक फिलिस्तीनी जिनमें से दो-तिहाई महिलाएं और नाबालिग हैं मारे गए हैं, जो नागरिक और आतंकवादी मौतों के बीच अंतर नहीं करता है। करीब 2,700 लोगों के लापता होने की खबर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि इजरायली सेनाएं अभी भी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में काम कर रही हैं। काहिरा गाजा के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि बुधवार तड़के छापेमारी शुरू करने के कुछ घंटों बाद भी इजरायली सेना क्षेत्र के सबसे बड़े शिफा अस्पताल के अंदर काम कर रही है।

## एशलीन ऑस्ट्रेलिया...

मेरा शौक बना रहेगा। पुस्तक के प्रचार के हिस्से के रूप में, एशलीन इस सप्ताह के अंत तक अपनी वेबसाइट बनाने और चलाने की तैयारी कर रही हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसकी पुस्तक, लेखन और उद्देश्य के बारे में पता चल सके। बेटी की मां जसमीन का कहना है कि उनकी इच्छा है कि वह अपनी हाई स्कूल के दौरान दान के लिए धन जुटाते रहने के लिए हर साल कम से कम एक किताब लिखें। परिवार अपनी भारतीय जड़ों से जुड़े रहने के लिए हर साल भारत आता है, जहां पहुंचने पर वे पंजाब के गांवों में कई वंचित बच्चों को स्टेशनरी सामान, लैपटॉप, खिलौने, खेल उपकरण, वर्दी और गर्म कपड़े दान करते हैं। जहां तक किताब की सामग्री की बात है, इसमें 17 अलग-अलग कहानियां हैं, जिनमें से कुछ बच्चों के लिए नैतिक लेख हैं। एशलीन अपने पाठकों को कोविड महामारी के दौरान अपने हिल्स डिस्ट्रिक्ट सिडनी के पिछवाड़े से लेकर काल्पनिक भूमि की गुफाओं, पहाड़ों, झाड़ियों और ग्रामीण भारत के मैदानों तक की रोमांचक यात्रा पर ले जाती है। एक अध्याय में वह अपनी वास्तविक जीवन की महामारी लॉकडाउन के अनुभवों को अपनी रचनात्मक कल्पना के साथ जोड़ती है। यह कहानी इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि एक ऑस्ट्रेलियाई स्कूली बच्चे को लॉक डाउन के दौरान घर पर रहकर कैसा महसूस हुआ। इस कहानी में एलिसा और जोसेफिन, वह अपनी वास्तविक जीवन की भारत यात्रा को अपनी कल्पना के साथ मिलाकर एक क्लासिक गुणवत्ता का तालमेल स्थापित करती हैं। जो बच्चों के लिए उच्च आदर्श के साथ समाप्त होती है। जबकि भारत में संयुक्त परिवार की अवधारणा लगभग गायब हो गई है, एशलीन के सिडनी स्थित घर में तीन पीढ़ियों के 11 सदस्य एक ही छत के नीचे रहते हैं।

# सुनक सरकार में डेविड कैमरून को जगह सरकार में लौटे पूर्व प्रधानमंत्रियों से सबक



**बंगोर( ब्रिटेन )।** कन्वरसेशन) ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून को अपने विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त करने के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के फैसले ने लोगों को आश्चर्यचकित करने के साथ ही खंडित राय पैदा की है, क्योंकि कैमरून 2016 में राजनीति छोड़ चुके थे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब किसी पूर्व प्रधानमंत्री ने सरकार में वापसी की है। बीसवीं सदी में ऐसे पांच उदाहरण हैं, जिनमें से दो ने विदेश मंत्री के रूप में भी सेवाएं दीं। इन सभी को पार्टी या गठबंधन में एकता को बढ़ावा देने और अनुभव प्रदान करने के लिए वापस लाया गया था।

कैमरून लगभग 50 वर्षों में अपने किसी उत्तराधिकारी के नीचे काम करने वाले पहले पूर्व प्रधानमंत्री हैं। यह संभवत: रेखांकित करता है कि मौजूदा प्रधानमंत्री को उनकी छवि के तले दबने का डर नहीं है। दरअसल, कोई पूर्ववर्ती सरकार में तभी लौटता है, जब उसे खतरा नहीं माना जाता है।

**एलेक्स डगलस-होम : एक अनुभवी हाथ**

कैमरून से पहले 1963-64 में 363 दिनों तक शासनाध्यक्ष के रूप में काम करने वाले एलेक्स डगलस-होम ब्रिटिश सरकार में वापसी करने वाले पिछले पूर्व प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एडवर्ड हीथ की सरकार में विदेश मंत्री के रूप में वापसी की। हीथ खुद डगलस-होम की सरकार में मंत्री रह चुके थे। हीथ की जीवनी लिखने वाले डी आर थोर्प ने बाद में बताया था कि डगलस-होम को नियुक्त करने के पीछे हीथ का यह मकसद था कि वह उनके प्रशासन में मजबूती और स्थिरता लाने में मददगार साबित हो सकते थे। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री का ध्यान ब्रिटेन को यूरोपीय आर्थिक समुदाय (यूरोपीय संघ के पूर्ववर्ती) में प्रवेश दिलाने के संबंध में बातचीत करने पर केंद्रित था, तब अंतरराष्ट्रीय मामलों से निपटने में सक्षम विदेश मंत्री का होना जरूरी था।

**नेविल चैंबरलेन : पर्दे के पीछे से भी उतने ही सक्रिय**

ब्रिटेन में दूसरे विश्व युद्ध के शुरुआती दिनों की कहानी अक्सर नेविल चैंबरलेन की जगह विंस्टन चर्चिल को उसी दिन प्रधानमंत्री नियुक्त करने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस दिन जर्मनी ने फ्रांस और अन्य देशों पर हमला किया था। यह बात भी अक्सर भुला दी जाती है कि नवंबर 1940 में अपने निधन से एक महीने पहले तक, चैंबरलेन ने चर्चिल प्रशासन में परिषद के लॉर्ड प्रेसिडेंट के रूप में काम किया, युद्ध कैबिनेट का हिस्सा रहे और कंजर्वेटिव नेता के रूप में सेवाएं दीं।

इतिहास जहां अक्सर चर्चिल के उदय पर केंद्रित रहा है, वहीं सरकार में चैंबरलेन की लगातार मौजूदगी ने दिखाया कि शुरुआत में युद्धकालीन प्रधानमंत्री की शक्तियां कितनी सीमित थीं। चर्चिल ने एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया और किसी भी पार्टी के नेता नहीं थे, जबकि चैंबरलेन, एक पूर्व प्रधानमंत्री थे जिसका नेतृत्व तुष्टिकरण से जुड़ा था, और वह कैबिनेट में बने रहे। यह मामला दिखाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री को सरकार में शामिल करना कभी-कभी प्रधानमंत्री के आत्मविश्वास के बजाय उसकी अंतर्निहित कमजोरी की तरफ इशारा कर सकता है।

**स्टैनले बाल्डविन और रामसे मैकडोनाल्ड : सुलह-समझौते में माहिर**

-1930 के दशक की महामंदी के दौरान, ब्रिटेन ने राष्ट्रीय सरकारें (राष्ट्रीय हित में काम करने वाले प्रमुख दलों के गठबंधन) बनाने का प्रयोग किया, जिनमें पूर्व और वर्तमान प्रधानमंत्रियों के एक-दूसरे के अधीन काम करने को लेकर तरह-तरह की अटकलें हावी थीं। रामसे मैकडोनाल्ड के नेतृत्व वाली दूसरी लेबर सरकार के दौरान, इस बात को लेकर सवाल उठे कि क्या प्रथम विश्व युद्ध के नेता डेविड लॉयड जॉर्ज और उनके लिबरल पार्टी के सहयोगी लेबर पार्टी के साथ गठबंधन के लिए तैयार होंगे ?

लॉयड जॉर्ज की पार्टी ने बेरोजगारी दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया। ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं के कारण उन्हें संभवत: अगस्त 1931 में गठित राष्ट्रीय सरकार में एक बड़ी भूमिका से हाथ धोना पड़ा। हालांकि, जहां लॉयड जॉर्ज की वापसी कभी नहीं हुई, वहीं शीर्ष कंजर्वेटिव नेता (और दो बार के पूर्व प्रधानमंत्री) स्टेनली बाल्डविन ने 1931 से 1935 तक मैकडोनाल्ड की कंजर्वेटिव-प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय सरकार में सेवाएं दीं। परिषद के लॉर्ड प्रेसिडेंट के रूप में कार्य करने वाले बाल्डविन एक शक्तिशाली उप प्रधानमंत्री थे, क्योंकि सरकार में उनकी पार्टी के सांसदों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसके बाद बाल्डविन और मैकडोनाल्ड ने अपनी-अपनी भूमिकाओं की अदला-बदली की। 1935 में बाल्डविन एक बार फिर प्रधानमंत्री बने और सेहत के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहे मैकडोनाल्ड ने भी कैबिनेट में वापसी की। उन्हें आम चुनाव में हार झेलनी पड़ी, लेकिन जल्दी से कराए गए उपचुनाव में वह अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे और खुद से बहुत ही जूनियर गठबंधन सहयोगी के नेता के रूप में वापसी की।युद्ध के बीच का युग दो अहम सबक प्रदान करता है। पहला, लॉयड जॉर्ज की वापसी को लेकर व्यापक रूप से व्याप्त आशंकाएं इस बात की पुष्टि करती हैं कि मौजूदा प्रधानमंत्री शायद ही कभी अपने पूर्ववर्तियों को पसंद करते हैं, जो सरकार की मशीनरी के बहुत करीब होते हैं। दूसरा, बाल्डविन और मैकडोनाल्ड का उदाहरण दिखाता है कि गठबंधन या एक-दलीय प्रशासन में अधिक शक्तिशाली गुट से संबंधित होना उस राजनेता की प्रभावशीलता को कैसे बढ़ा सकता है।

# ब्रिटिश एनएसए से सार्थक बातचीत हुईः जयशंकर

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टिम बैरो से मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों पर उनके साथ सार्थक चर्चा की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने और 'मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मिलकर खुशी हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर सार्थक चर्चा हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में, जयशंकर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, नवनियुक्त विदेश मंत्री डेविड कैमरन, रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स और गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली से मुलाकात की। भारतीय उच्चायोग द्वारा सोमवार शाम यहां संसद भवन के पास वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल में आयोजित एक विशेष दीपावली समारोह में जयशंकर ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत-ब्रिटेन संबंधों का एक बड़ा केंद्र बिंदु है तथा भारत को चर्चा में दोनों पक्षों के लिए काम करने वाला एक आधार मिलने की उम्मीद है।

भारत-ब्रिटेन समग्र रणनीतिक साझेदारी की 2021 में भारत-ब्रिटेन मसौदा 2030 के साथ शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करना है। द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को अनुमानित तौर पर 36 अरब ब्रिटिश पाउंड तक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक वार्ता के 13 दौर हो चुके हैं और अधिकारियों को उम्मीद है कि 2024 में दोनों देशों में होने वाले आम चुनाव से पहले कोई समझौता हो जाएगा।

# एशिया को वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने के लिए पवन व सौर ऊर्जा पर जोर देना होगा

**भाषा।** हनोई


**जर्मनी** के एक संस्थान की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग या वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फारेनहाइट) तक सीमित करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए, नौ प्रमुख एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को नवीकरणीय ऊर्जा से मिलने वाली बिजली की हिस्सेदारी 2030 तक मौजूदा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 50 प्रतिशत करनी होगी।

बर्लिन स्थित एगोरा एनर्जीवेंदे नामक संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने रिपोर्ट में कहा है कि इस नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा में करीब एक तिहाई हिस्सेदारी पवन और सौर ऊर्जा की होनी चाहिए। इसमें पांचवां हिस्सा जलविद्युत और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से तथा बाकी जीवाश्म ईंधन से होने की बात कही गई है।

अध्ययन में इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे विकासशील देशों की ऊर्जा योजनाओं का विश्लेषण किया गया, जहां ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है, वहीं जापान तथा दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देशों की योजनाओं पर भी गौर किया गया, जहां प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का भार सबसे अधिक है। इसमें दुनिया के सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश चीन या इसमें बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले भारत को शामिल नहीं किया गया है।

पूर्व-औद्योगिक काल से वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फारेनहाइट) की वृद्धि को एक महत्वपूर्ण सीमा माना जाता है जिसके आगे आपदाओं का खतरा बढ़ जाता है। संयुक्त राष्ट्र की एक पूर्व वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार, इससे अधिक वैश्विक तापमान वृद्धि की स्थिति में दुनिया संभवत: अपनी अधिकांश प्रवाल भित्तियों को खो देगी, एक प्रमुख बर्फ की चादर अपरिवर्तनीय रूप से पिघल सकती है, पानी की कमी हो सकती है, गर्मी का प्रकोप बढ़ सकता है और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से मृत्यु के मामले बढ़ सकते हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि एशियाई देश जीवाश्म ईंधन पर अपनी अत्यधिक निर्भरता के मामले में एकजुट हैं और उनकी राष्ट्रीय योजनाएं उनकी सरकार द्वारा घोषित महत्वाकांक्षी जलवायु संकल्पों के संगत नहीं लगतीं। रिपोर्ट में प्रमुख भूमिका निभाने वाले मैथिस रोग्नर ने कहा कि पवन और सौर ऊर्जा जैसी प्रामाणिक तकनीक का उपयोग करके देश निर्धारित सीमा से आगे जाने से बच सकते हैं और जीवाश्म ईंधन से संबंधित ढांचे में अपने निवेश को सीमित कर सकते हैं।



सैन फ्रांसिस्को। राष्ट्रपति जो बिडेन एपीईसी शिखर सम्मेलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम और उनकी पत्नी जेनिफर,ए सैन फ्रांसिस्को के मेयर लंदन ब्रीड और डी.कैलिफ़ोर्निया के प्रतिनिधि केविन मुलिन का स्वागत करते हुए।

# संयुक्त राष्ट्र तंत्र 21वी सदी की भू-राजनीतिक वास्तविक्ताओं के बोझ तले चरमरा रहाः भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र तंत्र, खासतौर पर सुरक्षा परिषद 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बोझ तले चरमरा रहे हैं। उसने रेखांकित किया महासभा को बहुपक्षवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र के केंद्रीकरण को बहाल करने के लिए नेतृत्व करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने लगातार इस दृष्टिकोण की वकालत की है कि महासभा में एक बार फिर तभी जान फूंकी जा सकती है, जब संयुक्त राष्ट्र के मुख्य विचार-विमर्श, नीति-निर्धारण और प्रतिनिधि अंग के रूप में उसकी स्थिति का पूरी तरह सम्मान किया जाए।

महासभा के कार्य में पुन: जान फूंकने के विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा, हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि कुछ दोष महासभा और उसके सदस्य देशों का है, जिन्होंने सभी देशों की सामूहिक आवाज होने के बावजूद इसकी प्रासंगिकता को कम होने दिया। उन्होंने कहा कि एक बढ़ती धारणा है कि महासभा धीरे-धीरे अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों से दूर हो गई है और प्रक्रियाओं से अभिभूत हो गई है।

माथुर ने कहा, इसके अलावा, सुरक्षा परिषद में विषयगत मुद्दों पर चर्चा करने के प्रयासों ने भी महासभा की भूमिका और अधिकार को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि बहुपक्षवाद, पुनर्संतुलन, निष्पक्ष वैश्वीकरण और बहुपक्षवाद में सुधार को लंबे समय तक स्थगित नहीं रखा जा सकता है। माथुर ने कहा, फिर भी, जब हम बात कर रहे हैं तो हम संयुक्त राष्ट्र तंत्र, खास तौर पर सुरक्षा परिषद को 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बोझ तले चरमराते देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुछ जिम्मेदारियां महासभा की ओर मुड़ गई हैं। इससे हमें अधिक मुखरता मिली है। सुरक्षा परिषद की स्थिति के विपरीत ग्लोबल साउथ की आवाज एक दुर्जेय शक्ति है।

# न्यूयॉर्क के गवर्नर ने स्कूलों में दिवाली की छुट्टी को लेकर विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर कैथी होचुल ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी घोषित करने को लेकर एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए। होचुल ने मंगलवार को कहा कि न्यूयॉर्क शहर विविध धर्मों और संस्कृतियों से समृद्ध है और हम इसे मान्यता देने और इस विविधता का जश्न मनाने के लिए एक अहम कदम उठाने जा रहे हैं। गर्वनर के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि विधेयक के अनुसार, प्रत्एक वर्ष भारतीय कैलेंडर के आठवें महीने के 15वें दिवस, जिसे दिवाली के नाम से जाना जाता है, न्यूयॉर्क सिटी में सभी पब्लिक स्कूल बंद रहेंगे। होचुल ने कहा कि दिवाली को न्यूयॉर्क सिटी स्कूल की छुट्टी के रूप में नामित करने संबंधी विधेयक हमारे बच्चों के लिए दुनिया भर की परंपराओं के बारे में सीखने और उन्हें मनाने का एक अवसर है।

होचुल ने दिवाली के उपलक्ष्य में यहां फ्लशिंग में हिंदू टेम्पल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका में एक विशेष स्वागत समारोह के दौरान विधेयक पर हस्ताक्षर किए। न्यूयॉर्क शहर के शिक्षा विभाग के अनुसार वर्ष 2022-23 में एनवाईसी स्कूल प्रणाली में।,047,895 छात्र हैं। इनमें 16.5 फीसदी छात्र एशियाई हैं।

न्यूयॉर्क स्टेट एसेंबली वीमेन जेनिफर राजकुमार ने स्कूलों में दिवाली के अवकाश को लेकर पहल की थी। जेनिफर राजकुमार ने कहा, न्यूयॉर्क वासियों की आने वाली पीढ़ियां अब रोशनी का त्योहार दिवाली मनाएंगी। विधेयक पर हस्ताक्षर से हम न्यूयॉर्क के 600,000 से अधिक हिंदुओं, सिख, जैन और बौद्ध धर्म को मानने वालों से कहते हैं हम आपको मान्यता देते हैं और दिवाली अमेरिका का अवकाश है। न्यू अमेरिकन वोटर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिलीप नाथ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उन्हें यह देखकर गर्व हो रहा है कि होचुल ने आखिरकार दिवाली की छुट्टी की लंबित मांग पर कदम उठाते हुए इसे कानून का रूप दिया है।

# बाइडन-शी की बैठक का मकसद रिश्तों को बेहतर बनाना, जटिल मुद्दे कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके समकक्ष शी चिनफिंग अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर करने की उम्मीद के साथ बुधवार को बैठक करने जा रहे हैं। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार, ईरान के साथ बीजिंग के रिश्तों और मानवाधिकार संबंधी चिंताओं जैसे जटिल मुद्दों को उठाने के लिए तैयार हैं। दोनों नेता एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय नेताओं के सम्मेलन से इतर मुलाकात करेंगे। उन्होंने पिछली बार एक साल पहले बातचीत की थी। दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंध तब और बिगड़ गए जब अमेरिका ने चीन के एक जासूसी गुब्बारे को मार गिराया था। बाइडन और शी इस समय वार्षिक एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) फोरम के लिए कैलिफोर्निया में हैं। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार दोनों नेता सैन फ्रांसिस्को से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में फिलोली इस्टेट में आमने-सामने बातचीत करेंगे।

# यूक्रेन से निकाले गए एक हजार से अधिक भारतीय एमबीबीएस छात्रों ने उज्बेकिस्तान में शुरू की पढ़ाई

**समरकंद (उज्बेकिस्तान)।** युद्ध प्रभावित यूक्रेन से 2021 में सुरक्षित निकाले गए सैकड़ों भारतीय एमबीबीएस छात्रों ने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है और उज्बेकिस्तान के एक अग्रणी चिकित्सा विश्वविद्यालय में नया शैक्षणिक जीवन शुरू किया है। उज्बेकिस्तान में समरकंद स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी ने यूक्रेन के।,000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को यूक्रेन में भारतीय दूतावास द्वारा यह पूछे जाने के बाद समायोजित किया है कि क्या प्रभावित छात्र स्थानांतरित किए जा सकते हैं।

बिहार के बेगूसराय निवासी अमित ने रूस के हमले के समय यूक्रेन में एक रात एक तहखाने में बिताई थी। वह ऑपरेशन गंगा पहल के तहत भारत सरकार द्वारा निकाले गए छात्रों में से एक थे। ऑपरेशन गंगा यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहल थी। इस पहल के तहत कुल 18,282 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया था।

अमित नेकहा, मैंने सोचा था कि मैं इसमें सफल नहीं हो पाऊंगा और या तो मर जाऊंगा या यूक्रेन में फंस जाऊंगा। जब मैं भारत में घर वापस पहुंचा, तो मुझे और मेरे परिवार को राहत मिली, लेकिन फिर आगे क्या होगा इसके बारे में अनिश्चितता का कभी न खत्म होने वाला चक्र शुरू हुआ। मैंने यूक्रेन में अपने एमबीबीएस के तीन साल पूरे कर लिए थे तथा सबकुछ फिर से शुरू करना या कुछ और करना कोई ऐसा विकल्प नहीं था जिस पर मैं विचार करना चाहता था। बाद में मैंने उज्बेकिस्तान आने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि समरकंद में रहने का खर्च यूक्रेन की तुलना में अधिक है लेकिन वह अपनी शिक्षा जारी रखने में सक्षम होने से खुश हैं। पंजाब के फिरोजपुर की तन्वी वाधवा यूक्रेन में बुकोविनियन स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी की छात्रा थीं और एक सेमेस्टर के नुकसान के कारण विश्वविद्यालय से जुड़ने को लेकर आशंकित थीं।

मैंने आठ महीने तक ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लिया। हमें उम्मीद थी कि युद्ध ख़त्म होगा और हम वापस जाएंगे। कुछ छात्र अलग-अलग रास्तों से वापस भी चले गए लेकिन मैं यह जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मैंने जॉर्जिया से पोलैंड तक सभी विकल्पों का मूल्यांकन किया और उज़्बेकिस्तान आने का फैसला किया। विश्वविद्यालय ने हमें एक सेमेस्टर पहले के हिसाब से प्रवेश दिया, मुझे शुरू में एक सेमेस्टर के नुकसान का डर था लेकिन बाद में मैंने अपना मन बदल लिया और यह निर्णय ठीक रहा।

मेरठ के दिव्यांश भी वाधवा के साथ उसी विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों ने अंग्रेजी में शिक्षण और सीखने की पेशकश की तथा पाठ्यक्रम भी उसी तर्ज पर है।

उन्होंने कहा, सभी देशों में ऐसे विश्वविद्यालय नहीं हैं जो शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की पेशकश करते हैं। तो यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक था। यूक्रेन और समरकंद में जीवन की गुणवत्ता समान है लेकिन यह जगह अब अधिक सुरक्षित महसूस होती है। फरवरी 2021 में जब रूस का आक्रमण शुरू हुआ तो उस समय लगभग 19,000 भारतीय छात्र यूक्रेन में पढ़ रहे थे। अनुमान के मुताबिक, लगभग 2,000 भारतीय छात्र यूक्रेन वापस चले गए हैं और इनमें से ज्यादातर पूर्वी यूरोपीय देश के पश्चिमी हिस्से में रह रहे हैं। यूक्रेन से निकाले जाने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए दूसरे देशों के विश्वविद्यालयों में स्थानांतरित होने के सिवाय उनके पास कोई विकल्प नहीं था।

**सार्वजनिक सूचना**

श्री अनिन्दया कुंडू पुत्र स्व श्री अरुण कुमार कुंडू निवासी आईबी-55, सेक्टर-3 निकट वाटर टैंक-14, साल्ट लेक किथन नगर, आईबी मार्केट नॉर्थ-24 परगना वेस्ट बंगाल -700106 एवं सुश्री मौमिता सैनगुप्ता पुत्री जयाव्रत सैनगुप्ता निवासी सी-2, पॉकेट-6, ब्लॉक-71, केन्द्रीय बिहार-2 सेक्टर-82, नोएडा उत्तर प्रदेश, ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया हैं।

इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05.12.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

हस्ता/-
प्र० नगर मजिस्ट्रेट/
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार ने मौहल्ला रामपुरा पिलखुवा, परगना डासना, तहसील-धौलाना, जिला-हापुड, उत्तर प्रदेश में स्थित संपत्ति जिसका एरिया परिमाप 80 वर्ग गज, खसरा नंबर 1906 में से, जिसकी मालिक श्रीमती साधना तोमर पत्नी श्री कुँवर पाल तोमर से खरीद रहा है, जो उप रजिस्ट्रार-धौलाना, दस्तावेज सं. 2369, दिनांक 17.03.2023 को पंजीकृत है, और इसे पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। एसआरओ-हापुड-II में 24.04.1995 को पंजीकृत, 80 वर्ग गज के खाली भूमि क्षेत्र के संबंध में खसरा नंबर 1906, दस्तावेज सं. 750, श्री राज पाल सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह के पक्ष में श्री चुनान द्वारा दिनांक 24.04.1995 को निष्पादित मूल बिक्री विलेख खो गया/गुम हो गया/या उपलब्ध नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित है, तो वह आज से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
ऑफिस नंबर जी-03, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर डी-61, सेक्टर-2,नोएडा,यूपी-201301,संपर्क करें#0120-4130438

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप मिश्रा ने मानसरोवर पार्क, ग्राम शाहपुर, बम्हेटा, परगना डासना, तहसील और जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय खाली प्लॉट नंबर 29, एरिया परिमाप 104.5 वर्ग गज, 87.372 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 2992मी में से, बिक्री विलेख दिनांक 25.06.2019 एसआर-I, गाजियाबाद के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत दस्तावेज सं. 5105, खंड सं. 16585, बुक नंबर 1, पृष्ठ 231-288, दिनांक 25.06.2019 के माध्यम से रिकार्डेड मालिक है। और इसे उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्त और बंधक भी होना है। स्वर्गीय श्री जलज कुमार सिन्हा पुत्र स्वर्गीय श्री उमाशंकर प्रसाद का जीवित सदस्य प्रमाणपत्र (एसएमसी) खो गया है/गुम हो गया है/उपलब्ध नहीं है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
बी-93बी, द्वितीय तल, सामने एसबीआई बैंक, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301,संपर्क करें#0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Sh. Samir Kumar Deb S/o. Late Sh. S.R. Deb and Sh. Ranjit Kumar Pahari S/o. Late Sh. P.C. Pahari are the joint 'Title Holders' in possession of **'Entire Second Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. 2080, Block-K, East Pakistan Displaced Persons' Colony, Chittaranjan Park, New Delhi - 110019 admeasuring 160.00 sq. yards'**, hereinafter referred to as 'Schedule Property' and the plot of land referred to as the 'Schedule Plot' vide Sale Deed dated 17.12.2021, duly registered as Regn. No. 7030, Book No. 1, Vol. No. 16327, pp. 92-105 on 18.12.21 in the Office of Sub Registrar-V, Mehrauli, New Delhi. That original documents i.e. (i) Lease Deed dated 26.04.77, (ii) Death Certificate of Sh. B.K. Dutta, (iii) Death Certificate of Smt. Niharkana Dutta, (iv) Mutation Letter (DDA) dated 23.02.05, (v) General Power of Attorney dated 27.01.05, (vi) General Power of Attorney with Special Power of Attorney & Agreement to Sell all dated 09.03.05 (Plot), (vii) Conveyance Deed dated 07.04.05 and (viii) Sanction for Construction Letter dated 02.05.05 for the Schedule Plot, have been lost/ misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 14.11.23 bearing LR No. 1133594/ 2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to the Public at large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc. having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced/ untraceable original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc. or objection to the sale of 50% undivided Share of the Schedule Property amongst the Title Holders, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 12 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holders shall proceed to sell the 50% Undivided Share in the Schedule Property amongst themselves, as is presently intended.

**Parvesh Kumar (Advocate)**
**Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92**
**Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi**
**Cont. No.: 9999228185**

# बाइडन-शी की मुलाकात से पहले अमेरिका को लेकर चीनी मीडिया का रुख बदल गया

**भाषा।** बीजिंग

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बुधवार को होने वाली वार्ता से पहले चीन के सरकारी मीडिया ने अमेरिका के प्रति नया रुख अपनाया है जिसमें कम नकारात्मक कवरेज, गर्मजोशी वाले संबंधों की ओर लौटने की बात और अमेरिकी लोगों की सकारात्मक कहानियां शामिल हैं। अमेरिका और चीन के बीच पिछले कई साल से व्यापार और प्रौद्योगिकी, ताइवान और हांगकांग के मुद्दे और कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर तनाव जारी है।

चीनी मीडिया ने फिलाडेल्फिया ऑर्केस्ट्रा के सदस्यों की हालिया यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया है, जो चीन की इसकी यात्रा के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई है। इसकी शुरुआत ने तत्कालीन अमेरिका-चीन संबंधों को आकार देने में मदद की थी। चीनी मीडिया का ध्यान अमेरिकी सैन्य पायलटों के समूह फ्लाइंग टाइगर्स के सदस्यों की एक और यात्रा पर भी केंद्रित है जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में जापान से लड़ने में चीन की मदद की थी।

कम्युनिस्ट पार्टी के आधिकारिक मुखपत्र पीपुल्स डेली ने बुधवार को अपने अंतरराष्ट्रीय संस्करण में लिखा, चीनी लोग कभी पुराने दोस्त को नहीं भूलेंगे और इस महत्वपूर्ण संदेश को हम अमेरिकी लोगों को भेजना चाहते हैं। हाल के दिनों में आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अमेरिका-चीन संबंधों पर पांच अंकों की एक शृंखला जारी की, जिसमें देशों से एक-दूसरे से मिलने और स्वस्थ तथा स्थिर विकास के पथ पर लौटने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया गया। इसमें अमेरिका से बाइडन और शी के बीच पिछले साल नवंबर में बाली में हुई सहमतियों को पूरा करने का आग्रह भी किया गया है। इसमें कहा गया, जब हम बाली की ओर लौटेंगे, तभी भविष्य में सैन फ्रांसिस्को की ओर देख पाएंगे।

दोनों नेताओं ने बाली में जलवायु परिवर्तन से निपटने और वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाकर रखने, स्वास्थ्य और खाद्य स्थिरता समेत सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में सहमति जताई थी। पीपुल्स डेली ने बुधवार को एक आलेख में लिखा, अमेरिका-चीन संबंधों को ठीक से संभालकर ही दोनों देशों की जनता की भलाई की दिशा में और मानव समाज की उन्नति की ओर बढ़ा जा सकता है। इससे दुनिया के शांतिपूर्ण विकास में भी योगदान दिया जा सकता है। चीन का सरकारी मीडिया इससे पहले अकसर अमेरिका को लेकर नकारात्मक कवरेज करता रहा है।

# टीके की खुराक को लेकरएस्ट्राजेनेका पर मुकदमा

**लंदन।** लंदन उच्च न्यायालय में लाखों पाउंड के ऐतिहासिक टीका क्षति मामले पर सुनवाई होने वाली है। यह मुकदमा जेमी स्कॉट द्वारा दायर किया गया है जिनके मस्तिष्क को अप्रैल 2021 में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीका लगवाने के बाद गंभीर क्षति पहुंची थी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत लाए जा रहे मामले में तर्क दिया गया है कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीका उपभोक्ताओं की अपेक्षा से कम सुरक्षित था। तर्क का एक प्रमुख हिस्सा टीके के प्रभाव को लेकर है, जिसके बारे में दावेदारों की दलील है कि इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था।

**एस्ट्राजेनेका मामले में बचाव कर रही है**

दावे की बारीकियों को समझने के लिए, हमें जोखिमों के बारे में कुछ समझने की ज़रूरत है। किसी उपचार संबंधी जोखिम में परिवर्तन को प्रस्तुत करने के दो तरीके हैं: पूर्ण जोखिम और सापेक्ष जोखिम। आइए अंतर समझाने के लिए मेरी पुस्तक - द मैथ्स ऑफ लाइफ एंड डेथ - से एक उदाहरण देखें।

वर्ष 2009 में, केयरलेस पोर्क कॉस्ट्स लाइव्स शीर्षक के तहत द सन नामक अखबार ने प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है।

द सन ने सापेक्ष जोखिमै पर ध्यान केंद्रित किया - किसी दिए गए जोखिम कारक (बेकन सैंडविच खाने) के संपर्क में आने वाले लोगों के लिए एक विशेष परिणाम (कैंसर विकसित होने) का जोखिम, उन लोगों के लिए जोखिम के अनुपात के रूप में जो उजागर नहीं हुए हैं। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है।

पूर्ण जोखिम कभी-कभी अधिक सहायक उपाय हो सकता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है। अदालती मामले में दावेदारों का तर्क है कि एस्ट्राज़ेनेका उन अध्ययनों की ओर इशारा करता है जो कोविड को रोकने में लगभग 70 प्रतिशत प्रभाव दिखाते हैं। अदालती दस्तावेज़ों में, कानूनी दावे में कहा गया है: वास्तव में, कोविड-19 की रोकथाम के संबंध में पूर्ण जोखिम में कमी केवल 1.2 प्रतिशत थी। इस मामले का आधार यह है कि टीके की प्रभावशीलता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। द सन के 'सेव अवर बेकन' अभियान की तरह, ऐसा प्रतीत होता है कि एस्ट्राजेनेका ने एक पूर्ण उपाय के बजाय एक सापेक्ष उपाय का उपयोग करके अपने टीके की स्पष्ट प्रभावशीलता को बढ़ा दिया है।

**सापेक्ष जोखिम का उपयोग करने के अच्छे कारण**

ऐसे अच्छे कारण हैं कि एस्ट्राज़ेनेका ने टीके की प्रभावकारिता का वर्णन करने के लिए पूर्ण के बजाय सापेक्ष जोखिम में कमी का उपयोग किया होगा। महामारी के तीव्र चरण के दौरान कोविड का प्रसार काफी भिन्न-भिन्न रहा। जब मामले कम थे, तो जोखिम में पूर्ण कमी अनिवार्य रूप से उस समय की तुलना में कम होगी जब प्रसार अधिक था। सापेक्ष जोखिम का उपयोग करने का एक और अच्छा कारण यह समझने पर निर्भर करता है कि नैदानिक परीक्षण अकसर कैसे चलाए जाते हैं।

# कांग्रेस शासन में बेमेतरा जिला लव जिहाद का केंद्र बन गया : अमित शाह

**साजा/जांजगीरचांपा/कोरबा (छत्तीसगढ़)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासन में छत्तीसगढ़ का बेमेतरा जिला लव जिहाद का केंद्र बन गया है। शाह ने वादा किया कि अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत नहीं करेगा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने बघेल पर दुर्ग संभाग को शिक्षा केंद्र से सट्टेबाजी के केंद्र में बदलने का भी आरोप लगाया। भाजपा ने साजा सीट से ईश्वर साहू को मैदान में उतारा है। ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की इस साल अप्रैल माह में जिले के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक झड़प के दौरान हत्या हो गई थी।



शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, ईश्वर साहू न सिर्फ उम्मीदवार हैं बल्कि वह न्याय की लड़ाई के प्रतीक हैं। भूपेश कक्का के शासन में सांप्रदायिक तत्वों ने साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी। भूपेश कक्का के लोगों ने ईश्वर जी को चेक और नौकरी की पेशकश करते हुए कहा कि वे न्याय न मांगें। लेकिन मैं ईश्वर जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया और न्याय मांगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, भुनेश्वर साहू के लिए न्याय सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। भुनेश्वर साहू के हर हत्यारे को जेल भेजा जाएगा..भूपेश कक्का के सत्ता से बाहर होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

शाह ने मतदाताओं से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनके वोट न केवल राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे बल्कि भुनेश्वर साहू को न्याय भी दिलाएंगे तथा तुष्टिकरण की राजनीति को सबक सिखाएंगे। कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए शाह ने कहा, भूपेश बघेल शासन में बेमेतरा लव जिहाद का केंद्र बन गया। साहू, कुर्मी और गोंड समुदाय इसके (लव जिहाद के) निशाने पर थे और भूपेश बघेल सरकार सोई रही। उन्हें कौन जगाएगा? आप जगाएंगे, आपके वोट जगाएंगे। मैं वादा करता हूं कि आप भाजपा को सत्ता में लाएं, कोई भी ऐसा कृत्य करने की हिम्मत नहीं करेगा।

राज्य में कथित महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री बघेल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, भूपेश कक्का ने दुर्ग संभाग को बर्बाद कर दिया। रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दौरान दुर्ग संभाग शिक्षा का केंद्र बन गया था। भूपेश बघेल ने इसे सट्टा (सट्टेबाजी) का केंद्र बना दिया। उन्होंने कहा, बघेल जी को ऐप का नाम अपने ही नाम पर रखना था। उन्होंने महादेव नाम का प्रयोग क्यों किया? मोदी जी ने चंद्रमा पर चंद्रयान भेजा और भगवान शिव और मां शक्ति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उस स्थान (जहां चंद्रयान उतरा) का नाम शिव शक्ति रखा। लेकिन भूपेश कक्का ने एक सट्टेबाजी ऐप का नाम महादेव के नाम पर रखा और उनका अपमान किया।

शाह ने कहा, अगर गलती से भी भूपेश बघेल दोबारा सत्ता में आ गए तो आप महादेव का नाम नहीं ले पाएंगे क्योंकि बघेल को डर है कि पुलिस आ जाएगी। उन्होंने युवाओं को सट्टेबाजी के कारोबार में धकेलने का पाप किया है। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने बघेल पर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बनाने का आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री प्रीपेड मुख्यमंत्री हैं..यह भूपेश बघेल प्रीपेड मुख्यमंत्री हैं। जितना घूस दोगे उतना ही काम करेंगे वरना नहीं करेंगे। पूरे छत्तीसगढ़ को कलेक्शन सेंटर और एटीएम बनाने का काम या भूपेश कक्का ने किया है। उन्होंने कांग्रेस पर पिछड़ा समाज का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा समाज का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस ने 70 साल में पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। भाजपा ने पहली बार देश को अति पिछड़ा समाज का प्रधानमंत्री देने का काम किया। मोदी जी की मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़ा समाज से हैं। 303 सांसदों में करीब 100 सांसद पिछड़ा समाज से हैं। 1358 विधायकों में 27 परसेंट विधायक पिछड़ा समाज से हैं। राहुल ओबीसी समाज को गाली देने का काम करते हैं।

कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है। उसने ना काका कालेलकर कमीशन का और ना ही मंडल आयोग के रिपोर्ट पर अमल किया। जब मंडल आयोग को जमीन पर उतर गया राजीव गांधी ने विरोध किया था। कांग्रेस पर अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा, कांग्रेस पार्टी 70 साल से राम मंदिर के निर्माण को अटका रही थी। मोदी जी ने इसका भूमि पूजन किया और 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा अयोध्या के मंदिर में होगी। शाह ने कहा, राहुल बाबा ने 2014 से 2019 तक मुझे बहुत परेशान किया। मुझे ताना मारते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। राहुल को मैं तिथि बताने आया हूं। जांजगीरचांपा जिले में एक अन्य सभा को संबोधित करते हुए कहा, चांपा कोसा की नगरी है।

# पीएम मोदी ने रांची में बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर रांची में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी ने ओल्ड सेंट्रल जेल में स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान-सह-स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में बिरसा मुंडा की 25 फुट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुंडा ने नौ जून, 1900 को यहीं पर अंतिम सांस ली थी। बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, भगवान बिरसा मुंडा जी की उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। देशभर के मेरे परिवारजनों को इस विशेष अवसर से जुड़े जनजातीय गौरव दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। संग्रहालय के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद थे। उन्होंने संग्रहालय में देखा कि किस तरह आदिवासियों ने अपनी वीरता और बलिदान के अलावा अपने जंगलों, भूमि अधिकारों और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

बिरसा मुंडा के साथ, संग्रहालय में बुधु भगत, सिद्धू कान्हू, नीलांबर-पीतांबर, दिवा-किसुन, तेलंगा खड़िया, गया मुंडा, जातरा भगत, पोटो एच, भागीरथ मांझी और गंगा नारायण सिंह जैसे आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी प्रदर्शित किया गया है। स्मृति उद्यान निकटवर्ती 25 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है और इसमें एक संगीतमय फव्वारा, बच्चों का पार्क, उद्यान और अन्य मनोरंजन सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। बाद में वह खूंटी जिले में बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु गांव का दौरा करेंगे। कमजोर जनजातीय समूहों के कल्याण के उद्देश्य से 24,000 करोड़ रुपए की परियोजना की शुरुआत करेंगे।

# भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस अब उनके नाम पर वोट मांग रही है : नड्डा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि पार्टी ने भगवान राम को एक काल्पनिक चरित्र बताया था और अब उनके नाम पर वोट मांग रही है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का मतलब घोटाला, गबन, लूट और धोखाधड़ी है। भाजपा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन रायपुर जिले के आरंग निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस समय-समय पर अपना चेहरा बदलती रहती है। आजकल उन्हें भगवान राम का शौक हो गया है। कुछ लोग जनेऊधारी बन गए हैं। उन्हें ए भी नहीं पता कि इसे कैसे पहना जाता है। ए वे लोग हैं जो कहते थे कि वाल्मीकि रामायण में राम काल्पनिक (चरित्र) हैं। संप्रग सरकार के दौरान कांग्रेस पार्टी ने अदालत में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं और उनका कोई वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक आधार नहीं हैं।



उन्होंने कहा, आजकल वे मंदिर-मंदिर भटक रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि यह देश राम भक्तों का है और वोट मांगने के लिए, उन्हें राम का नाम लेना होगा। नड्डा ने कहा, वे नए राम भक्त हैं और उन्हें यह भी नहीं पता कि राम कितने साल, 13 या 14 साल के लिए वनवास गए थे। वे हमसे राम मंदिर (अयोध्या में) निर्माण की तारीख पूछकर ताना मारते थे। अब हम उनसे कहते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे, 22 तारीख को आप भी आएंगे (अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह की तारीख का जिक्र करते हुए)। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, घोटाला, अत्याचार, अधिकार छीनना, लूट और धोखाधड़ी है जबकि भाजपा का मतलब विकास, महिला सशक्तिकरण की सरकार, किसानों का कल्याण और अधिकारों की सुरक्षा है।

संप्रग सरकार के दौरान कथित घोटालों का जिक्र करते हुए नड्डा ने पूछा कि क्या उन्होंने पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, कोयला घोटाला किया है या नहीं, इस पर लोगों ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस ही है जिसने न आकाश को छोड़ा, न समुद्र को, न जमीन को। ऐसा कोई भ्रष्टाचार नहीं है जो उन्होंने नहीं किया हो। भाजपा अध्यक्ष ने महादेव सट्टेबाजी ऐप, शराब, लोक सेवा आयोग, गोबर खरीदी में कथित घोटालों को लेकर भी भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोला।

# तेलंगाना चुनाव : नाम वापस लेने की तारीख समाप्त, चुनाव प्रचार तेज होने के आसार

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की समयसीमा बुधवार को समाप्त हो गई। इसी के साथ चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। पार्टियों के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस और अन्य प्रमुख दलों के कई नेताओं ने आधिकारिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का आधिकारिक टिकट प्राप्त करने में असफल होने के बाद बतौर निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया था।

निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि मैदान में बचे उम्मीदवारों की अंतिम संख्या निर्वाचन क्षेत्रों से जानकारी मिलने के बाद पता चलेगी। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक तेलंगाना में 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता हैं जिनमें पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग बराबर है। सेरिलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक करीब 7.32 लाख मतदाता पंजीकृत है जबकि भद्राचलम निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 1.49 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 2,898 नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि 606 नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया था।

मतदान की तारीख नजदीक आते ही पार्टियों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे बड़े नेताओं के राज्य में आयोजित चुनावी रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राज्य का तूफानी दौरा कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना के साथ चुनाव पूर्व समझौता किया और उसके लिए आठ सीट छोड़ी है। कांग्रेस ने सीट-बंटवारे के समझौते के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को एक सीट दी है। राज्य में सत्तारूढ़ बीआरएस सभी 119 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के साथ नौ सीट पर उसका दोस्ताना मुकाबला है। तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# इंदौर में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान के गवाह बने विदेशी राजनयिक

**इंदौर।** विदेशी राजनयिकों का तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इंदौर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो का गवाह बना। इस प्रतिनिधिमंडल ने सत्तारूढ़ दल के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल किया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पदाधिकारी ने बताया कि ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में द्वितीय सचिव माइकल रीस, तंजानिया उच्चायोग में मंत्री (कॉन्सुलर अफेयर्स) बाजिल एम. ल्याकिनाना और जापानी दूतावास में द्वितीय सचिव मायुमी त्सुबाकिमोतो ने विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के प्रचार अभियान को समझा। जापानी राजनयिक मायुमी त्सुबाकिमोतो ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने मंगलवार शाम इंदौर में प्रधानमंत्री का रोड शो देखा। हमने स्थानीय नेताओं से मिलकर यह भी जाना कि चुनाव प्रचार अभियान के तहत भाजपा किस तरह लोगों के बीच पहुंच रही है।

मायुमी के मुताबिक, उन्होंने देखा कि भारत में चुनाव किसी त्योहार की तरह हैं जिनका लोग जश्न मनाते हैं। भाजपा पदाधिकारी ने बताया कि नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, डेनमार्क और सिंगापुर के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों वाले इसी तरह के प्रतिनिधिमंडल ने क्रमशः नवंबर और दिसंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी के चुनाव अभियान का जायजा लेने के लिए दोनों राज्यों का दौरा किया था। यह कार्यक्रम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा 2021 में पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई "भाजपा को जानो" पहल का हिस्सा है।

# जन स्वास्थ्य और प्रदूषण पर जागरूकता के बीच बड़ा अंतर: रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व पर्यावरण** मंत्री और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के बाहर प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया कि महानगरों से परे जन स्वास्थ्य और प्रदूषण पर जागरूकता के बीच बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने यह भी दावा किया कि साइबेरियाई क्रेन पक्षी सर्दियों के महीनों के दौरान भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आते थे लेकिन अब नहीं आते क्योंकि वे भू-राजनीति के शिकार बन गए हैं।

रमेश ने कहा कि 7,000 एकड़ से अधिक का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान सर्दियों के दौरान विदेशी सहित 350 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का स्वागत करता है और यह सब कुछ दो व्यक्तियों - सालिम अली और इंदिरा गांधी के कारण संभव हो पाया जैसा कि मैंने अपनी पुस्तक इंदिरा गांधी : ए लाइफ इन नेचर में विस्तार से वर्णित किया है। उन्होंने कहा, यहां कुछ मिनट बिताना भी स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव देने वाला होता है। लेकिन इस बार उत्तर भारत के अन्य हिस्सों से भरतपुर तक पहुंचने वाले वायु प्रदूषण ने इसे प्रभावित किया है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पीएम 2.5 का स्तर 350 से अधिक होने के साथ आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय लोगों को प्रदूषण की सीमा का अहसास नहीं हुआ। यह बड़े महानगरों से परे जन स्वास्थ्य और प्रदूषण पर जागरूकता में भारी अंतर को दर्शाता है। उत्तर भारत में किसानों द्वारा पराली जलाने सहित कई कारकों के कारण दिल्ली और आसपास के इलाके पिछले कुछ दिनों से भारी प्रदूषण की चपेट में हैं।

# जनता दल (सेक्यूलर) का भाजपा में विलय होना भी आश्चर्य की बात नहीं होगी: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि अगर आने वाले दिनों में जनता दल (सेक्यूलर) का भाजपा में विलय भी हो जाता है तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। भाजपा के साथ गठबंधन के बाद पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी को सांप्रदायिक बताते हुए उन्होंने जनता दल (सेक्यूलर) से उसके नाम से सेक्यूलर (धर्मनिरपेक्ष) शब्द हटाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले दिनों में देश में राजनीतिक ध्रुवीकरण और वोटों का ध्रुवीकरण होगा, जिसमें एक तरफ सांप्रदायिक ताकतें और दूसरी तरफ धर्मनिरपेक्ष ताकतें होंगी। भाजपा कभी भी हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र बनाने की अपनी योजना को नहीं छोड़ेगी। देवेगौड़ा और परिवार उनसे जुड़ गया है।

यहां पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जद (एस) कोई राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह देवेगौड़ा और परिवार की पार्टी है। उन्होंने कहा, "यह एक परिवार की पार्टी है। सिद्धरमैया ने कहा, अगर कल जद (एस) का भाजपा में विलय हो जाए तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी....मुझे लगता है कि जब तक देवेगौड़ा रहेंगे तब तक यह एक अलग राजनीतिक दल के रूप में रहेगा और राजनीतिक कारणों से विलय नहीं होगा, लेकिन उसके बाद इसका विलय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दिनों भाजपा से ज्यादा जद (एस) नेता कुमारस्वामी कांग्रेस सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री तुमकुरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व जद (एस) विधायक गौरी शंकर और दशरहल्ली के पूर्व विधायक आर. मंजूनाथ को कांग्रेस में शामिल करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में जद (एस) से और भी लोग कांग्रेस में शामिल होंगे और यदि वह आज उनके नामों का खुलासा करते हैं, तो उन पर जद (एस) नेतृत्व दबाव डाल सकता है। सिद्धरमैया ने कहा, जद(एस) विधायकों को हासन के एक रिसॉर्ट में रखा गया था और उन्हें कुछ चीजें करने के लिए मजबूर किया गया था। वे काला जादू भी कर सकते हैं...किसी को भी ऐसी चीजों से डरना नहीं चाहिए।

सिद्धरमैया ने कहा कि कुमारस्वामी उनसे ईर्ष्या करते हैं और इसलिए उनके बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, "मैंने कर्नाटक के चमड़ा उद्योग विकास निगम लिमिटेड (एलआईडीकेएआर) से दो कुर्सियां लीं, जिसके लिए पैसा सरकार ने चुकाया। कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि कोई इसे मेरे लिए दो करोड़ रुपए देकर लाया था। क्या दो कुर्सियों की कीमत दो करोड़ रुपए होगी? सिर्फ झूठ...। उन्होंने आरोप लगाया, कुमारस्वामी सौ में से 99.99999 प्रतिशत झूठ बोलते हैं।

# केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**रूद्रप्रयाग/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालई धामों केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बुधवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि- विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय स्वर लहरियों के बीच केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिए बंद किए गए। कपाट बंद होने के मौके पर कड़ाके की ठंड के बावजूद ढाई हजार से अधिक तीर्थयात्री भगवान के दर्शनों के लिए केदारनाथ में मौजूद थे और जय केदार , बम बम भोले और ऊं नमः शिवाय का उदघोष कर रहे थे।।

इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया था। पिछले दिनों हुई बर्फबारी के चलते केदारनाथ पुरी और आसपास का इलाका ताजे बर्फ से ढका है और ठंडी हवाएं चलने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इस अवसर पर भारतीय सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस तथा दानदाताओं ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे भी आयोजित किए।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस साल साढ़े उन्नीस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। कपाट बंद होने के बाद अब श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा उनके शीतकालीन प्रवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में कर सकेंगे। गढ़वाल हिमालय के चार धामों में शामिल एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट भी बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद अपराहन 11:57 पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। अब सर्दियों के दौरान छह माह तक मां यमुना के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास स्थल खुशीमठ (खरसाली) गांव में होंगे। गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट के पर्व पर बंद हुए थे जबकि बदरीनाथ मंदिर के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे।

# अजमल पर पारंपरिक अंगवस्त्र का अपमान करने का आरोप

**मोरीगांव (असम)।** असम में विपक्षी दल एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल पर पारंपरिक वैष्णव अंगवस्त्र चेलेंग का अपमान करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने कहा कि असम सत्र महासभा ने मंगलवार को मोरीगांव जिले के लाहौरीघाट में एक बैठक के दौरान भेंट किए गए चेलेंग को अपने कंधे से फेंकने के आरोप में धुबरी सांसद के खिलाफ मोरीगांव पुलिस थाने में शिकायत दी है। यह मामला तब सामने आया, जब कई टीवी चैनल ने इस बैठक का कथित वीडियो प्रसारित किया। हालांकि, अजमल ने दावा किया कि वह मंच के नीचे बैठे लोगों को अंगवस्त्र दे रहे थे। अजमल ने आरोप लगाया कि जो लोग राज्य में समस्याएं पैदा करना चाहते हैं, उनके द्वारा ए विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वहां मंच के नीचे लोग बैठे थे और उन्होंने मुझसे चेलेंग मांगा। इसलिए, मैंने इसे उन्हें दे दिया।

# भाई फोंटा के लिए सीएम आवास पहुंचे सोवन चटर्जी व तृणमूल कांग्रेस के मंत्री

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में दो साल तक रहने के बाद पार्टी का दामन छोड़ चुके तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता सोवन चटर्जी बुधवार को भाई फोंटा के मौके पर यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पहुंचे। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के साथ मतभेदों के बाद 2019 में भाजपा में शामिल होने वाले चटर्जी करीबी मित्र बैशाखी बंदोपाध्याय के साथ शहर के कालीघाट इलाके में मुख्यमंत्री के आवास पर गए।

सोवन चटर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के बाद भाजपा का साथ छोड़ दिया था। तब से कोलकाता के पूर्व महापौर तृणमूल कांग्रेस के करीब आने की कोशिश कर रहे हैं और पिछले साल मुख्यमंत्री से मिलने के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना भी गए थे। चार बार के पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री के घर के बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों से कहा, मैं ममता दी को 1979 से, पिछले चार दशकों से जानता हूं। हम दोनों के बीच बड़ी बहन और छोटे भाई का नाता है और इस बंधन को कोई नहीं तोड़ सकता।

भाई फोंटा या भाई दूज भाइयों और बहनों के बीच स्नेह के प्रतीक का त्योहार है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक, चटर्जी पार्टी नेतृत्व को संदेश भेज रहे हैं और अपनी पूर्व पार्टी में लौटना चाहते हैं। इससे पहले, 2019 में भी भाजपा में शामिल होने के ठीक दो महीने बाद, वह भाई फोंटा के अवसर पर बनर्जी के आवास गए थे। ऐसा माना जाता है कि ममता बनर्जी ने चटर्जी के राजनीतिक करियर को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसकी शुरुआत उनकी तरह तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष पर पहुंचने से पहले युवा कांग्रेस में हुई थी। ममता बनर्जी ने उनके निजी जीवन में समस्याओं के बाद नवंबर 2018 में चटर्जी को मंत्री और कोलकाता के महापौर दोनों पदों से इस्तीफा देने के लिए कहा था।

चटर्जी के अलावा, तृणमूल कांग्रेस के कई शीर्ष नेता और मंत्री भी भाई फोंटा के अवसर पर बनर्जी के आवास पर पहुंचे। तृणमूल कांग्रेस के मंत्री अरूप बिस्वास ने मुख्यमंत्री आवास से बाहर आने के बाद कहा, मेरा भाई फोंटा हर साल दीदी के घर से शुरू होता है और इस साल भी मेरे कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं रहा। नेताओं ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर त्योहार में भाग लिया और उन्होंने भाई-फोंटा समारोह में भाग लिया। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यालय में भाई फोंटा समारोह में भाग लिया।

# राजस्थान : करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत कुन्नर का दिल्ली में निधन

जयपुर। राजस्थान के गंगानगर जिले के करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का दिल्ली स्थित अखिल भारतीय चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज के दौरान निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, कुन्नर (75) को एम्स के जेरिएट्रिक मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल के प्रमाण पत्र के मुताबिक, कुन्नर का निधन सेप्टिक शॉक और गुर्दे की बीमारी के कारण हुआ। वह उच्च रक्तचाप से भी पीड़ित थे। उन्हें 12 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुन्नर राजस्थान की करणपुर सीट से कांग्रेस विधायक थे। पार्टी ने इस विधानसभा चुनाव में भी उन्हें उम्मीदवार बनाया था। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुन्नर के निधन पर शोक जताते हुए इसे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, करणपुर से विधायक एवं पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन की सूचना से मुझे बेहद दुख हुआ है। कुन्नर लंबे समय तक, अस्वस्थ होते हुए भी अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। कुन्नर साहब का निधन कांग्रेस पार्टी एवं राजस्थान की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

# कृषि मंत्री के बेटे के कथित वीडियो जारी करने के पीछे कांग्रेस की साजिश : विजयवर्गीय

इंदौर (मध्यप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के कथित वीडियो कांग्रेस के षड्यंत्र के तहत जारी किए गए हैं।

विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस के ऐसे कथित हथकंडों से सूबे में 17 नवंबर (शुक्रवार) को होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और खुद तोमर भी "आराम से" चुनाव जीतेंगे। सिलसिलेवार तौर पर सामने आए कथित वीडियो को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि इनमें तोमर का बेटा करोड़ों रुपए के वित्तीय लेन-देन को लेकर एक व्यक्ति से चर्चा कर रहा है।

कांग्रेस ने मांग की है कि सरकारी एजेंसियों को इस मामले की जांच करनी चाहिए। तोमर के बेटे के कथित वीडियो के बारे में पूछे जाने पर विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, यह वीडियो कनाडा से जारी हुआ जहां भारत के विरोध में सबसे ज्यादा नारे लगते हैं। यह कांग्रेस का षड्यंत्र है जिसके जरिए वह ऐन चुनावों के वक्त भाजपा को बदनाम करना चाहती है और व्यक्तिगत चरित्र हनन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि विस्तृत छानबीन पर कथित वीडियो के पीछे कांग्रेस की साजिश पूरी तरह बेनकाब हो जाएगी। भाजपा महासचिव ने कहा कि तोमर पार्षद पद से शुरुआत करके केंद्रीय मंत्री के ओहदे तक पहुंचे हैं और उनका राजनीतिक जीवन "बड़ा पारदर्शी" रहा है। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस की "नकारात्मक राजनीति" के परिचायक कथित वीडियो से भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतरे तोमर भी आराम से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने दावा किया कि 230 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा दो तिहाई बहुमत हासिल करके सूबे की सत्ता में बरकरार रहेगी।

# वीडियो में सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे प्रशंसक को थप्पड़ मारते दिखे नाना पाटेकर

मुंबई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है, जिसमें अभिनेता नाना पाटेकर सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्मकार अनिल शर्मा का कहना है कि यह उनकी आगामी फिन्म जर्नी की शूटिंग का हिस्सा था। यह वीडियो वाराणसी का बताया जा रहा है, जहां 72 वर्षीय पाटेकर निर्देशक अनिल शर्मा और उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म जर्नी की शूटिंग कर रहे हैं। दस सेकेंड के इस वीडियो में सूट और हैट पहने पाटेकर एक दृश्य के फिल्मांकन के लिए तैयार दिख रहे हैं, तभी एक प्रशंसक उनके पास आता है और साथ में सेल्फी खींचने की कोशिश करता है।वीडियो में प्रशंसक की इस हरकत से गुस्साए पाटेकर उसके सिर के पीछे चपत लगाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद पाटेकर के पास खड़ा एक व्यक्ति उस युवक की गर्दन पकड़कर उसे दूर ले जाता दिखाई दे रहा है। प्रशंसक को मारने के लिए पाटेकर की सोशल मीडिया पर खूब आलोचना हो रही है। शर्मा ने हालांकि कहा कि किसी ने जर्नी फिल्म के दृश्य का एक हिस्सा बिना संदर्भ दिए साझा कर दिया है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, उन्होंने (पाटेकर ने) किसी को थप्पड़ नहीं मारा, यह हमारी फिल्म का दृश्य है। लोगों को बिना कारण समस्या खड़ी करनी होती है...हम इस समय जर्नी फिल्म की शूटिंग बनारस में कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा, फिल्म में पाटेकर डिमेंशिया के मरीज का किरदार निभा रहे हैं। वह मानसिक रूप से परेशान हैं और व्यक्ति उनकी तस्वीर लेने आता है।

# रोहित विश्वकप के नए सिक्सर किंग



**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमी फाइनल में बुधवार को यहां अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान विश्व कप में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए।

रोहित ने अपनी 47 रन की पारी के दौरान चार छक्के लगाए, जिससे विश्व कप में उनके कुल छक्कों की संख्या 51 हो गई। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने हर चार साल में होने वाले इस टूर्नामेंट में 49 छक्के लगाए थे। यही नहीं रोहित मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक 28 छक्के लगा चुके हैं और किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब उनके नाम पर दर्ज हो गया है। इस मामले में भी उन्होंने गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2015 में खेले गए विश्व कप में 26 छक्के लगाए थे। इस बीच विराट कोहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13704 रन) को पीछे छोड़ा। कोहली से अधिक रन अब सचिन तेंदुलकर (18426) और कुमार संगकारा (14234) के नाम पर दर्ज हैं।

## स्कोर बोर्ड

**भारत पारीः** रोहित शर्मा का विलियमसन बो साउदी 49, शुभमन गिल नाबाद 80, विराट कोहली का कोन्वे बो साउदी 117, श्रेयस अय्यर का मिशेल बो बोल्ट 105, लोकेश राहुल नाबाद 39, सूर्यकुमार यादव का फिलिप्स बो साउदी 01, अतिरिक्त : (बाईः 01 , लेग बाईः 01, वाइडः 06), कुल योगः (50 ओवर में चार विकेट पर) 397, विकेट पतनः I-71, I-164 (गिल, रिटायर हर्ट), 2-327, 3-381, 4-382, गेंदबाजीः बोल्ट 10-0-86-I, साउदी 10-0-100-3, सेंटनेर 10-I-51-0, फर्ग्यूसन 8-0-65-0, रविंद्र 7-0-60-0, फिलिप्स 5-0-33-0

**न्यूजीलैंड पारीः** डेवोन कोन्वे का राहुल बो शमी 13, रचिन रविंद्र का राहुल बो शमी 13, केन विलियमसन का सूर्यकुमार बो शमी 69, डेरिल मिचेल का जडेजा बो शमी 134, टॉम लैथम पगबाधा शमी 00 ग्लेन फिलिप्स का जडेजा बो बुमराह 41 मार्क चैप्मैन का रोहित बो कुलदीप 02 मिशेल सेंटनेर का रोहित बो सिराज 08 टिम साउदी का राहुल बो शमी 09 ट्रेंट बोल्ट नाबाद 00 लॉकी फर्ग्यूसन का राहुल बो शमी 06 अतिरिक्तः (बाईः 05 , लेगबाईः 05 , नोबॉलः01 , वाइडः 19) 30 कुल योगः (48.5 ओवर मे सभी आउट) 327 रन विकेट पतनः I-30, 2-39, 3-220, 4-220, 5-295, 6-298, 7-306, 8-319, 9-321 गेंदबाजीः बुमराह 10-0-64-I सिराज 9-0-78-I शमी 9.5-0-57-7 जडेजा 10-0-63-0 कुलदीप 10-0-55-I

# यह सपनों की तरह, कोहली ने 50 वें वनडे शतक पर कहा

**भाषा।** मुंबई

**विराट** कोहली ने जब क्रिकेट के मैदान में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया तो उनके नायक ने तालियां बजाईं, उनकी पत्नी ने फ्लाईंग किस दिए और फुटबॉल के एक पूर्व दिग्गज ने दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में हतप्रभ होकर इस नजारे का लुत्फ उठाया। विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली ने एक बार फिर बड़े मैचों में अपनी काबिलियत का लोहा मनाने के हुए बुधवार को यहां एकदिवसीय क्रिकेट में अपना 50वां शतक पूरा किया।

कोहली का हौसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम में तेंदुलकर, कोहली की अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा और फुटबॉल के दिग्गज डेविड बेकहम मौजूद थे। कोहली ने 113 गेंद में 117 रन बनाए। उन्होंने भारतीय पारी के बाद प्रसारकों से कहा, अच्छा, मैं महसूस कर रहा हूं... (थोड़ा विराम लेने के बाद), उस महान व्यक्ति (तेंदुलकर) ने मुझे बधाई दी। मेरे लिए यह सब एक सपने जैसा लगता है, यह असली है। यह सच होना बहुत शानदार है। उन्होंने कहा, मुझे कभी नहीं लगा कि मैं अपने करियर में इस मुकाम तक पहुंच पाउंगा। यह सेमीफाइनल है, बस खुशी है कि सब कुछ एक साथ हुआ। इस मुकाम पर पहुंचने के बाद, कोहली ने छलांग लगाते हुए अपने हाथों को हवा में उठाया और भी दर्शक दीर्धा की ओर देखते हुए मैदान पर घुटने के बल बैठ गए। उन्होंने सिर झुकाकर तेंदुलकर और प्रशंसकों का अभिवादन किया।

उन्होंने कहा, यह सपनें जैसी बात है, अनुष्का (शर्मा) वहां थीं, सचिन पाजी वहां स्टैंड में थे। मेरी जीवन साथी, मेरा हीरो वह वहां बैठे हैं। और वानखेड़े में ए सभी प्रशंसक।

उन्होंने कहा, मेरे लिए इसे समझना बहुत मुश्किल है, लेकिन अगर मैं एक आदर्श तस्वीर बना सकूं तो मैं चाहूंगा कि वह यही तस्वीर हो।

अपनी पारी के दौरान, कोहली विश्व कप के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने तेंदुलकर के 2003 सत्र में



बनाए गए 673 रनों को पीछे छोड़ दिया। कोहली इस विश्व कप में तीन शतक और पांच अर्धशतक की मदद से अब तक 711 रन बना चुके है।

उन्होंने कहा, "मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात अपनी टीम को जीत दिलाना है। मुझे इस टूर्नामेंट में एक भूमिका दी गई है और मैं आखिरी ओवरों तक खेलने की कोशिश करता हूं। मैंने भूमिका निभाई ताकि दूसरे खिलाड़ी खुल कर खेल सके।

उन्होंने कहा, मैं निरंतर अच्छा प्रदर्शन इस लिए कर पा रहा हूं क्योंकि मैं परिस्थितियों के मुताबिक और टीम के लिए खेलता हूं।

रोहित शर्मा (29 गेंदों पर 47 रन) और शुभमन गिल (66 गेंदों पर नाबाद 80 रन) की आक्रामक शुरुआत के बाद, कोहली और श्रेयस अय्यर (70 गेंदों पर 105 रन) ने गति को बनाए रखा। इसके बाद लोकेश राहुल (20 गेंदों पर 39 रन) ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे भारतीय टीम चार विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही। कोहली ने कहा, बड़े मैच में आप 330 से अधिक बनाकर खुश होते है, ऐसे में 400 रन के करीब पहुंचना शानदार है। उन्होंने कहा, इसका बहुत सारा श्रेय (श्रेयस) अय्यर को जाता है, जिस तरह से रोहित (शर्मा) और शुभमन (गिल) ने शुरुआत दिलाई और केएल (राहुल) ने आखिरी ओवरों में तेजी से बल्लेबाजी की।

यह एक आदर्श बल्लेबाजी प्रदर्शन है लेकिन हमें अभी भी वहां जाना है और गेंद के साथ पेशेवर प्रदर्शन करना है।

# कोहली का करियर अभी खत्म नही हुआः सौरव गांगुली

**भाषा।** कोलकाता



**विराट** कोहली की 50वीं शतकीय पारी के बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यह खिलाड़ी अपने करियर में अभी कई और उपलब्धि हासिल करेगा।

कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान अपना 50वां वनडे शतक बनाया और अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर से एक शतक आगे निकल गए। कोहली ने यहां ईडन गार्डन्स में पत्रकारों से कहा, कोहली की उपलब्धि तक पहुंचने के लिए काफी जतन करने होंगे। उनका करियर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह कमाल की उपलब्धि है।

गांगुली ने इस मौके पर आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए भारतीय टीम की तारीफ की।

उन्होंने कहा, भारत इस समय अविश्वसनीय क्रिकेट खेल रहा है। चाहे वो रोहित शर्मा हों, शुभमन गिल हों, श्रेयस अय्यर हों या फिर गेंदबाज। यह एक संपूर्ण टीम है, इस टीम में जबरदस्त प्रतिभा है। लेकिन हमें एक समय में एक मैच के बारे में सोचने की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रमुख ने कहा कि वानखेड़े मैदान की पिच में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, जिस पिच पर वे खेल रहे है वह अच्छी पिच दिख रही है। यह दोनों टीमों के लिए समान है। वानखेड़े की पिच में कुछ भी गलत नहीं है।

# युवा लड़के को विराट खिलाड़ी बनते देखकर खुश हूं : सचिन

**भाषा।** मुंबई



**विराट** कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को अपने 50वें शतक के साथ सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिसके बाद मास्टर ब्लास्टर ने अपने बधाई संदेश में भारतीय ड्रेसिंग रूम में दिल्ली के इस खिलाड़ी से पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने वनडे में 49 शतकों का रिकॉर्ड बनाया था।

तेंदुलकर ने बताया कि कोहली जब भारतीय टीम में आए थे तब टीम के साथी खिलाड़ियों ने मजाकिया अंदाज में इस खिलाड़ी को तेंदुलकर के पैर छूने के लिए मजबूर किया था।

तेंदुलकर ने कोहली की इस उपलब्धि के बाद एक्स पर लिखा, जब मैं पहली बार आपसे भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला था, तब टीम के अन्य साथियों ने मजाक करते हुए आपसे मेरे पैर स्पर्श करवाए थे। मैं उस दिन अपनी हंसी नहीं रोक सका था। जल्द ही, आपने अपने जुनून और कौशल से मेरे दिल को छू लिया। मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का एक विराट खिलाड़ी बन गया है।

उन्होंने लिखा, मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। और इसे सबसे बड़े मंच (विश्व कप सेमीफाइनल में) और अपने घरेलू मैदान पर हासिल करना सोने पर सुहागा है।

इससे पहले कोहली ने पांच नवंबर को जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वां शतक लगाकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी तब इस महान बल्लेबाज ने उम्मीद जताई थी कि वह अपना 50वां शतक जल्द पूरा करेंगे।

तेंदुलकर ने तब एक्स पर लिखा था, शानदार खेल दिखाया विराट। इसी साल की शुरुआत में मुझे 49 से 50 (वर्ष) का होने में 365 दिन लगे। उम्मीद करता हूं कि आप 49 से 50 (शतक) तक पहुंचोगे और अगले कुछ दिनों में मेरा रिकॉर्ड तोड़ोगे। बधाई हो। कोहली ने कहा कि तेंदुलकर से आगे निकलना उनके लिए सपना सच होने जैसा था। उन्होंने भारतीय पारी के बाद आधिकारिक प्रसारकों से कहा, एक बार फिर महान व्यक्ति ने मुझे बधाई दी। यह एक सपने जैसा लगता है। यह सपनों की बात है।

उन्होंने कहा, सचिन पाजी वहां स्टैंड्स (दर्शक दीर्धा) में थे। मेरे लिए इसे शब्दों में व्यक्त करना बहुत मुश्किल है। मेरी जीवन साथी (अनुष्का), मेरे नायक (तेंदुलकर) के साथ वानखेड़े में ए सभी प्रशंसक भी मौजूद हैं।

# घरेलू सितारे सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले जोकोविच को हराया

**तूरिन।** इटली के यानिक सिनेर ने एटीपी फाइनल्स में शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच को पहली बार हराकर अपने घरेलू दर्शकों को उत्साह से भर दिया। सिनेर ने तीन घंटे तक चले मैच में 7 . 5, 6 . 7, 7 . 6 से जीत दर्ज की। बाईस वर्ष के सिनेर की



जोकोविच पर चार मैचों में यह पहली जीत है। इसके साथ ही जोकोविच का 19 मैच का विजय अभियान भी खत्म हो गया। सिनेर ने रविवार को पहले मैच में स्टेफानोस सिटसिपास को हराया था। अब उनका सामना होल्गर रूने से होगा जिन्हें पहले मैच में जोकोविच ने मात दी थी।

# कोहली के शतक पर बैकहम ने कहा, मैं पहली बार लेकिन सही समय पर भारत आया

**भाषा।** मुंबई



**डेविड** बैकहम का फुटबॉल में जो स्थान है वही स्थान विराट कोहली का क्रिकेट में है और इंग्लैंड के फुटबॉल स्टार को इस बात की खुशी है कि उन्होंने भारत के स्टार क्रिकेटर को एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए देखा।

कोहली ने जब बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 50वां शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा तो बैकहम भी वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे। कोहली की इस शानदार पारी को करीब से देखने वाले बैकहम ने कहा कि उन्हें इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने पर खुशी है। बैकहम ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, इस स्टेडियम में मौजूद होना और एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनना वास्तव में बेहद खुशी की बात है। आप जानते हैं कि मैंने आज सचिन (तेंदुलकर) के साथ कुछ समय बिताया और मैं जानता हूं कि उन्होंने इस स्टेडियम में क्या उपलब्धियां हासिल की हैं। मैं जानता हूं कि उन्होंने अपने देश के लिए और इस खेल में क्या उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, लेकिन आज विराट को बल्लेबाजी करते हुए देखना वास्तव में अविश्वसनीय रहा। आप स्टेडियम का माहौल देख सकते हैं। मैं पहली बार भारत आया हूं लेकिन सही समय पर यहां आया हूं। बैकहम यूनिसेफ के सद्भावना दूत के रूप में पहली बार भारत के दौरे पर आए हैं।

# प्रणय जापान मास्टर्स के दूसरे दौर में, लक्ष्य सेन बाहर

**भाषा।** कुमामोतो

**पीठ** की चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को यहां तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन शुरू में ही बाहर हो गए।

पीठ दर्द के बावजूद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने इस सुपर 500 प्रतियोगिता के पहले दौर में हांगकांग के ली चेउक यियू को 64 मिनट में 22-20, 19-21, 21-17 से पराजित किया। प्रणय ने अच्छी शुरुआत करके पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 से बढ़त बना रखी थी लेकिन ली ने अच्छी वापसी की और स्कोर 14-14 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने आखिर में करीबी अंतर से यह गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी प्रणय ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वह 14-8 से आगे थे लेकिन हांगकांग के खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 17-17 से बराबर किया और फिर दूसरा गेम जीत कर मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींच दिया।

प्रणय तीसरे गेम में एक समय



5-8 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करके 13-11 से बढ़त बनाई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस प्रतियोगिता में भारत की एकमात्र चुनौती अब प्रणय के रूप में बची है क्योंकि कनाडा ओपन के विजेता लक्ष्य सेन और ऑरलियन्स मास्टर के विजेता प्रियांशु राजावत पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे। सेन को जापान के कोडाई नाराओका से 17-21, 10-21 से जबकि राजावत चीनी ताइपे के लिन चुन-ई से 15-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को अपना शुरुआती दौर का मैच हार गई थी।

# बाबर आजम ने सभी प्रारूपों में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ी

**भाषा।** कराची



**पाकिस्तान** के विश्व कप से बाहर होने के चार दिन बाद बाबर आजम ने बुधवार को सभी प्रारूपों के कप्तान पद से त्यागपत्र दे दिया।

पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व कप के नौ मैच में से पांच मैच गंवाए थे और आखिर में वह पांचवें स्थान पर रहा था। उसे अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद बाबर को कप्तान पद से हटाने की मांग की जा रही थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें टीम के प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। बाबर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा की।

उन्होंने एक्स पर लिखा, आज मैं सभी प्रारूपों से पाकिस्तान के कप्तान का पद छोड़ रहा हूं। यह मुश्किल फैसला है लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है।

बाबर की टीम चयन को लेकर कड़ी आलोचना होती रही। उन पर अपने पसंदीदा क्रिकेटरों का गुट बनाने का आरोप भी लगा।

बाबर ने स्पष्ट किया कि वह नए कप्तान का हर तरह से समर्थन करेंगे।

उन्होंने कहा, मैं तीनों प्रारूप में एक खिलाड़ी के रूप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। मैं अपने अनुभव और समर्पण से नए कप्तान और टीम का समर्थन करता रहूंगा। मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने और मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का आभार व्यक्त करता हूं। बाबर को 2019 में पाकिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया था।

# पिच सलाहकार के बदलाव के बारे में अवगत कराया गयाः आईसीसी

**भाषा।** मुंबई

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल से पहले पिच विवाद पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि स्वतंत्र पिच सलाहकार को विश्वास में लेकर इस कदम को उठाया गया है। मुंबई के वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल से कुछ घंटे पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई कि भारतीय क्रिकेट टीम प्रबंधन ने मुकाबले के लिए स्पिनरों की मददगार पिच की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार पहले सेमीफाइनल के लिए नई पिच की योजना बनाई गई थी, लेकिन घरेलू टीम के स्पिनरों की सहायता के लिए अब इस मैच को इस्तेमाल की गई पिच पर खेला जाएगा। आईसीसी ने कहा कि पिच बदलने का निर्णय इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, इतने लंबे समय तक चलने वाले टूर्नामेंट के आखिर में पिच में बदलाव होना आम प्रक्रिया है। ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, "यह बदलाव हमारे मेजबान के साथ आयोजन स्थल क्यूरेटर की सिफारिश पर किया गया है। आईसीसी ने यह भी कहा कि उसके स्वतंत्र पिच सलाहकार एटकिंसन को बदलाव की जानकारी थी। आईसीसी ने कहा, आईसीसी के स्वतंत्र पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में अवगत करा दिया गया था और उनके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी।

विश्व कप के लिए आईसीसी की खेल नियमों के अनुसार, मेजबान संघ पिच के चयन और तैयारी के लिए जिम्मेदार है और यह जरूरी नहीं है कि नॉकआउट मैच को नई पिचों पर खेला जाए। पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया में एकमात्र शर्त यह है, यह उम्मीद की जाती है कि जिन स्थानों को मैच की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उस मैच के लिए सर्वोत्तम संभव पिच और आउटफील्ड पेश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से कोलकाता में जब इस बारे में पुछा गया तो उन्होंने ने भी इसे ज्यादा तवज्जों नहीं दी।

कमिंस ने गुरुवार को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले सेमीफाइनल से पहले कहा, हां, मैंने वह (रिपोर्ट) देखी है। जाहिर तौर पर आईसीसी के पास एक स्वतंत्र पिच क्यूरेटर है जो इसका प्रबंधन करता है, इसलिए मुझे यकीन है कि वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह दोनों टीमों के लिए समान और उचित हो।

# दूसरे सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से

**भाषा।** कोलकाता

**एजबस्टन** में लांस क्लूसनर और आकलैंड में एबी डिविलियर्स का निराशा में डूबा चेहरा शायद हर क्रिकेटप्रेमी को याद होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम बृहस्पतिवार को पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के सामने विश्व कप के सेमीफाइनल में उतरेगी तो उसका इरादा अतीत में अंतिम चार मुकाबलों में हार के बाद की इन कड़वी यादों और अपने पर लगे चोकर्स (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) के ठप्पे को मिटाने का होगा।

दक्षिण अफ्रीका के हर प्रशंसक को चोकर्स शब्द से नफरत है और बड़े मुकाबले जीतने की आदी आस्ट्रेलिया टीम एक बार फिर उसके जख्मों पर नमक छिड़कना चाहेगी। पचास ओवरों के विश्व कप में आस्ट्रेलिया का सिक्का चलता है जिसने अब तक 12 में से पांच खिताब जीतेग हैं। इनमें से चार पिछले छह सत्र में मिले हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका नौ में से चार बार सेमीफाइनल में पहुंचकर हारा है। इंग्लैंड के खिलाफ 1992 में उसके पदार्पण विश्व कप में बारिश के नियमों से गणना में गड़बड़ी के कारण उसे सेमीफाइनल गंवाना पड़ा। वहीं 1999 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला टाई रहने के बाद खराब रनरेट के कारण उसे बाहर होना पड़ा।

वर्ष 2015 में ग्रांट एलियोट ने अपने कैरियर की इकलौती यादगार पारी ईडन पार्क पर खेली।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने कहा , हमें पता है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम पर यह ठप्पा लगा है और हमें उससे उबरना है। उन्होंने कहा , जब तक हम ट्रॉफी जीत नहीं लेते, यह ठप्पा हमेशा रहेगा। अभी तक हालांकि मैने अभ्यास में यह शब्द सुना नहीं है। भारत के खिलाफ पांच नवंबर को इसी मैदान पर लीग मैच में 83 रन पर आउट होने और नीदरलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार के अलावा



दक्षिण अफ्रीका ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजों ने शतक जमाए हैं। विकेटकीपर क्विंटोन डिकॉक अब तक 591 रन बना चुके हैं।

रासी वान डेर डुसेन ने तीसरे नंबर पर 55 . 25 की औसत से रन बनाए हैं। स्पिनरों की मददगार पिच पर हेनरिच क्लासेन काफी प्रभावी रहे हैं जबकि एडेन मार्कराम ने अच्छे फिनिशर की भूमिका निभाई है। दक्षिण अफ्रीका ने छह बार 300 से अधिक रन बनाए हैं और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 428 रन बनाए थे। डेविड मिलर को अभी तक ज्यादा मौके नहीं मिल सके हैं और उन्हें बड़ी पारी खेलनी है। बल्लेबाजी में बावुमा कमजोर कड़ी साबित हुए हैं जिन्होंने सात पारियों में सिर्फ 145 रन बनाए हैं। इसके अलावा वह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से भी जूझ रहे हैं। वह अगर फिट नहीं होते हैं तो रीजा हेंड्रिक्स उनकी जगह खेलेंगे। इस बार दक्षिण अफ्रीका के पास मार्को जेनसन जैसे बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है जिसने 17 विकेट ले लिए हैं। वह लुंगी एंगिडि के साथ नई गेंद संभालेंगे। बीच के ओवरों में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की स्पिन काफी प्रभावी रही है। आस्ट्रेलिया ने लीग चरण में भारत और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद लगातार सात मैच जीते और सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सात विकेट 91 रन पर गिरने के बाद ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद 201 रन बनाकर अकेले दम पर टीम के जीत दिलाई। वह आखिरी ग्रुप मैच चोट के कारण नहीं खेल सके लेकिन मार्कस स्टोइनिस की जगह अब वापसी करेंगे। पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ लगातार शतक जमाने वाले अनुभवी डेविड वॉर्नर भी बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं। ट्रेविस हेड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जमाया था लेकिन उसके बाद से उनका बल्ला खामोश है। मिचेल मार्श अब तक 426 रन बना चुके हैं और मैक्सवेल के साथ उन पर आक्रामक बल्लेबाजी का जिम्मा होगा।

**टीमें : दक्षिण अफ्रीकाः** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स।

**ऑस्ट्रेलियाः** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस सीन एबोट, एशटन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा और मिशेल स्टार्क।

मैच का समय : दोपहर दो बजे से।

# केंद्रीय अनुबंध नही लेंगे वॉर्नर लेकिन 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी तक सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे

**भाषा।** कोलकाता



**सलामी** बल्लेबाज डेविड वॉर्नर आस्ट्रेलिया के लिए सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे लेकिन अगले साल प्रस्ताव मिलने पर केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे।

वॉर्नर पहले ही कह चुके हैं कि अगले साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला उनकी आखिरी टेस्ट श्रृंखला होगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बृहस्पतिवार को तीसरा विश्व कप सेमीफाइनल खेलने जा रहे 37 वर्ष के वॉर्नर ने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप और पाकिस्तान में 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी तक सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहना चाहते हैं।

उन्होंने आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला ब्रैड हॉग, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और पाकिस्तान के शोएब मलिक का उदाहरण दिया जिन्होंने 40 पार के बाद भी खेला है।

उन्होंने यहां आस्ट्रेलियाई मीडिया से कहा , हर कोई यथार्थवादी लक्ष्य बनाना चाहता है। मेरा लक्ष्य टी20 विश्व कप खेलना है और उसके बाद तय करूंगा कि आगे सफेद गेंद का क्रिकेट खेल सकूंगा या नहीं। मैं अभी भी फिट हूं और सहज होकर खेल पा रहा हूं।

वॉर्नर ने कहा , मैं केंद्रीय अनुबंध नहीं लूंगा। आस्ट्रेलिया में पांच टी20 या वनडे या तीन टेस्ट खेलने पर अनुबंध अपग्रेड हो जाता है और आप उससे बंध जाते हैं। अपने कैरियर के इस मुकाम पर जब मेरी कमर में भी हलका सा दर्द रहता है, मैं कोई करार नहीं करना चाहता। इससे दीर्घकाल में प्रायोजन संबंधी कई बाध्यताएं हो जाती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।